हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● मंगलवार ● 21.04.2026 ● वर्ष : 16 ● अंक : 264● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902

## एक नजर

### राष्ट्रपति आज ओडिशा दौरे पर

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मंगलवार को ओडिशा के दौरे पर जाएंगी। अपने एक दिवसीय दौरे के दौरान वह राउरकेला में आयोजित एक सार्वजनिक कार्यक्रम में कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगी। राष्ट्रपति भवन के अनुसार, राष्ट्रपति राउरकेला में एक तारामंडल और विज्ञान केंद्र का उद्घाटन करेंगी। इसके साथ ही वह 'निर्मल मुंडा परिवेश पथ' का भी लोकार्पण करेंगी। दौरे के दौरान राष्ट्रपति राउरकेला में एक जनजातीय संग्रहालय और एकीकृत कमान एवं नियंत्रण केंद्र का भी उद्घाटन करेंगी।

### पचपदरा रिफाइनरी में उद्घाटन से एक दिन पहले लगी आग

**बालोतरा :** राजस्थान के बालोतरा जिले स्थित पचपदरा रिफाइनरी के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रस्तावित उद्घाटन से ठीक एक दिन पहले बड़ा हादसा हो गया। सोमवार को रिफाइनरी की एक यूनिट में अचानक आग लग गई, जिससे पूरे परिसर में अफरातफरी मच गई। आग लगने के बाद आसमान में काले धुएं के गुबार उठते रहे।

# यात्री बस पहाड़ी से लुढ़की, 19 की मौत



एजेंसी

**उधमपुर :** रामनगर के कागोर्त गांव में आज सुबह एक बस के सड़क से फिसल कर खाई में गिरने के कारण कम से कम उन्नीस यात्रियों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद पुलिस, बचाव दल और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और बचाव अभियान शुरू किया। घायलों को इलाज के लिए पास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

उधमपुर-रियासी रेंज के डीआईजी शिव कुमार शर्मा ने बताया कि घटनास्थल पर एक बहुत ही तीखा मोड़ है। संभवतः चालक तीखे मोड़ पर नियंत्रण खो बैठा। वाहन एक मुंडेर से टकराया और खाई में गिर गया। वाहन में अधिक यात्रियों के होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह जांच का विषय है। उन्होंने कहा कि पुलिस, एसडीआरएफ और जिला प्रशासन की टीमें मौके पर मौजूद हैं और बचाव और राहत अभियान चला रही हैं। घायलों को तत्काल चिकित्सा उपचार के लिए जीएमसी उधमपुर ले जाया जा रहा है।

उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने इस घटना पर दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना। ईश्वर उन्हें शक्ति प्रदान करें। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। उन्होंने कहा कि मैंने जिला प्रशासन, पुलिस, एसडीआरएफ और स्वास्थ्य विभाग को प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया है।

### सीएम उमर ने जताया गहरा दुःख

मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने भी गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार इस दुख की घड़ी में पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है और उन्हें हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है।

## तमिलनाडु की पटाखा फैक्ट्री में धमाके से अब तक 23 की मौत

**तमिलनाडु :** तमिलनाडु के विविरुधुनगर जिला में एक पटाखा फैक्ट्री में हुए भीषण विस्फोट ने पूरे इलाके को दहला दिया। इस दर्दनाक हादसे में अब तक 23 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 6 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं।

## झारखंड में बदला स्कूलों का समय आज से लागू होगा नया शेड्यूल



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड में बढ़ती गर्मी और लू के प्रकोप को देखते हुए राज्य सरकार ने स्कूलों के समय में बदलाव करने का निर्णय लिया है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार अब सभी सरकारी और गैर-सरकारी विद्यालयों में कक्षाएं सुबह के समय संचालित की जाएंगी।

आदेश के मुताबिक, केजी से कक्षा 8वीं तक की कक्षाएं सुबह 7:00 बजे से 11:30 बजे तक चलेंगी। वहीं कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए स्कूल का समय सुबह 7:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक निर्धारित किया गया है। सरकारी विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक और गैर-शिक्षक कर्मचारियों का कार्य समय सुबह 7:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक रहेगा। विभाग की ओर से जारी यह आदेश 21 अप्रैल से पूरे राज्य में प्रभावी होगा। इसकी प्रति सभी जिलों को भेज दी गई है, ताकि निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जा सके।

### होर्मुज में अमेरिकी कार्रवाई पर भड़का ईरान : ट्रंप को दी धमकी, कहा–

## अभी तक नहीं सीखा कोई सबक, नहीं होगी बातचीत

एजेंसी

**तेहरान :** पश्चिम एशिया में हालात तेजी से बिगड़ते जा रहे हैं। अमेरिका-ईरान के बीच टकराव खुलकर सामने आ गया है। होर्मुज जलडमरूमध्य में अमेरिकी कार्रवाई के बाद ईरान ने कड़ा रुख अपनाते हुए साफ कर दिया है कि वह फिलहाल शांति वार्ता में शामिल नहीं होगा। ईरान ने सीधे तौर पर राष्ट्रपति ट्रंप पर निशाना साधते हुए कहा है कि वॉशिंगटन ने अपने पिछले अनुभवों से कोई सबक नहीं सीखा है और अब इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि अभी तक अमेरिका के साथ अगले दौर की बातचीत को लेकर कोई फैसला नहीं लिया गया है।

## भारत-कोरिया मिलकर नए अवसरों को साकार करेंगे : प्रधानमंत्री

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** भारत और दक्षिण कोरिया ने अपने व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) को अपग्रेड करने के लिए बातचीत शुरू करने पर सहमति जताई। यह निर्णय वैश्विक स्तर पर बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और व्यापारिक व्यवधानों के बीच दोनों देशों के आर्थिक सहयोग को नई दिशा देने के उद्देश्य से लिया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे-म्युंग के बीच सोमवार को हैदराबाद हाउस में हुई द्विपक्षीय वार्ता के बाद यह घोषणा की गई। इस दौरान दोनों देशों के बीच कई समझौता ज्ञापनों (एमओयू) और अन्य महत्वपूर्ण समझौतों का आदान-प्रदान भी हुआ।

हैदराबाद हाउस में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'चिप्स से लेकर शिप्स, टैलेंट से लेकर टेक्नोलॉजी, एंटरटेनमेंट से लेकर एनर्जी–भारत और कोरिया मिलकर सहयोग के नए अवसरों को साकार करेंगे।' उन्होंने इस यात्रा को द्विपक्षीय संबंधों के लिए 'महत्वपूर्ण मोड़' बताते हुए कहा कि दोनों देश अपनी साझेदारी को एक 'भविष्य उन्मुख' दिशा में ले जा रहे हैं।



## एक नजर

### बिना वैद्य कागजात के खाद्य कारोबार करना दंडिणय अपराध प्रशिक्षण लेना जरूरी

**बरही** : बिना वैद्य कागजात के होटल,रेस्तरां,मिठाई दुकान,ढाबा चलना दंडणिय अपराध है। कोई भी दुकानदार को लाइसेंस लेने के लिए उन्हें प्रशिक्षण लेना जरूरी है। इस सम्बंध में खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने पत्र जारी कर सभी होटल, रेस्तरां, मिठाई दुकान, ढाबा, मीट कारोबारियों को प्रशिक्षण लेने के लिए पत्र जारी किया है। उन्होंने कहा कि सभी खाद्य व्यवसायकत्ताओं को एफएसएस एक्ट की धारा 31 के तहत फूड लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन लेना अनिवार्य है। यदि कोई खाद्य कारोबारी बिना वैद्य लाइसेंस या पंजीकरण के खाद्य व्यवसाय करते हुए पाए गए तो उनके ऊपर एफएसएस एक्ट 2006 की धारा 63 के तहत अधिकतम 10 लाख रूपया तक अर्थदण्ड हो सकता है। साथ ही FSS Act. 2006 की धारा 16 (3) (h) के तहत खाद्य सुरक्षा का प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र FoSTac Training Certificate लेना भी अनिवार्य है।

### भीषण गर्मी को देखते सरकार ने स्कूलों के समय में किया बदलाव, आदेश जारी

**बरही** : झारखंड सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने राज्य में बढ़ते गर्मी के प्रभाव को देखते हुए राज्य में संचालित सभी कोटि के सरकारी, गैर सरकारी सहायता प्राप्त सहायता प्राप्त एवं निजी विद्यालयों में अगले आदेश तक के लिए वर्ग केजी से आठवीं कक्षा तक की कक्षाएं सुबह सात बजे से दोपहर 11:30 बजे तक तथा कक्षा नौवीं से बारहवीं तक की कक्षाएं सुबह सात बजे से दोपहर 12 बजे तक संचालित करने का निर्देश दिया गया है। वहीं जारी पत्र के आलोक में कहा गया कि सभी कोटि के सरकारी विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मी शेष समय सुबह सात बजे से लेकर दोपहर एक बजे तक गैर शैक्षणिक कार्यों का निष्पादन करना सुनिश्चित करेंगे।

### बढ़ती गर्मी को लेकर सांसद प्रतिनिधि ने पानी की व्यवस्था की मांग की



**बड़कागांव** : बढ़ती गर्मी और भीषण हिटवे के बीच जिला एवं प्रखंड के कई हिस्सों में प्याऊ की मांग काफी बढ़ गई है।पानी की मांग को ध्यान में रखते हुए सांसद सह प्रतिनिधि कृष्णा राम ने जिला एवं प्रखंड प्रशासन से प्रखंड के विभिन्न स्थानों पर पानी की व्यवस्था की मांग की है। सांसद सह प्रतिनिधि कृष्णा राम ने कहा कि जिला एवं प्रखंड के जगह-जगह पर पानी की व्यवस्था होने पर राहगीरों और आम जनता को शीतल जल मिल सकेगा। खासकर डेली मार्केट , चौक चौराहा , अस्पताल के मुख्य द्वार , बस स्टैंड आदि स्थानों पर प्याऊ व्यवस्था की जाए। नि:शुल्क जल सेवा गर्मी में राहगीरों के लिए मटको में ठंड और शुद्ध पानी उपलब्ध कराया जाए। संभव हो तो कहीं-कहीं स्टील की टंकी वा वाटर कूलर भी लगाया जाए।भीषण गर्मी में राहगीरों के लिए यह सेवा जीवन रक्षक साबित होती है।और यह पानी की कमी को पूरा करने का एक सामुदायिक प्रयास है।इस सेवा कार्य में समाजसेवी संस्थाएं और स्थानीय विकास समितियां भी व्यवस्था यदि करती तो और बेहतर होता। और लोगों को ज्यादा से ज्यादा राहत मिलती।

## काड़तरी में निक्षय एवं राष्ट्रीय फोकल फाइलेरिया शिविर का हुआ आयोजन

# टीवी जांच पर विशेष फोकस, स्वास्थ्य विभाग की पहल से लोगों को मिला लाभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव** : बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत के काड़तरी पंचायत भवन में निक्षय एवं राष्ट्रीय फोकल फाइलेरिया एम.डी.ए-आई.डी.ए. शिविर का आयोजन बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर अविनाश कुमार की अध्यक्षता में की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन बड़कागा मध्य जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी एवं काड़तरी पंचायत के प्रभारी मुखिया राजदेव महतो के द्वारा किया गया। जहां स्थानीय लोगों को विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गई। शिविर में बड़ी संख्या में लोग पहुंचकर अपनी स्वास्थ्य जांच कराई। और चिकित्सकीय परामर्श लिया। शिविर के दौरान सामान्य रोगों की जांच के साथ-साथ टीवी की पहचान और जागरूकता पर विशेष जोर दिया गया। 14 वर्ष से अधिक उम्र के सभी सदस्यों को एक्स-रे करवाने की सलाह दी गई। पर केवल गर्भवती महिलाओं को छोड़कर। चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने लोगों को समय पर जांच करवाने और उपचार लेने के लिए प्रेरित किया। जिसमें स्वास्थ्य कर्मियों के साथ-साथ सहिया साथी एवं सहिया दीदीयों का अहम भूमिका रहा। इस शिविर में कुल 73 मरीजों की एक्स-रे, बीपी, शुगर, हाइट, वेट आदि की जांच किया गया।और फाइलेरिया की दवा भी खिलाया गया। शिविर में लोगों को टीवी, फाइलेरिया सहित अन्य बीमारियों के प्रति जागरूक किया गया। और आवश्यक परामर्श दिया गया। एस.टी.एस दीपक केरकेट्टा ने कहा कि इस तरह के शिविर के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग की इस पहल से क्षेत्र के लोगों को काफी लाभ मिला।मौके पर मुख्य रूप से बड़कागांव मध्य जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी, काड़तरी पंचायत मुखिया राजदेव महतो, एसटीएस दीपक केरकेट्टा, सीएचओ रबनवाज, एएनम - प्रियंका कुमारी, कुमारी सोनम, एलटी राखी कुमारी ,बीटीटी रोहित कुमार, एमपीडब्ल्यू- अवधेश कुमार, शक्ति कमलेश प्रकाश, एक्स-रे टेक्निशियन- प्रकाश कुमार ,अर्जुन कुमार, सहिया साथी- आशिया खातून, सहीया दीदी सरिता देवी, लक्ष्मी देवी, अनुराधा देवी, भुवनेश्वरी देवी, सेविका रजनी वाला, सहायिका आरती कुमारी आदी अन्य स्वास्थ्य कर्मी एवं दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## देवचंदा गांव में आईसीआर द्वारा नि:शुल्क पशु चिकित्सा शिविर, 250 पशुओं का हुआ इलाज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही** : भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा पशुओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए सोमवार को देवचंदा गांव में एक विशेष पशु चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का आयोजन परिसर प्रभारी डॉक्टर एस के महंता के संरक्षण में किया गया। इस शिविर में लगभग 250 पशुओं की जांच एवं उपचार किया गया। आइसीएआर के वैज्ञानिक एवं अनुभवी पशु चिकित्सक डॉ. वंदना द्वारा पशुओं की नि:शुल्क जांच की गई तथा आवश्यक दवाएं और उपचार उपलब्ध कराया गया। जिसमें संस्थान के कर्मचारी हरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, बादल कुमार, और कैलास कुमार वर्मा का सहयोग रहा। शिविर के दौरान पशुपालकों को पशुओं के संतुलित पोषण, रोगों की रोकथाम एवं बेहतर देखभाल के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई, जिससे वे अपने पशुओं का स्वास्थ्य बेहतर तरीके से बनाए रख सकें। शिविर में ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और इस पहल की सराहना करते हुए इसे अत्यंत उपयोगी और लाभकारी बताया। यह सेवा पशुपालकों के हित में पूरी तरह नि:शुल्क उपलब्ध कराई गयी। जिससे क्षेत्र के किसानों और पशुपालकों को सीधा लाभ मिला।

## उत्क्रमित उच्च विद्यालय सिकरी में 37 बच्चों के बीच पोशाक किट का वितरण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव** : प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय सिकरी में प्रथम एवं द्वितीय कक्षा के बच्चों के बीच पोशाक किट का वितरण किया गया। इस वितरण कार्यक्रम में कुल 37 बच्चों को लाभावित किया गया, जिसमें प्रथम वर्ग के 17 बच्चे तथा द्वितीय वर्ग के 20 बच्चे शामिल थे। पोशाक किट में बच्चों को शर्ट पैंट जूता मौज एवं स्वेटर प्रदान किया गया। इस पहल से बच्चों में काफी उत्साह देखा गया और उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम के दौरान सिकरी के जनप्रतिनिधि वार्ड सदस्य संतोष कुमार पृथ्वीराज गुप्ता उपस्थित रहे। साथ ही विद्यालय के प्रधानाध्यापक निरंजन राम, अध्यक्ष राम प्रसाद महतो शिक्षक सुबोध प्रसाद वर्मा, पंकज कुमार दास,जगत किशोर प्रसाद,रामजी प्रसाद सिंह, सुशीला कुमारी, कार्तिक राम, अशोक कुमार, तालेश्वर कुमार महतो, हेवंती कुमारी, श्वेता कुमारी, उमा कुमारी, आमिर सोहेल, संयोजिका आशा देवी तथा माता समिति के सभी रसोईया उपस्थित थे। मौके पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं शिक्षकों ने कहा इस तरह के प्रयास से बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहन मिलता है और उनकी बुनियादी जरुरतो को पूरा करने में मदद मिलती है।

## बिजली व्यावस्था नहीं सुधरने पर जन आंदोलन की चेतावनी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**लातेहार** : जिले के बरवाडीह प्रखंड में गरमी शुरू होते हुए बिजली संकट गहरा गया है। घंटों बिजली नहीं रहना, लो-वोल्टेरज और बार-बार ट्रिप कर जाना दिनचर्या बन गया है। बिजली की इस दुर्दशा से क्षेत्र का व्योवसाय ठप पड़ गया है। इसे देखते हुए व्यवसायिक संघ ने मोर्चा खोल दिया। व्यावसायिक संघ के अध्यक्ष दीपक राज के नेतृत्व में सोमवार को स्थारनीय लोगों ने एसडीपीओ, बीडीओ, सीओ, थाना प्रभारी तथा विद्युत विभाग के अधिकारियों को मांग पत्र सौंपा है। संघ ने कहा कि अगर 48 घंटों के अंदर बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ, तो विद्युत कार्यालय का घेराव किया जायेगा। लोगों ने कहा कि इस भीषण गर्मी के बीच घंटों बिजली गुल रहने से लोग परेशान हो रहे हैं। छात्र-छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। दीपक राज ने आरोप लगाया कि उपभोक्ताओं से समय पर बिल वसूला जाता है, लेकिन बदले में मूलभूत सुविधा नहीं मिल रही है।

### अनियंत्रित हो कर ट्रक खाई में गिरी, चालक व खलासी गंभीर रूप से घायल

**लातेहार** : जिले के महुआडांड़ थाना क्षेत्र के चंपा घाटी में एक ट्रक अनियंत्रित हो कर तकरीबन 70 फीट नीचे खाई में गिर गई। ट्रक में टायर लदा था और वह तेलंगाना से जिले के बालुमाथ जा रहा था। इस घटना में ट्रक का चालक मुंडिया पांडूव उप चालक अजय पांडू गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें खाई से बाहर निकाला गया और महुआडांड़ लाया गया। यहां अस्पताल में प्राथमिक इलाज कर दोनो को रिम्स रांची रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह तकरीबन 11 बजे ट्रक तेलंगाना से लातेहार जिले के बालुमाथ जा रहा था। ट्रक का चालक गूगल एप की मदद से वाहन चला रहा था। इसी दौरान चंपा घाटी के मोड़ पर चालक अपने वहन से नियंत्रण खो दिया और ट्रक 70 फीट नीचे खाई में गिर गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि यहां अक्सर सड़क दुर्घटनाये होती हैं। लोगों ने बताया कि यहां सड़क की बनावट इस प्रकार की है कि जरा सी भी लापरवाही या इस रोड में नया चालक अक्सर दुर्घटना का शिकार होता है। घटना की सूचना मिलने पर महुआडांड़ पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी।

## टाउन हॉल में अंबेडकर जयंती पर भव्य सम्मान समारोह, मौलाना हेलाल अख्तर हुए सम्मानित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चौपारण** : भारत रत्न एवं भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर सोमवार को बरही टाउन हॉल में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक, राजनीतिक एवं बुद्धिजीवी वर्ग के लोगों की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह में ग्राम पंचायत चयकलां के मुखिया प्रतिनिधि मौलाना हेलाल अख्तर भी विशेष रूप से शामिल हुए। इस दौरान आयोजकों ने उन्हें अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उपस्थित लोगों ने उनके सामाजिक कार्यों, जनसेवा और समाज के प्रति समर्पण की सराहना करते हुए उन्हें प्रेरणास्रोत बताया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने डॉ. अंबेडकर के जीवन, संघर्ष और भारतीय संविधान निर्माण में उनके ऐतिहासिक योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने अपना संपूर्ण जीवन वंचित, शोषित एवं पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित किया। उनके विचार आज भी समाज को समानता, न्याय और भाईचारे का मार्ग दिखाते हैं। सम्मान प्राप्त करने के बाद मौलाना हेलाल अख्तर ने आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ. अंबेडकर के सिद्धांत आज भी पूरी तरह प्रासंगिक हैं और नई पीढ़ी को उनके विचारों से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

# पलामू में अलग-अलग सड़क हादसों में तीन युवकों की मौत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पलामू** : पलामू जिले के पाटन, सतबरवा और छतरपुर थाना क्षेत्रों में सोमवार को हुए तीन अलग-अलग सड़क हादसों में बिहार के एक युवक समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि अन्य लोग घायल हो गए। पहली घटना पाटन थाना क्षेत्र के जोड़ा खुर्द गांव की है, जहां संदीप प्रसाद के पुत्र शशिकांत कुमार (22) की देर रात सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। बताया जाता है कि शशिकांत बाइक से अपने दोस्त को लेने डालटनगंज रेलवे स्टेशन जा रहा था। इसी दौरान साकन पीढ़ी गांव के पास उसकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। गंभीर रूप से घायल होने पर उसे मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। दूसरी घटना छतरपुर थाना क्षेत्र के तेलाड़ी मोड़ के पास सोमवार दोपहर को हुई। इस हादसे में चुरवाही टोला निवासी अरविंद सिंह के पुत्र करण कुमार (15) की जान चली गई। करण अपने चचेरे भाई के साथ ऑटो से छतरपुर बाजार जा रहा था, तभी ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। उसे पहले छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया, फिर बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। तीसरी घटना सतबरवा थाना क्षेत्र के लहलहे बाईपास ओवरब्रिज पर सोमवार सुबह हुई, जहां एक बाइक डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे में बिहार के मधुबनी निवासी दीपक कुमार यादव की मौत हो गई, जबकि पलामू के पिपराटांड़ थाना क्षेत्र के पंचअंबा गांव निवासी वीरेंद्र पासवान गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल का इलाज मेदिनीनगर एमएमसीएच में जारी है। परिजनों के अनुसार, दीपक कुमार यादव राजस्थान में एक निजी कंपनी में कार्यरत था और हाल ही में पलामू में एक शादी समारोह में शामिल होने आया था। घटना के संबंध में पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दे दी है और उनके आने के बाद मामले की विस्तृत जांच की जाएगी। इसके अलावा सतबरवा थाना क्षेत्र के कुटमूझमेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर भुसड़िया मोड़ के पास स्कॉर्पियो और 407 ट्रक के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में स्कॉर्पियो चालक घायल हो गया, जबकि वाहन सड़क किनारे खाई में पलट गया। पुलिस सभी मामलों की जांच कर रही है और दुर्घटनाओं के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय पडिरमा में बच्चों के बीच पोशाक का हुआ वितरण




**बरही** : बरही प्रखंड के बसरिया पंचायत के पडिरमा उत्क्रमित मध्य विद्यालय में 30 बच्चों के बीच पोशाक का वितरण किया गया, जिसमें बच्चों को ड्रेस के साथ साथ स्वेटर जूता दिया गया। वितरण का कार्य बसरिया पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सह पूर्व मुखिया हरेंद्र गोप,पसस प्रतिनिधि कामेश्वर रविदास,उप मुखिया प्रतिनिधि बिनोद यादव, वार्ड सदस्य रमेश रविदास, प्रधानाध्यापक दशरथ कुमार, दिनेश प्रसाद,सुधीर यादव सहित सभी स्कूली बच्चे शामिल रहे।

### मदरसा अजीजिया जिया उल उलूम में 195 बच्चों को मिला पुस्तक बैग



**बरही** : झारखंड सरकार के शिक्षा विभाग की ओर से सभी सरकारी विद्यालय, मदरसा में पुस्तक बैग उपलब्ध करा रही है। इसी कड़ी में छोटकी बरही रसोइया धमना में संचालित मदरसा अजीजिया जिया उल उलूम के 195 बच्चों को पुस्तक बैग दिया गया। वितरण का कार्य मदरसा अजीजिया जिया उल उलूम के अध्यक्ष मो तबरेज अंसारी, समाजसेवी मो तौकीर, एवं मो मोईन ने किया। इस अवसर पर मदरसा के प्रधान मो अख्तर ने बताया कि उनके मदरसा के सभी बच्चों को बैग दिया गया है। साथ ही सरकारी सुविधाएं बच्चों को उपलब्ध कराया जाता है। मो तौकीर रजा ने बताया कि मदरसा में पढ़ाई के साथ साथ मध्याह्न भोजन भी ठीक से मिल रहा है। कोई समस्या नहीं है।

### सरिया लदा ट्रेलर दनुआ घाटी में दुर्घटनाग्रस्त चालक ने गंवाई जान



**चौपारण** : चौपारण की कुख्यात दनुआ घाटी में सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। सरिया लोड अनियंत्रित ट्रेलर करीब 30 से 35 फीट गहरी खाई में जा गिरा। हादसे में चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उपचालक ने ट्रेलर से कूदकर अपनी जान बचा ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रेलर दुगार्पुर से राजस्थान जा रहा था। इसी दौरान दनुआ घाटी के खतरनाक मोड़ पर चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा, जिससे ट्रेलर सीधे खाई में जा गिरा। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि चालक को संभलने का मौका तक नहीं मिला। घटना की सूचना मिलते ही चौपारण थाना पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। घायल उपचालक को एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं मृत चालक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बरही भेज दिया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि दनुआ घाटी क्षेत्र पहले से ही दुर्घटनाओं के लिए कुख्यात रहा है। यहां आए दिन सड़क हादसे होते रहते हैं। लोगों ने प्रशासन से घाटी क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने, चेतावनी संकेत लगाने और नियमित निगरानी की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

### विभावि भौतिकी विभाग एवं आइक्यूएसी के तत्वावधान में होगा व्याख्यान का आयोजन



**हजारीबाग** : विनोबा भावे विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर भौतिकी विभाग एवं इंटरनल क्वालिटी एसेसमेंट सेल के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार 21 अप्रैल को एक व्याख्यान का आयोजन डॉ सीवी रमन विज्ञान भवन के आर्यभट्ट सभागार में पूर्वाहन 10. 30 को किया गया है। इसकी जानकारी देते हुए भौतिकी विभाग के प्राध्यापक डॉ नवीन चंद्र ने बताया की कोलकाता के सत्येंद्र नाथ बोस नेशनल सेंटर फॉर बेसिक साइंसेज के 'सिएसआईआर एमेरिटस प्रोफेसर,' प्रो जयदेब चक्रबर्ती बतौर मुख्य मुख्य वक्ता कार्यक्रम को सुशोभित करेंगे। व्याख्यान का विषय है 'संरूपण परिवर्तनों का पता लगाने के लिए प्रोटीन का परिष्कृत अनुरूपण' डॉ नवीन चंद्र प्रो जयदेव चक्रबर्ती की शैक्षणिक पृष्ठभूमि की जानकारी देते हुए बताया कि वह अपनी पढ़ाई कोलकाता के प्रसिद्ध प्रेसीडेंसी कॉलेज, कोलकाता यूनिवर्सिटी तथा अपनी पीएचडी आईआईएससी बेंगलुरु से की है। बताया कि उन्होंने अपने पोस्ट डॉक्टोरल शोध का कार्य एमस्टरडम में पूर्ण किया है तथा जर्मनी और नीदरलैंड के संयुक्त योजनाओं पर सफलतापूर्वक कार्य करने के अनुभवी है। विश्व के ख्याति प्राप्त शोध पत्रिकाओं में उनके असंख्य आलेख प्रकाशित हुए हैं।

### विभावि के गृह विज्ञान विभाग में स्वागत समारोह का किया गया आयोजन



**हजारीबाग** : विनोबा भावे विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर गृह विज्ञान विभाग में प्रथम समसत्र के विद्यार्थियों के स्वागत हेतु सोमवार को समारोह का आयोजन किया गया। चतुर्थ समसत्र के विद्यार्थियों के द्वारा आयोजित इस समारोह में सबसे पहले प्रथम समसत्र के विद्यार्थियों से परिचय प्राप्त किया गया। मौके पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई जिसको सभी ने सराहा। बीच-बीच में शिक्षक एवं विद्यार्थियों ने अपने विचार भी रखें। विभागाध्यक्ष डॉ रेणु बोस ने सभी विद्यार्थियों को विभाग की जानकारी देते हुए उन्हें बताया कि विभाग उन्हें बेहतर से बेहतर शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराता रहेगा। विभागीय प्राध्यापिका डॉ गायत्री साहू, डॉ ममता कश्यप एवं डॉ सीमा दयाल भी अपने-अपने विचार रखें। चतुर्थ समसत्र के विद्यार्थियों ने आयोजन कक्ष की खूब सजावट की।

## एक नजर

### पिठोरिया पुलिस ने 50 लाख की ठगी के आरोपी को किया गिरफ्तार

**रांची** : राजधानी रांची के पिठोरिया थाना की पुलिस ने एक ठग को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार ठग का नाम खुर्शीद आलम है और वह पिठोरिया का रहने वाला है। खुर्शीद आलम कई लोगों से जमीन के नाम पर पैसे ले रखा है। पैसे लेने के बाद जमीन नहीं दे रहा था। इस मामले को लेकर पिठोरिया थाना में एफआईआर दर्ज कराया गया था। पुलिस ने एफआईआर दर्ज करने के बाद मामले की जांच की जिसके बाद इसकी गिरफ्तारी हुई। इस मामले को लेकर पिठोरिया थाना प्रभारी ने बताया कि ठगी को लेकर मामला दर्ज किया गया था। मामले की जांच करने के बाद सही पाया गया। पुलिस को चकमा देकर लगातार फरार हो रहा था। पुलिस ने इसके ठिकाने पर छापेमारी कर गिरफ्तार किया है। फिलहाल पुलिस इससे पूछताछ कर रही है और यह जानने का प्रयास कर रही है कि कितने लोगों के साथ ठगी की वारदात को अंजाम दिया है।

### लोअर बाजार इलाके में युवक ने की आत्महत्या

**रांची** : राजधानी रांची के लोअर बाजार थाना इलाके में एक युवक ने आत्महत्या कर ली है। युवक का नाम आरिफ उर्फ सिंकू है। मृतक युवक हिंदपीढ़ी का रहने वाले था। आरिफ उर्फ सिंकू लोअर बाजार थाना क्षेत्र के रमजान कॉलोनी में किराए के मकान में रहता था। इस मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर जांच में जुटी हुई है। मामले को लेकर पुलिस ने बताया कि आत्महत्या की सही जानकारी सामने नहीं आई है। युवक के शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजने की तैयारी हो रही है। इस मामले में परिवार वालों से पूछताछ की जाएगी। आरिफ ने आत्महत्या क्यों की इसकी जानकारी जुटाने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस को प्रारंभिक जानकारी मिली है कि मृतक युवक और पत्नी के बीच विवाह चल रहा था। जिसके कारण मृतक युवक आरिफ अकेले रह रहा था। पुलिस को यह भी जानकारी मिली है कि आरिफ को जुए की लत लगी हई थी, जिसके कारण उसे कई बार नुकसान का सामना करना पड़ा था। जिसके कारण वह तनाव में रह रहा था। फिलहाल पुलिस परिवार वालों से पूछताछ कर रही है।

### अभिजीत हत्याकांड में अज्ञात अपराधियों के खिलाफ एफआईआर

**रांची** : राजधानी रांची के टाटीसिल्वे थाना इलाके में रविवार सुबह एक युवक का शव बरामद हुआ था। युवक की पहचान अभिजीत तिवारी के रूप में हुई थी। मृतक अभिजीत तिवारी के परिवारवालों ने इस हत्याकांड में अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज करने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। पुलिस मृतक युवक अभिजीत तिवारी के मोबाइल के सीडीआर को खंगालने की तैयारी कर रही है, जिससे पुलिस को यह जानकारी मिल सके कि अभिजीत ने अंतिम बार किससे बात की थी। इस मामले को लेकर टाटीसिल्वे थानेदार ने बताया कि पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे है। आपको बता दें कि रविवार (19 अप्रैल) की सुबह एक युवक का शव मिलने के बाद पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंच कर जांच की और शव की शिनाख्त की थी। फिलहाल युवक की हत्या कैसे हुई है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है।

# महिला आरक्षण पर कांग्रेस ने पीएम को घेरा, पूछा- मोदी बताएं भाजपा किसी महिला को कब बनाएगी राष्ट्रीय अध्यक्ष

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : सोमवार को कांग्रेस ने प्रेस वार्ता कर महिला आरक्षण मामले को लेकर बीजेपी को घेरा और पूछा- प्रधानमंत्री बताएं भाजपा किसी महिला को कब राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाएगी। रांची के कांग्रेस कार्यालय में महिला आरक्षण एवं परिसीमन के संबंध में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए गौतम उपाध्याय, महानगर उपाध्यक्ष ने भाजपा की आलोचना करते हुए कहा कि जो विधेयक 2023 में पारित हुआ, उसमें भाजपा की केंद्र सरकार ने संशोधन करना चाहा। ये लोग क्या करना चाहते हैं, ये विपक्ष और अपने भी कई साथियों को नहीं बताया। कहा इसमें शर्तें लागू करने की बात थी, इसमें 3 साल का समय क्यों लगा। कांग्रेस नेता ने कहा, ये लोग महिला को ठगने का काम कर रहे हैं। ये पूरे देश को ठग रहे हैं। उन्होंने सीधे पीएम मोदी से पूछा, क्या आपने कभी कहा कि आपका अगला अध्यक्ष महिला होगी। हम सवाल करते हैं क्या कभी आरएसएस में महिला शीर्ष पद पर जा सकती है। अगर हां तो कब? परिसीमन, जनगणना और महिला आरक्षण लागू करने में देरी क्यों? गौतम उपाध्याय ने कहा, जब परिसीमन की बात आती है तो ये लोग क्यों घड़ियाली आंसू बहाते हैं। हम जनता को बताना चाहते है कि महिलाओं आबादी 50 प्रतिशत लगभग हो गई है।

जब 2023 में जब ये पास हुआ तो इसका प्रतिशत 33 फीसद था। 2024 के चुनाव में इसे क्यों लागू नहीं किया गया। पूछा, भाजपा की सरकार 21 राज्य में है लेकिन महिला सीएम कितनी हैं? उपाध्याय ने आगे कहा, इस बिल को जब 2023 में पारित किया गया, तो इसे लागू करने में मोदी जी को इतना समय क्यों लगा। कहा कि पीएम को जनता से माफी मांगनी चाहिए। पहले जनगणना हो। इसके बाद पता चलेगा कि हमारे इलाके की जनसंख्या कितनी है। इस हिसाब से रिजर्वेशन होना चाहिए। इसके बाद ही लागू हो यह बिल। विनीता पाठक, महानगर उपाध्यक्ष, रांची ने कहा कि महिला बिल को लेकर पीएम मोदी ने क्यों राष्ट्र के नाम संबोधन किया। इससे पहले मोदी ने पुलवामा हमले को लेकर संबोधन नहीं किया। मणिपुर हिंसा पर कोई संबोधन नहीं किया। कई ऐसे विषय हैं, जिनको लेकर मोदी को देश को संबोधित करना था, लेकिन उन्होंने नहीं किया। कहा कि भाजपा के कई कार्यकर्ता, नेता पर महिलाओं के साथ दुष्कर्म का आरोप लगा है। सबसे ज्यादा 2014 से अब तक बलात्कार हुए है। इससे पता चलता है कि आप महिलाओं के हित में काम नहीं करते हैं। कहा कि भाजपा की महिला कार्यकर्ता सड़क पर शोर करती हैं। उन्हें पता ही नहीं कि यह बिल क्या है।

## 'वैशारदी' स्मृतिग्रंथ का राज्यपाल संतोष गंगवार ने किया लोकार्पण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सोमवार को, रांची में वेद, पुराण, साहित्य, साहित्य शास्त्र, व्याकरण, दर्शन, ज्योतिष एवं भारतीय संस्कृति जैसे विविध विषयों पर आधारित शोध-आलेखों के संकलन वैशारदी का विधिवत लोकार्पण किया।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि इस प्रकार के स्मृतिग्रंथ भारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षण और संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कृति के प्रकाशन के लिए संपादक मंडल को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि यह ग्रंथ शोधकर्ताओं और विद्यार्थियों के लिए उपयोगी साबित होगा। इस स्मृतिग्रंथ के संपादकमंडल में डॉ० नमिता सिंह, डॉ० कंजीव लोचन, डॉ० शैलेश कुमार मिश्र, डॉ० धनंजय वासुदेव द्विवेदी तथा गौरीनन्दन द्विवेदी शामिल हैं, जिनके प्रयास से यह महत्वपूर्ण कृति तैयार हुई है।

वहीं इस कार्यक्रम में राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ० नितिन कुलकर्णी तथा डॉ। श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति प्रो० राजीव मनोहर समेत कई शिक्षाविद और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सैकड़ों कार्यकर्ता भाजपा में शामिल, 25 अप्रैल की महिला आक्रोश रैली पर फोकस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में एक भव्य मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बोकारो जिले के फुसरो नगर परिषद की निवर्तमान वार्ड पार्षद रश्मि सिंह ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

समारोह के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू और प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद झा ने सभी नए सदस्यों को पार्टी का अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिनमें विनय सिंह, अनिल सिंह, विजेंद्र कुमार, उर्मिला, शोभा सिंह सहित कई अन्य लोग शामिल थे।

रश्मि सिंह, जो तीन बार वार्ड पार्षद रह चुकी है, ने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विचारधारा के प्रति आस्था जताई। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि अगर आप मैनेज होइएगा, तभी डैमेज होइएगा। उन्होंने भ्रष्टाचार और बेरोजगारी का मुद्दा उठाते हुए कहा कि रोजगार के अभाव में युवा विपक्षी दलों द्वारा प्रभावित हो जाते हैं। उन्होंने यह भी संकल्प लिया कि वर्ष 2029 में बोकारो और बेरमो में भाजपा का परचम लहराया जाएगा।

प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने अपने संबोधन में कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा किसी परिवार या पूंजीपति की पार्टी नहीं है, बल्कि यह करोड़ों कार्यकताओं की पार्टी है, जहां एक सामान्य कार्यकर्ता भी बड़े पद तक पहुंच सकता है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने 81 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन और 54 करोड़ लोगों को आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज उपलब्ध कराया है।

## होमगार्ड बहाली परिणाम में देरी पर अभ्यर्थियों में आक्रोश, जल्द जारी करने की मांग



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : होमगार्ड बहाली प्रक्रिया का परिणाम अब तक जारी नहीं होने से अभ्यर्थियों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। इस बहाली के तहत शारीरिक दक्षता परीक्षा 1 नवंबर 2025 से 9 दिसंबर 2025 तक आयोजित की गई थी, लेकिन लगभग पांच माह बीत जाने के बावजूद परिणाम प्रकाशित नहीं किया गया है।

अभ्यर्थियों का कहना है कि सामान्यतः इस तरह की परीक्षाओं के परिणाम समय पर घोषित कर दिए जाते हैं, लेकिन रांची जिला में हो रही देरी से हजारों युवाओं का भविष्य अधर में लटक गया है। लगातार हो रही इस देरी के कारण अभ्यर्थियों में निराशा और असंतोष बढ़ता जा रहा है।

इसी मुद्दे को लेकर छात्र नेता बबलू महतो के नेतृत्व में रांची जिला के विभिन्न प्रखंडों से आए होमगार्ड अभ्यर्थियों ने लोकभवन और उपायुक्त कार्यालय, रांची में ज्ञापन सौंपा। उन्होंने राज्यपाल से हस्तक्षेप कर जल्द से जल्द परिणाम प्रकाशित कराने की मांग की।

इस दौरान बबलू महतो ने कहा कि हम सभी अभ्यर्थी लंबे समय से अपने परिणाम का इंतजार कर रहे हैं। प्रशासन की लापरवाही के कारण युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है। यदि शीघ्र ही परिणाम जारी नहीं किया गया, तो हम उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। अभ्यर्थियों ने राज्यपाल से अनुरोध किया है कि संबंधित विभाग को आवश्यक निर्देश देकर रांची जिला होमगार्ड बहाली का परिणाम जल्द जारी कराया जाए, ताकि युवाओं को न्याय मिल सके। इस मौके पर आशीष उरांव, अमित महतो, सरवन कुमार, उषा कुमारी सहित कई अभ्यर्थी उपस्थित रहे।

## झारखंड स्टेट बार काउंसिल चुनावः प्रशांत कुमार सिंह और मृत्युंजय कुमार जीते





प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : झारखंड स्टेट बार काउंसिल के पंचवर्षीय चुनाव में पुरुष अधिवक्ताओं में दूसरा रिजल्ट सामने आया है। 20 अप्रैल तक (एलिमिनेट राउंड में) झारखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता प्रशांत कुमार सिंह और बोकारो के मृत्युंजय कुमार श्रीवास्तव ने मतगणना में 677 के आंकड़ा को छू लिया है और उन्हें विजयी घोषित किया गया।

इससे पहले अब्दुल कलाम रसीदी, ललित यादव, अभिषेक कुमार भारती ने यह आंकड़ा प्राप्त किया था और चुनाव जीते थे। मतगणना में इलेक्ट (जीत दर्ज) होने के लिए कोटा 677 निर्धारित किया गया है। अब 13 पुरुष अधिवक्ता चुने जाने हैं। पांच महिला अधिवक्ता पहले ही जीत दर्ज कर चुकी है। दो महिला अधिवक्ता का चयन मनोनयन के आधार पर होना है। यहां बता दें कि 12 मार्च को मतदान हुआ था। 100 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। पूरे झारखंड में 75 बूथ पर मतदान संपन्न कराया गया था।

# झारखंड उच्च न्यायालय ने की आईएसआईएस समर्थक ओमर बहादुर की जमानत याचिका खारिज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची** : झारखंड उच्च न्यायालय ने आईएसआईएस आतंकी संगठन के समर्थक ओमर बहादुर उर्फ राहुल सेन की जमानत याचिका खारिज कर दी है। न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली पीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि आरोपित के खिलाफ गंभीर आरोप हैं और उसका नाम आतंकवादी संगठन से जुड़ा हुआ है, इसलिए उसे जमानत नहीं दी जा सकती।

सुनवाई के दौरान राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की ओर से अधिवक्ता अमित कुमार दास और सौरभ कुमार ने पक्ष रखा। एनआईए के अनुसार, ओमर बहादुर पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म यूट्यूब, टेलीग्राम और इंस्टाग्राम के माध्यम से आईएसआईएस की विचारधारा का प्रचार-प्रसार करने और अन्य लोगों को इस संगठन से जुड़ने के लिए प्रेरित करने का आरोप है।

इस मामले में एनआईए ने आरसी 2/23/एनआईए/आरएनसी के तहत केस दर्ज किया है। निचली अदालत में इस केस की सुनवाई के दौरान अब तक 39 गवाहों की गवाही हो चुकी है।

उल्लेखनीय है कि ओमर बहादुर उर्फ राहुल सेन को पहले मध्य प्रदेश पुलिस ने बाइक चोरी के एक मामले में गिरफ्तार किया था। जांच के दौरान उसका नाम तब सामने आया जब एनआईए लोहरदगा निवासी फैजल अंसारी से जुड़े मामले की जांच कर रही थी। फैजल अंसारी पर भी आईएसआईएस से संबंध रखने और लोगों को संगठन से जोड़ने के आरोप हैं।

जांच एजेंसी के अनुसार, फैजल अंसारी के विभिन्न बैंकों में कई खाते थे, जिनका उपयोग संदिग्ध गतिविधियों के लिए किया जा रहा था। उसकी जमानत याचिका भी झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा दो बार खारिज की जा चुकी है।

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा प्रदेश कार्यालय में बैठने वाले पदाधिकारियों की सूची जारी




**रांची** : भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से दिन के अनुसार प्रदेश कार्यालय में बैठने वाले पदाधिकारियों की सूची जारी की गई है। प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू के निर्देश पर प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद ने सोमवार को सूची जारी की। सूची के अनुसार सोमवार को उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, महामंत्री गणेश मिश्रा, मंत्री दिलीप वर्मा, शैलेन्द्र सिंह एवं कृष्णा महतो, मंगलवार को उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुण्डा,महामंत्री गणेश मिश्रा, मंत्री दिलीप वर्मा, शैलेन्द्र सिंह एवं कृष्णा महतो, बुधवार को आभा महतो एवं मुनेश्वर साहू, महामंत्री अमर कुमार बाउरी, मंत्री अमित सिंह एवं मनीर उरॉव, गुरुवार को उपाध्यक्ष बालमुकुन्द सहाय, महामंत्री अमर कुमार बाउरी, मंत्री सरोज सिंह, सुनिता सिंह एवं अमरदीप यादव, शुक्रवार को उपाध्यक्ष भानू प्रताप शाही, महामंत्री मनोज सिंह, मंत्री सरोज सिंह, सुनिता सिंह एवं अमरदीप यादव, शनिवार को उपाध्यक्ष डॉ. प्रदीप वर्मा, महामंत्री मनोज सिंह, मंत्री अमित सिंह, मनीर उरॉव एवं शालिनी बैसखियार, रविवार को उपाध्यक्ष सुनील सोरेन एवं गीता कोड़ा, महामंत्री गणेश मिश्रा, मंत्री अमित सिंह एवं शालिनी बैसखियार को जिम्मेवारी सौंपी गई है।

### अक्षय तृतीया पर हरमू गौशाला की अन्नपूर्णा सेवा, जरूरतमंदों को कराया भोजन



**रांची** : अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर हरमू गौशाला द्वारा संचालित अन्नपूर्णा सेवा के तहत सोमवार को जनसेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। "प्यार बांटते चलो" नारा के अंतर्गत 12 महीने-12 जनसेवा अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में सैकड़ों गरीब और जरूरतमंद लोगों के बीच भोजन वितरण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन रांची समर्पण शाखा की अध्यक्षा शुभा अग्रवाल के नेतृत्व में हुआ। सत्र 2026-27 की पहली अन्नपूर्णा सेवा का शुभारंभ रांची की महापौर रोशनी खलखो एवं अन्य अतिथियों के कर-कमलों से किया गया। इस अवसर पर मेयर रोशनी खलखो ने कहा कि "नर सेवा ही नारायण सेवा है" और इसी भावना के साथ समर्पण शाखा लगातार समाज सेवा के कार्यों में जुटी हुई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि आगे भी इस प्रकार के जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। मीडिया प्रभारी वेदिका सिंघानिया ने बताया कि यह सेवा कार्य संस्थापिका अध्यक्ष सुमिता लाठ के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में जनसेवा प्रभारी शायरी अग्रवाल, वर्षा धानुका और संयोजिका डॉली बंसल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सभी सदस्यों के सहयोग से कार्यक्रम सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर महापौर रोशनी खलखो, अध्यक्षा शुभा अग्रवाल, मीडिया प्रभारी वेदिका सिंघानिया सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### आयुष्मान भारत में झारखंड अव्वल, जसास टीम सम्मानित होकर लौटी रांची



**रांची** : केंद्र प्रायोजित आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत झारखंड को मिले सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार के बाद जसास की टीम सम्मान के साथ वापस रांची लौटी है। कार्यकारी निदेशक छवि रंजन के नेतृत्व में टीम ने अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह से मुलाकात कर उन्हें यह सम्मान सौंपा। इस मौके पर अपर मुख्य सचिव ने पूरी टीम को बधाई दी और उनकी मेहनत, लगन तथा निष्ठा की सराहना की। उन्होंने कहा कि टीम की यह प्रतिबद्धता आगे भी बनी रहनी चाहिए, ताकि राज्य स्वास्थ्य सेवाओं में लगातार बेहतर प्रदर्शन करता रहे। उल्लेखनीय है कि झारखंड को यह सम्मान तीसरे चिंतन शिविर में गुणवत्तापूर्ण दावों के सफल निष्पादन के लिए दिया गया। यह सम्मान महाराष्ट्र के पुणे में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रदान किया गया। भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा 17 और 18 अप्रैल को आयोजित इस दो दिवसीय कार्यक्रम में देशभर के राज्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम में झारखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए छवि रंजन, सीमा सिंह, वैभव राय, डॉ। अखिलेश कुमार झा और आशीष रंजन उपस्थित रहे।

### अभिभावक संघ ने की 'सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस' के परिणाम सार्वजनिक करने की मांग



**रांची** : झारखंड अभिभावक संघ ने राज्य सरकार से सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के मैट्रिक परीक्षा परिणाम को जिलावार और स्कूलवार सार्वजनिक करने की मांग की है। संघ का कहना है कि इससे इन विद्यालयों की वास्तविक शैक्षणिक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। संघ के अध्यक्ष अजय राय ने सोमवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि हाल के दिनों में कई जिलों से कमजोर परीक्षा परिणाम की खबरें सामने आई हैं, जिससे इन स्कूलों की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने मांग की कि सरकार कुल विद्यालयों की संख्या, प्रत्येक स्कूल में परीक्षार्थियों की संख्या, पास प्रतिशत, विषयवार प्रदर्शन के साथ-साथ कम्पार्टमेंट और फेल छात्रों के आंकड़े भी सार्वजनिक करे। अजय राय ने कहा कि पारदर्शिता के अभाव में अभिभावक असमंजस की स्थिति में हैं कि वे अपने बच्चों का नामांकन इन सरकारी मॉडल स्कूलों में कराएं या निजी विद्यालयों का विकल्प चुनें। इससे सरकारी शिक्षा व्यवस्था पर विश्वास भी प्रभावित हो रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि वर्तमान में राज्य में 80 सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस संचालित हो रहे हैं, जबकि 100 और विद्यालयों को अपग्रेड करने की प्रक्रिया जारी है। संघ ने आगे मांग करते हुए कहा कि कमजोर प्रदर्शन वाले विद्यालयों का अकादमिक ऑडिट कराया जाए, शिक्षकों की जवाबदेही तय की जाए और सभी स्कूलों में अभिभावक-शिक्षक संघ (पीटीए) का गठन अनिवार्य किया जाए। साथ ही जिला स्तर पर निगरानी समितियों को सक्रिय करने की भी मांग की गई है।

## एक नजर

### ओडिशा के स्टील सेक्टर को मिला नया मंच असीत त्रिपाठी बने अध्यक्ष

**पतरातु** : ओडिशा के स्टील उद्योग को नई दिशा देने के उद्देश्य से ओडिशा स्टील प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन का गठन किया गया है। इस महत्वपूर्ण पहल के तहत संगठन ने सर्वसम्मति से असीत त्रिपाठी को अपना अध्यक्ष चुना है। उद्योग जगत में इसे बड़े बदलाव और समन्वय की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। असीत त्रिपाठी ओडिशा के पूर्व मुख्य सचिव रह चुके हैं और वर्तमान में जिंदल स्टील के सलाहकार हैं। प्रशासन, नीति निर्माण और औद्योगिक विकास के क्षेत्र में उनके लंबे अनुभव को देखते हुए संगठन ने उन पर भरोसा जताया है। माना जा रहा है कि उनके नेतृत्व में संघ को मजबूत और व्यावहारिक दिशा मिलेगी। यह नया संघ राज्य की प्रमुख स्टील और खनन कंपनियों का साझा मंच है। इसमें जिंदल स्टील, टाटा स्टील, जिंदल स्टेनलेस, जेएसडब्ल्यू स्टील और एएमएनएस इंडिया सहित कई बड़ी कंपनियां शामिल हैं।

### शादी सीजन शुरू बाजारों में बढ़ी रौनक और खरीदारी तेज

**झुमरी तिलैया** : बैड बाजा और बाराती के साथ वैवाहिक मुहूर्त 20 अप्रैल से शुरू हुआ । अप्रैल और मई माह में विवाह के लिए 8-8 शुभमुहूर्त हैं। 17 मई से 15 जून तक अधिकमास होने के कारण मांगलिक कार्य पर विराम रहेगा। उसके बाद 19 जून से फिर से वैवाहिक मुहूर्त शुरू होगा। जून में 9 और जुलाई माह में 5 शुभमुहूर्त रहेंगे। खरमाश समाप्त होते ही दुकानदारों को अच्छी बिक्री शुरू हो चुकी है । कपड़ा, गहना, बर्तन, फर्नीचर और सजावटी सामान की दुकानों पर ग्राहकों की आवाजाही बढ़ने लगी है। व्यापारियों का कहना है कि 20 अप्रैल के बाद से विवाह सीजन जोर पकड़ लेगा, जिससे कारोबार में तेजी आने की उम्मीद है। वहीं टेंट, बैंड बाजा, कैटरर, हलवाई और खाना बनाने वाले कारीगरों को कारोबार शुरू होने की उम्मीद प्रबल है। इसके अलावा ट्रेनों में भी भीड देखी जा रही है। बसों और छोटे वाहनों की बुकिंग की जा रही है ताकि वर वधु के साथ-साथ बाराती और साराती के आवागमन में कोई परेशानी नहीं हो। शादी विवाह को लेकर ध्वजाधारी धाम झरनाकुंड धाम और गायत्री मंदिर सहित अन्य धार्मिक स्थलों पर भी शादी विवाह के लिए लोगों की जुटान होगी।

### थाली में जूठन नहीं अन्न का करें सम्मान : मुनि श्री

**झुमरी तिलैया** : आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज से दीक्षित एवं परम पूज्य आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के आज्ञानुवर्ती शिष्य मुनि श्री धर्म सागर जी महाराज,मुनि श्री भाव सागर जी महाराज के सान्निध्य में 20 अप्रैल2026 को प्रात: काल की बेला में श्री दिगंबर जैन नया मंदिर झुमरी तिलैया कोडरमा झारखंड में श्री अभिषेक ,शांतिधारा की गई विशेष मांगलिक क्रियाएं संपन्न हुई, इस अवसर पर धर्म सभा को संबोधित करते हुए मुनि श्री भावसागर जी महाराज ने कहा कि , भारतीय संस्कृति में अन्न को विशेष माना गया है, इसलिए इसका सम्मान करना हम सभी का कर्तव्य है। थाली में भोजन को जूठा छोड़ना इसका अनादर करने के समान है। ऐसे ही कुछ संस्कारों की शुरूआत की गई है, रोजाना हजारों लोग रोटी के बगैर भूखे सो जाते हैं और कई लोग थाली में भोजन को जूठा छोड़ देते हैं। भोजन उतना ही लो, जितना खा सको ताकि बचा हुआ भोजन किसी दूसरे के काम आ सके। इन्हीं सब उद्देश्यों को लेकर एक विद्यालय में शनिवार का दिन 'भोजन जूठा न छोड़ें' के रूप में मनाया जाता है। इस दिन एक भी बच्चा अपने टिफिन में भोजन को जूठा नहीं छोड़ता है, अगर भोजन बचता भी है तो उसे जरूरतमंदों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी ।

# चलती ट्रेन में मंगलसूत्र का लॉकेट चोरी कोडरमा में दो महिला चोर गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा** : कोडरमा रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ और जीआरपी की तत्परता से चलती ट्रेन में हुई चोरी की घटना का त्वरित खुलासा करते हुए दो महिला आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। निरीक्षक के निर्देशन में स्टेशन पर तैनात अधिकारी व स्टाफ गश्त कर रहे थे। इसी दौरान सुरक्षा नियंत्रण कक्ष धनबाद से रेल मदद के माध्यम से सूचना मिली कि गाड़ी संख्या 13305 धनबादझसासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस में एक महिला यात्री का मंगलसूत्र का लॉकेट चोरी हो गया है। शिकायतकर्ता रितेश सिंह ने बताया कि उनकी पत्नी स्मृति कुमारी का सोने का लॉकेट तेतुलमारी स्टेशन पर ट्रेन में चढ़ने के दौरान किसी महिला द्वारा काटकर चोरी कर लिया गया।



सूचना मिलते ही ट्रेन के कोडरमा पहुंचने पर पीड़ित महिला की निशानदेही पर कोच में सफर कर रही दो संदिग्ध महिलाओं को आरपीएफ व जीआरपी की टीम ने हिरासत में लिया। दोनों को आरपीएफ पोस्ट लाकर जांच की गई। पूछताछ में महिलाओं ने अपना नाम संजना पासी (25 वर्ष) और प्रियंका पासी (24 वर्ष), निवासी कतरास, धनबाद बताया। तलाशी के दौरान प्रियंका पासी के पास से चोरी किया गया पीले धातु का लॉकेट बरामद हुआ, जिसे पीड़िता ने अपना सोने का लॉकेट बताया। इसके बाद दोनों आरोपियों को जीआरपी कोडरमा के हवाले किया गया, जहां पीड़िता अस्मिता कुमारी के लिखित शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया। गिरफ्तार दोनों महिला अपराधियों को रेलवे मजिस्ट्रेट, धनबाद के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### कोडरमा स्टेशन पर बड़ी कार्रवाई : सीसीटीवी की नजर से चेन स्नैचर गिरफ्तार

**कोडरमा** : कोडरमा रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ और जीआरपी की सतर्कता से एक चेन स्नैचर को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। यह पूरी कार्रवाई स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरों (तीसरी आंख) की मदद से संभव हो सकी। निरीक्षक के आदेश पर उप निरीक्षक सुशील कुमार सीसीटीवी के जरिए स्टेशन की निगरानी कर रहे थे। इसी दौरान प्लेटफॉर्म नंबर 03 पर आई गया-आसनसोल मेमू पैसेंजर ट्रेन में चढ़ते समय एक संदिग्ध गतिविधि नजर आई। तुरंत मौके पर तैनात जवानों और जीआरपी को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही सहायक उप निरीक्षक धनंजय कुमार राय और वशिष्ठ नारायण यादव मौके पर पहुंचे, जहां एक महिला यात्री ने अपने सोने का चैन चोरी होने की शिकायत की। संदेह के आधार पर एक व्यक्ति को पकड़कर आरपीएफ पोस्ट लाया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम आशिष प्रधान (46 वर्ष), निवासी दक्षिण 24 परगना, पश्चिम बंगाल बताया। सख्ती से पूछताछ करने पर उसने कबूल किया कि वह अपने तीन साथियों के साथ मिलकर ट्रेनों में चोरी और छिनतई करता है। आरोपी ने बताया कि आर्थिक तंगी के कारण वह इस गिरोह से जुड़ा और कई राज्यों में ट्रेनों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने लगा।

## एनसीसी प्रशिक्षण शिविर के छठे दिन कैडेट्स में दिखा उत्साह, मेडिटेशन सत्र रहा आकर्षण का केंद्र

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरी तिलैया** : बगीटाड़ स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक, कोडरमा के प्रांगण में ग्रुप हेडक्वार्टर हजारीबाग के अंतर्गत 45 झारखंड बटालियन एनसीसी, कोडरमा के कमान अधिकारी विजय कुमार (सेना मेडल) के कुशल नेतृत्व में चल रहे 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के छठे दिन की शुरूआत उत्साह और जोश के साथ हुई। सुबह कैडेट्स ने वार्म-अप, स्ट्रेचिंग एवं ड्रिल के साथ दिनचर्या की शुरूआत की। दिन का मुख्य आकर्षण ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की आध्यात्मिक गुरु जूली बहन जी का मेडिटेशन सत्र रहा। उन्होंने एनसीसी कैडेट्स को ध्यान (मेडिटेशन) का अभ्यास कराया तथा आध्यात्मिक चेतना और मानसिक संतुलन के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर बटालियन के सूबेदार मेजर जी.



के चौधरी एवं ट्रेनिंग जेसीओ बलविंदर सिंह द्वारा जूली बहन जी को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। वहीं, 45 झारखंड बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर विजय कुमार (सेना मेडल) ने कैडेट्स के अनुशासन, समर्पण और प्रशिक्षण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की सराहना की। शिविर में जिले भर से आए लगभग 600 एनसीसी कैडेट्स विभिन्न प्रशिक्षण सत्रों में सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। इन सत्रों में ड्रिल, हथियार संचालन, उसके रखरखाव एवं अन्य कठिन अभ्यास शामिल हैं। विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों से आए एनसीसी अधिकारियों द्वारा कैडेट्स को लीडरशिप क्वालिटी, नेशनल इंटीग्रेशन, हेल्थ एंड हाइजीन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्याख्यान भी दिया जा रहा है। शिविर के डिप्टी कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट संतोष कुमार के मार्गदर्शन में बटालियन के गर्ल्स कैडेट इंस्ट्रक्टर शिवानी शर्मा, सेकंड ऑफिसर नवीन चौधरी, सेकंड ऑफिसर अनिल कुमार एवं सेकंड ऑफिसर सत्यानंद द्वारा कैडेट्स को सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारी कराई जा रही है।

## पतरातू को मिला नया नेतृत्व राघवेंद्र शर्मा बने एसडीपीओ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पतरातू** : पतरातू अनुमंडल पुलिस क्षेत्र को नया नेतृत्व मिल गया है। राघवेंद्र शर्मा ने सोमवार को पतरातू के नए एसडीपीओ के रूप में पदभार ग्रहण किया। पदभार संभालते ही उन्होंने स्पष्ट संदेश दिया कि क्षेत्र में अपराध नियंत्रण उनकी पहली प्राथमिकता होगी और कानून व्यवस्था से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उनके आगमन से क्षेत्रवासियों में नई उम्मीद जगी है। मीडिया से बातचीत में राघवेंद्र शर्मा ने कहा कि अपराधियों के खिलाफ सख्त और प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने साफ कहा कि क्षेत्र में सक्रिय असामाजिक तत्वों, चोरी, लूट, रंगदारी और अन्य आपराधिक गतिविधियों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। नए एसडीपीओ ने कहा कि पतरातू क्षेत्र में नशाखोरी और उससे जुड़े



गिरोहों पर भी विशेष अभियान चलाया जाएगा। नशे के अवैध कारोबार में शामिल लोगों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे से बचाना पुलिस और समाज दोनों की जिम्मेदारी है। राघवेंद्र शर्मा ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना भी उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। छेड़छाड़, घरेलू हिंसा और महिला उत्पीड़न जैसे मामलों पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। पुलिस टीम को संवेदनशील और जवाबदेह बनाने पर जोर दिया जाएगा।

## बरका सयाल की बड़ी उपलब्धि, जीएम को यूनियन ने किया सम्मानित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददतात

**भुरकुंडा** : सीसीएल बरका सयाल क्षेत्र में उत्पादन लक्ष्य हासिल होने के बाद खुशी और सम्मान का माहौल देखने को मिला। दी झारखंड



कोलियरी मजदूर यूनियन (दी झाकोमयू) का एक प्रतिनिधिमंडल बरका सयाल के महाप्रबंधक अजय कुमार सिंह से मिला और वर्ष 2025-26 के उत्पादन लक्ष्य को सफलतापूर्वक पूरा करने पर उन्हें बधाई दी। प्रतिनिधिमंडल ने महाप्रबंधक अजय कुमार सिंह को बुके भेंट कर सम्मानित किया। यूनियन नेताओं ने कहा कि उनके कुशल नेतृत्व, बेहतर समन्वय और योजनाबद्ध कार्यशैली के कारण उत्पादन लक्ष्य हासिल करना संभव हो सका। प्रतिनिधिमंडल ने यह भी कहा कि उत्पादन उपलब्धि में कामगारों की मेहनत और समर्पण की बड़ी भूमिका रही है। कठिन परिस्थितियों में भी मजदूरों ने लगातार काम कर संस्थान को नई उपलब्धि दिलाई। इस अवसर पर अजय कुमार सिंह ने यूनियन प्रतिनिधियों और मजदूरों के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि श्रमिकों, अधिकारियों और यूनियन के बीच बेहतर तालमेल के कारण ही लक्ष्य प्राप्त किया जा सका। भविष्य में भी इसी टीम भावना के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है।

## झुमरी तिलैया में भगवान परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम से संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरी तिलैया** : भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम का जन्मोत्सव झुमरी तिलैया के जैन भवन में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत भगवान परशुराम की पूजा और रामायण अखंड पाठ के समापन के बाद विधिवत हवन-पूजन किया गया। हवन में जिला अध्यक्ष अनूप जोशी एवं नीलम जोशी ने आहुति दी। इसके पश्चात भंडारा का आयोजन कर श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया, जिसके साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। हवन पूजन में मनोज जोशी, सुजाता जोशी, डोमचांच प्रमुख सत्यनारायण



यादव, सुनील बड़गांवे,विवेक सहल,चंद्रशेखर जोशी , सहित कई गणमान्य लोगों ने भाग लिया। पूजन का विधि-विधान पंडित कमल कांत पांडेय, राधेश्याम पांडेय एवं संजय बनर्जी द्वारा संपन्न कराया गया।जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ने कहा भगवान परशुराम की पूजा और अखण्ड रामायण पाठ कर हमलोग समाज में सदभावना का संदेश देते हैं और समाज को धर्म के लिए संदेश देते हैं कि शास्त्र के साथ शस्त्र की भी आवश्यकता है कि जब आप शक्तिशाली रहेंगे तभी धर्म और संस्कृति कि रक्षा कर पाएंगे और तभी समाज का कल्याण होगा ।कार्यक्रम में दिनेश मिश्रा, अस्थाना जी, उपेंद्र दुबे, विजय पांडेय, अविनाश सेठ, नरेंद्र झाझरी, दिलीप जैन, नरेंद्र पाल,बीरेंद्र कराटे,दशरथ मोदी, राजीव तिवारी, दिलीप वर्मा समेत अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# जल है तो कल है, ए'ला एंगलाइज विद्यालय में पोस्टर प्रतियोगिता से गूंजा जल संरक्षण का संदेश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**भुरकुंडा** : ए'ला एंगलाइज विद्यालय परिसर में जल पखवाड़ा के दूसरे दिन विद्यार्थियों के बीच जागरूकता और रचनात्मकता का शानदार संगम देखने को मिला। विद्यालय के इको क्लब द्वारा जल संरक्षण विषय पर पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण का सशक्त संदेश दिया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के इको क्लब के तत्वावधान में किया गया। इस पहल का नेतृत्व बबीता सिंह ने किया। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को जल के महत्व, जल संकट और संरक्षण की आवश्यकता से जोड़ना था,




ताकि वे भविष्य के जिम्मेदार नागरिक बन सकें। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने जल है तो कल है, हर बूंद कीमती है, पानी बचाओ, जीवन बचाओ जैसे विषयों पर आकर्षक, रचनात्मक और संदेशपूर्ण पोस्टर तैयार किए। बच्चों की कल्पनाशीलता और सामाजिक सोच ने सभी को प्रभावित किया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने पूरे मनोयोग और मेहनत के साथ भाग लिया। रंगों और संदेशों के माध्यम से बच्चों ने यह साबित किया कि नई पीढ़ी पर्यावरण को लेकर गंभीर और जागरूक है। प्रतियोगिता के परिणामों में रिया कुमारी और रिषभ बेदिया ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं अभिलाषा कुमारी ने द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि चंचल गुप्ता तृतीय स्थान पर रहीं। विजेताओं के नाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर तालियों से गूंज उठा। विद्यालय प्रशासन ने इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक जिम्मेदारी और सकारात्मक सोच विकसित करने में अहम भूमिका निभाते हैं। पढ़ाई के साथ-साथ ऐसे कार्यक्रम बच्चों के व्यक्तित्व विकास में भी सहायक होते हैं।कार्यक्रम के अंत में सभी विजेताओं को बधाई दी गई तथा उपस्थित विद्यार्थियों को जल बचाने, अनावश्यक जल बबार्दी रोकने और समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प दिलाया गया। विद्यालय की यह पहल अभिभावकों और स्थानीय लोगों के बीच भी सराहना का विषय बनी रही।

## संक्षिप्त खबरें

### उपायुक्त और एसपी से मिले समाजसेवी रामगढ़ के विकास पर हुई सकारात्मक चर्चा



**रामगढ़** : जिले में प्रशासनिक नेतृत्व के नए दौर की शुरूआत के बीच समाजसेवी कमल बगड़िया ने नवनियुक्त उपायुक्त ऋतुराज कुमार और पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुणायत से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बुके भेंट कर रामगढ़वासियों की ओर से दोनों अधिकारियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। मुलाकात के दौरान कमल बगड़िया ने रामगढ़ की सामाजिक एकता, भाईचारे और ऐतिहासिक महत्व पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि रामगढ़ केवल औद्योगिक और व्यापारिक पहचान वाला जिला नहीं, बल्कि सांस्कृतिक विरासत से भी समृद्ध है। यहां विभिन्न समुदायों के लोग आपसी सौहार्द के साथ रहते हैं। बातचीत में यह भी बताया गया कि रामगढ़ में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का अस्थि कलश स्थापित है, जो जिले की ऐतिहासिक पहचान का महत्वपूर्ण प्रतीक है। यहां प्रत्येक वर्ष 2 अक्टूबर और 30 जनवरी को प्रार्थना सभा आयोजित की जाती है, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल होते हैं। मुलाकात के दौरान अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि रामगढ़ की सुरक्षा, शांति व्यवस्था और विकास को लेकर कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। कानून व्यवस्था को मजबूत करने, आम लोगों की समस्याओं के समाधान और प्रशासन को जनहितकारी बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। जिले में युवा अधिकारियों की तैनाती को लेकर शहरवासियों में उत्साह देखा जा रहा है। लोगों का मानना है कि नई सोच, ऊर्जा और सक्रिय कार्यशैली से रामगढ़ को विकास की नई गति मिलेगी। प्रशासनिक निर्णयों में तेजी और बेहतर समन्वय की उम्मीद भी जताई जा रही है। समाजसेवी कमल बगड़िया ने कहा कि प्रशासन और जनता के बीच बेहतर तालमेल से ही जिले का समग्र विकास संभव है। यदि जनप्रतिनिधि, अधिकारी और नागरिक मिलकर कार्य करें तो रामगढ़ नई ऊंचाइयों को छू सकता है।

### श्री अग्रसेन स्कूल के शूटर्स हुए सम्मानित, 10 मेडल जीतकर बढ़ाया मान



**भुरकुंडा** : श्री अग्रसेन स्कूल, भुरकुंडा में सोमवार को गौरव और उत्साह का माहौल देखने को मिला। राइफल और पिस्टल शूटिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों को विद्यालय परिसर में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विजेता खिलाड़ियों के बीच प्रमाण पत्र वितरित किए गए और उनकी उपलब्धियों की सराहना की गई। विद्यालय के खिलाड़ियों ने रांची के नामकुम स्थित आरके आनंद राइफल शूटिंग रेंज में दिसंबर माह में आयोजित शूटिंग चैंपियनशिप में कुल 10 मेडल जीतकर स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया था। यह प्रतियोगिता झारखंड ओलिंपिक एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित हुई थी, जिसमें राज्य के विभिन्न स्कूलों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने 3 गोल्ड, 3 सिल्वर और 4 ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किए। अंडर-21 वर्ग में अदिति कुमारी, अंडर-19 वर्ग में प्रिंसेस जहान्वी और चंद्रकांत कुमार ने गोल्ड मेडल जीता। वहीं अंडर-19 में आदर्श कुमार सिंह, श्रेया कुमारी तथा अंडर-21 में आदित्य सिंह ने सिल्वर मेडल हासिल किया। इसके अलावा अंडर-17 में श्रेया श्री, अंडर-21 में काजल कुमारी, अंडर-19 में रौनक कुमार और राखी कुमारी ने ब्रॉन्ज मेडल जीतकर शानदार सफलता दर्ज की। विद्यालय के प्राचार्य विवेक प्रधान ने सभी खिलाड़ियों, शूटिंग कोच विकास कुमार, खेल शिक्षक आयुष मजुमदार और मंजु कुमारी को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि राइफल शूटिंग ऐसा खेल है, जहां एक छोटी-सी चूक भी परिणाम बदल सकती है। यही खेल हमें जीवन में सही निर्णय लेने और एकाग्रता बनाए रखने की सीख देता है। प्राचार्य ने कहा कि सच्चा खिलाड़ी वही है, जो हर असफलता से सीखकर और मजबूत होकर लौटता है। उन्होंने विश्वास जताया कि ये खिलाड़ी भविष्य में राज्य और देश का नाम रोशन करेंगे।

### निबंध राइटिंग व सामाजिक बुराई पर चित्रांकन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**कोडरमा** : परियोजना बालिका उच्च विद्यालय जयनगर में सोमवार को विधिक जागरूकता शिविर सह महिला सशक्तिकरण व सामाजिक कुरीतियों पर निबंध राइटिंग व सामाजिक कुरीतियों पर चित्रांकन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख अतिथि के रूप में जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के सचिव गौतम कुमार उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को कानून के प्रति जागरूक करना है, जिससे वे अपने अधिकारों को सजग होकर प्राप्त कर सके। वही डिफेंस काउंसिल के अधिवक्ता नवल किशोर ने आईटी एक्ट एवं पोक्सो एक्ट पर विस्तृत रूप से जानकारी दी। वहीं अरुण कुमार ओझा ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों, सामाजिक कुरीतियों, बाल विवाह बाल मजदूरी, शिक्षा का अधिकार, महिला प्रताड़ना, अधिकार और कर्तव्य पर विस्तृत रूप से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कानून की अवहेलना करने पर दंड का प्रावधान है। वहीं उन्होंने बताया कि बाल विवाह एक सामाजिक समस्या है जिसे हम सभी को मिलकर दूर करने की जरूरत है। मौके पर छात्राओं के बीच निबंध राइटिंग व सामाजिक कृतियों पर चित्रांकन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम सिमरन कुमारी क्लास 10 की छात्रा, द्वितीय दीपिका कुमारी क्लास नाइन की छात्रा , तृतीय मेघा कुमारी क्लास 9 की छात्रा रही । वही सामाजिक बुराई पर चित्रांकन प्रतियोगिता में प्रथम प्रियंका कुमारी और ग्रुप- प्रथम, दीपिका कुमारी और ग्रुप द्वितीय व मेघा कुमारी और ग्रुप तृतीय रहे। सभी को मौके पर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा, रमाकांत मिश्रा सर के नेतृत्व में चलाया जा रहा है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को जागरूक करने के साथ संस्कारीत करना है। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के प्रिंसिपल प्रकाश कुमार रविदास ने किया।

## एक नजर

### भीषण गर्मी को देखते हुए विद्यालय के समय में परिवर्तन

**सरिया :** भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार द्वारा विद्यालय के समय में परिवर्तन किया गया है। साथ ही भीषण गर्मी तथा लू की चपेट में आने से विद्यार्थी बच सके। उन्होंने सरकारी तथा निजी विद्यालय के प्रधानाध्यापक को निर्देश दिया कि कक्षा 1 से कक्षा 8 तक के बच्चों के लिए प्रात: 7:00 बजे से पूर्वाह्न तक कच्चा संचालित करेंगे जब के वर्ग 9 से लेकर वर्ग 12 तक के कक्षा 7:00 बजे से संचालित की जाएगी। वहीं निर्देश दिया गया है सरकारी विद्यालय में कार्यरत शिक्षक एवं शिक्षकों 1:00 बजे तक गैर शैक्षणिक कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित करेंगे। उक्त आदेश 11 अप्रैल से प्रभावित होगा।

### ग्राम प्रधानों को पेसा नियमावली की दी गई जानकारी

**खूंटी :** तोरपा प्रखंड कार्यालय सभागार में सोमवार को पेसा नियमावली की जानकारी देने और के संबंध में जागरूकता के लिए बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न गांवों से आए ग्राम प्रधानों को बीडीओ नवीन चंद्र झा और सीओ पूजा बिन्हा ने पेसा नियमावली की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान ग्राम प्रधानों के साथ नियमावली के विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुए ग्राम प्रधान के चयन से जुड़े मुद्दों पर भी जानकारी ली गई। अधिकारियों ने बताया कि पेसा नियमावली के माध्यम से ग्राम सभा को कई महत्वपूर्ण अधिकार दिए गए हैं, जिनका उद्देश्य गांवों में पारंपरिक व्यवस्था को सशक्त बनाना और स्थानीय स्तर पर निर्णय प्रक्रिया को मजबूत करना है। उन्होंने ग्राम प्रधानों से अपने-अपने गांवों में इसकी जानकारी लोगों तक पहुंचाने की अपील की। बैठक में प्रमुख रोहित सुरीन, उपप्रमुख संतोष कर, प्रशिक्षु डिप्टी कलेक्टर उपुल बहा मुर्मू और अंकिता कुमारी के अलावा प्रखंड स्तरीय पारंपरिक हातु सभा संघ के अध्यक्ष उम्बलन तोपनो सहित विभिन्न गांवों के ग्राम प्रधान उपस्थित थे।

### आग से झुलसी महिला की इलाज के दौरान 9वें दिन मौत

**लातेहार :** जिले के बालुमाथ थाना क्षेत्र के भामशाह तेली टोला की सुनैना देवी पति राहुल कुमार साहू का इलाज के दौरान रविवार शाम को मौत हो गई। महिला गंभीर रूप से झुलस गई थी और पिछले नौ दिनों से रांची के एक अस्पताल उसका इलाज चल रहा था। उसका अंतिम संस्कार सोमवार को बालुमाथ के मुक्तिधाम में किया गया। घटना के बाद से ही घर में शोक का माहौल है। उनके दो छोटे-छोटे बच्चें हैं। जिसका रो-रो कर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार पिछले 11 अप्रैल को 22 वर्षीय सुनैना देवी घर के बाहर से एक कोयले के चूल्हे को घर के अंदर ले जा रही थी।

# डीईओ सह डीसी ने एसआइआर से पूर्व मतदाता सूची और बूथ तैयारियों पर दिया जोर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बोकारो :** सभी निवार्ची पदाधिकारी - सहायक निवार्ची पदाधिकारी को मान्यता प्राप्त राजनीतिक पार्टी प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर सभी बूथों पर बूथ लेवल एजेंटों की सूची तैयार कराने को कहा सुपरवाइजरों से एएसडीडी लिस्ट का शतप्रतिशत सत्यापन कराने एवं त्रुटि रहित मतदाता सूची तैयार करने के दिशा में ईमानदारी - पारदर्शिता के साथ काम करने - एईआरओ/ईआरओ को भी रेंडम एएसडीडी लिस्ट का सत्यापन करने का निर्देश मैपिंग, स्टीकर लगाने, नजरी - नक्शा, मतदाता सूची अपडेट आदि का किया समीक्षा, समाहरणालय सभागार में की बैठक, दिया अहम दिशा - निर्देश सोमवार को समाहरणालय सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में डीईओ सह डीसी अजय नाथ झा ने निर्वाचन कार्यालय द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। उन्होंने प्रस्तावित विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण से पूर्व किए जा रहे कार्यों की वर्तमान स्थिति का आकलन किया तथा समयबद्ध तरीके से सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। मौके पर निवार्ची निबंधन पदाधिकारी गोमिया सह एसी मो. मुमताज अंसारी, निवार्ची निबंधन पदाधिकारी बोकारो सह एसडीओ चास सुश्री प्रांजल ढांडा, निवार्ची निबंधन पदाधिकारी चंदनकियारी सह डीसीएलआर प्रभाष दत्ता, निवार्ची निबंधन पदाधिकारी बेरमो सह एसडीओ मुकेश मछुआ, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रेम चंद सिन्हा, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत सभी सहायक निवार्ची निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ/सीओ, कंप्यूटर आपरेटर व अन्य उपस्थित थे। बैठक के दौरान सभी निवार्ची पदाधिकारी एवं सहायक निवार्ची पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि वे मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित कर प्रत्येक मतदान केंद्र के लिए बूथ लेवल एजेंट की सूची तैयार कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में सभी की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। डीईओ सह डीसी ने जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी को निर्देश दिया कि वे सभी राजनीतिक दलों के जिलाध्यक्षों के साथ शीघ्र बैठक आयोजित करें। इससे निर्वाचन कार्यों में पारदर्शिता एवं विश्वास बढ़ेगा। साथ ही विधानसभा स्तर पर कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटरों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ करने को कहा। डीईओ सह डीसी ने मतदान कार्य से जुड़ें बीएलओ - सुपरवाइजरों को एएसडीडी सूची का शत-प्रतिशत सत्यापन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता लोकतांत्रिक प्रक्रिया की आधारशिला है, अतः इसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। ईआरओ एवं एईआरओ को भी निर्देशित किया गया कि वे रेंडम रूप से एएसडीडी सूची का सत्यापन करें, ताकि कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके।

## धनबाद में सालगिरह पार्टी के दौरान बॉडीगार्ड की गोलीबारी का वीडियो वायरल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद में एक बार फिर दबंगई और कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। भारत कोकिंग कोल लिमिटेड से जुड़े चर्चित नाम लालबाबू सिंह और उनके भाई कुंभ नाथ सिंह एक बार फिर चर्चा में हैं। इस बार मामला किसी विवाद या टेंडर से नहीं, बल्कि एक भव्य सालगिरह समारोह के दौरान खुलेआम फायरिंग से जुड़ा है। जानकारी के अनुसार, धनबाद के कुसुम बिहार इलाके में कुंभ नाथ सिंह की शादी की सालगिरह पर भव्य आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में बड़े पैमाने पर खर्च कर कलाकारों को बुलाया गया था और चारों ओर रोशनी, संगीत और जश्न का माहौल था। लेकिन इसी दौरान माहौल उस समय अचानक बदल गया, जब कुंभ नाथ सिंह के निजी अंगरक्षक ने हवा में ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि मंच पर कुंभ नाथ सिंह गाना गा रहे हैं, जबकि उनके पीछे खड़ा बॉडीगार्ड लगातार गोलियां चला रहा है। मौके पर मौजूद उनके करीबी कुणाल सिंह ने भी अंगरक्षक को फायरिंग के लिए इशारा किया, जिसके बाद कई राउंड गोलियां चलाई गईं। हैरानी की बात यह रही कि गोलीबारी के बावजूद कार्यक्रम में मौजूद लोग दहशत के बीच भी जश्न में शामिल रहे। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे पुलिस की कार्यशैली और कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। खुलेआम फायरिंग की यह घटना प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बनकर सामने आई है।

## केंद्र सरकार तुरंत लागू करे 33 प्रतिशत आरक्षण : परविंदर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**पूर्वी सिंहभूम :** जिला कांग्रेस कमिटी की ओर से सोमवार को बिष्टूपुर स्थित तिलक पुस्तकालय में आयोजित प्रेस वार्ता में जिलाध्यक्ष परविंदर सिंह ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि महिला आरक्षण के मुद्दे पर पूरा विपक्ष एकमत है और यदि केंद्र सरकार की मंशा साफ है तो वर्ष 2023 में सर्वसम्मति से पारित विधेयक को बिना देरी के लागू करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार ने राजनीतिक लाभ के लिए इस विषय को उलझाने का प्रयास किया, लेकिन विपक्ष की एकजुटता के सामने उसकी रणनीति विफल हो गई। परविंदर सिंह ने आरोप लगाया कि विधानसभा चुनावों के बीच अचानक संसद का विशेष सत्र बुलाकर सरकार ने जल्दबाजी में विधेयक पेश किया, ताकि विपक्ष को पर्याप्त चर्चा का अवसर न मिल सके। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण के नाम पर परिसीमन लागू करने की कोशिश दरअसल सत्ता हासिल करने की रणनीति का हिस्सा थी। कांग्रेस सहित पूरा विपक्ष महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के पक्ष में है और लोकसभा की 543 सीटों में इसका क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही उन्होंने ओबीसी महिलाओं को भी उनकी आबादी के अनुरूप आरक्षण देने की मांग दोहराई। उन्होंने कहा कि हालिया घटनाक्रम से यह स्पष्ट हो गया है कि जब विपक्ष एकजुट होता है तो केंद्र सरकार को पीछे हटना पड़ता है। सरकार की ओर से इस स्थिति को ब्लैक डे बताना उसकी हताशा को दशार्ता है, जबकि वास्तव में यह लोकतांत्रिक मूल्यों की जीत है।

## चुआड़ विद्रोह विवाद-प्रतिवादी अनुपस्थित, अदालत ने सशरीर उपस्थिति का अंतिम नोटिस किया जारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पटमदा :** आदिवासी भूमिज मुंडा चुआड़ सेना द्वारा शैलेंद्र महतो एवं अन्य के विरुद्ध झारखंड की समर गाथा पुस्तक में उल्लेखित चुआड़ विद्रोह से संबंधित मामले में दायर किये गये सिविल मुकदमे में प्रतिवादी -निधि बुक्स, इसके मैनेजिंग डायरेक्टर तथा प्रोप्राइटर दानिश डिस्ट्रीब्यूटर्स, आज भी अदालत में अनुपस्थित रहे। यह मामला लगभग एक वर्ष पूर्व सिविल न्यायालय में दर्ज किया गया था। मुकदमे की सुनवाई के दौरान प्रतिवादी संख्या 2, से 4 लगातार अनुपस्थित रहे। माननीय न्यायलय रांची द्वारा पूर्व में उन्हें नोटिस /समन भेजा जा चुका था।लेकिन इसके बावजूद वे अदालत में उपस्थित नहीं हों रहें है। अदालत ने अंतिम अवसर देते हुए दिनांक 20/02/2026 को विशेष कोर्ट नोटिस जारी कर आज (20) अप्रैल 2026) उन्हें सशरीर उपस्थित होने का आदेश दिया था। इस नोटिस को दिनांक 20/03/2026 के कई समाचार पत्रों में भी प्रकाशित करवाया गया था। इसके बावजूद सभी अन्य प्रतिवादी आज भी अदालत में अनुपस्थित रहे। यह उनके कानूनी प्रक्रिया के प्रति उदासीनता और अदालती सम्मान की कमी को दशार्ता है एवं जानबूझकर सुनवाई से बचने की मंशा प्रतीत हो रहा है। इस संबंध में आज हमारे सम्मानित वकील विवेक आर्य के माध्यम से प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रतिवादियों की तरफ से बार-बार की जा रही अनुपस्थिति के कारण मुकदमे की सुनवाई प्रभावित हो रही है। आदिवासी भूमिज मुंडा चुआड़ सेना के सह सचिव रामू सरदार का कहना है। पूर्व सांसद शैलेंद्र महतो ने खुद मीडिया के जरिए चुनौती देते हुए कहा था कि उनकी पुस्तक में उल्लेखित चुआड़ विद्रोह एवं रघुनाथ महतो पर कोई आपत्ति हो तो अदालत जाए। हमने उसी चुनौती को स्वीकार करते हुए कानूनी कदम उठाया और पुस्तक के प्रकाशक, डिस्ट्रीब्यूटर एवं लेखक के विरुद्ध सिविल मुकदमा किया। लेकिन अब तक न्यायलय की सुनवाई में लेखक को छोड़ अन्य प्रतिवादी पक्ष अदालत में नहीं पहुँचा। जिस कारण वश न्यायलय ने अन्य प्रतिवादी को जवाब दाखिल करने का आखिरी मौका को समाप्त करते हुए अन्य प्रतिवादीयो की कार्रवाई एक तरफा करने का आदेश दिया। यह स्पष्ट रूप से दशार्ता है कि अदालती प्रक्रिया की अवहेलना बुक पब्लिकेशन निधि बुक्स के द्वारा किया जा रहा था।

## महिला शक्ति वंदन अधिनियम बिल पर दोहरा रवैया अपना रही कांग्रेस : अन्नपूर्णा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**देवघर :** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने महिला शक्ति वंदन अधिनियम बिल को लेकर विपक्ष पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि एक ओर कांग्रेस और उसके सहयोगी दल महिलाओं के विकास की बात करते हैं, वहीं दूसरी ओर जब महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने के लिए आरक्षण बिल लाया जाता है, तो उसका विरोध करते हैं। पत्रकारों से बातचीत में केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस पर दोहरी नीति अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह उसका असली चरित्र दशार्ता है। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस ओबीसी आरक्षण की बात करती है, लेकिन इसे संवैधानिक रूप देने का काम भारतीय जनता पार्टी ने किया है। राज्य की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए अन्नपूर्णा देवी ने हाल में रिम्स में डेंटल छात्रा के साथ दुष्कर्म और तीन साल की बच्ची के साथ हुई घटना का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि झारखंड में सरकार सिर्फ अपने हितों में लगी है और कानून-व्यवस्था भगवान भरोसे है। महिला आयोग के गठन में देरी पर चिंता जताते हुए उन्होंने हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि संथाल परगना क्षेत्र में महिलाओं के साथ लगातार अत्याचार हो रहे हैं, लेकिन उन्हें न्याय नहीं मिल पा रहा है। इसके साथ ही मंत्री ने पश्चिम बंगाल चुनाव को लेकर भी बयान दिया और कहा कि महिला आरक्षण बिल के विरोध का असर चुनाव में दिखेगा। उन्होंने दावा किया कि राज्य की महिलाएं भाजपा के पक्ष में मतदान कर ममता बनर्जी को जवाब देंगी।

## संक्षिप्त खबरें

### कड़ी गर्मी में राहगीरों को राहत: मारवाड़ी महिला समिति ने स्टेशन रोड पर बांटा सत्तू शर्बत, तरबूज व फल




**सरिया :** स्टेशन रोड स्थित श्री विष्णु मंदिर के सामने सोमवार को सरिया मारवाड़ी महिला समिति ने भीषण गर्मी को देखते हुए राहगीरों की सेवा का अनुपम उदाहरण पेश किया। समिति की ओर से करीब 800 राहगीरों के बीच सत्तू शर्बत, चना, खीरा, तरबूज सहित विभिन्न फलों का नि:शुल्क वितरण किया गया।इस सामाजिक कार्य की स्थानीय लोगों तथा राहगीरों ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की। गर्मी से परेशान राहगीरों को ठंडा शर्बत और ताजा फल मिलने से वे काफी राहत महसूस कर रहे थे। समिति की अध्यक्ष संगीता अग्रवाल ने कहा, हमारी संस्था पूरे वर्ष विभिन्न प्रकार के सामाजिक कार्य करती रहती है। आगे भी सामाजिक सेवा के क्षेत्र में हमारी समिति कभी पीछे नहीं रहेगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में सचिव अरुणा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष लीना अग्रवाल तथा स्वेता अग्रवाल, अलका अग्रवाल, मीरा अग्रवाल, कुसुम अग्रवाल, अर्पणा अग्रवाल, बबिता अग्रवाल, रेणु अग्रवाल, आशा अग्रवाल, रेशु सलूजा का सराहनीय योगदान रहा।सरिया मारवाड़ी महिला समिति लगातार समाज की सेवा में सक्रिय रहती है और ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन करती है।

### मामूली बात को लेकर युवकों ने ऑटो चालक के सर पर फोड़ा बियर का बोतल




**बोकारो :** बोकारो में मामूली बात को लेकर युवकों ने ऑटो चालक के सर पर फोड़ा बियर का बोतल। ऑटो चालक हुआ लहूलुहान जहां मामला पहुंचा सिटी थाना। पूरी घटना के बारे में बताते चले कि बोकारो के सिटी थाना क्षेत्र के सेक्टर 12 मोड का पास उस समय विवाद हो गया जब एक ऑटो चालक नवनीत कुमार सवारी उतार रहा था, इसी क्रम में एक बाइक पर सवार तीन युवक पहुंचा और चास चलने के लिए कहा। ऑटो चालक के अनुसार जब ऑटो चालक नवनीत कुमार ने इनकार किया तीनों युवक गुस्सा में आ गया और ऑटो के आगे खड़ा हो गया। विवाद बढ़ते बढ़ते हंगामा होने लगा जहां इन युवकों ने और 10 युवकों को बुला लिया गया जहां इसी दौरान एक युवक ने बियर का बोतल ऑटो चालक नवनीत कुमार के माथा में दे मारा और भाग गया। पीड़ित इस दौरान घायल हो गया जहां घायल अवस्था में आरोपी के बाइक के नंबर का फोटो खींच लिया। आज सभी ऑटो चालक ऑटो संघ के बैनर तले सिटी थाना पहुंचा जहां लिखित आवेदन दिया।

### बीएसएल नगर-सेवा में 'इलेक्ट्रिकल वीक' का हुआ शुभारंभ




**बोकारो :** इस्पात संयंत्र के नगर-सेवा विभाग में 'इलेक्ट्रिकल वीक' का शुभारंभ किया गया। सप्ताहभर चलने वाला यह विशेष कार्यक्रम उपभोक्ताओं को सुलभ, पारदर्शी एवं उत्तरदायी विद्युत सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस 'इलेक्ट्रिकल वीक' का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधी शिकायतों एवं समस्याओं का यथासंभव प्रभावी निवारण सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम के दौरान उपभोक्ता अपनी विद्युत समस्याएं, शिकायतें तथा सुझाव नगर-सेवा भवन में प्रस्तुत कर सकते हैं। यह आयोजन वैधानिक प्रावधानों के अंतर्गत किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य सेवा प्रदाता एवं उपभोक्ताओं के बीच संवाद को सुदृढ़ करना है। इस अवसर पर कंज्यूमर ग्रीवेंस रिड्रेसल फोरम, बोकारो के सदस्य तथा नगर-सेवा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। नगर-सेवा विभाग ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे 'इलेक्ट्रिकल वीक' में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें तथा अपनी शिकायतों के साथ-साथ रचनात्मक सुझाव भी साझा करें, ताकि सेवाओं में और अधिक सुधार लाया जा सके।

### उद्यान विकास योजना अंतर्गत किया गया बीच का वितरण



**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत रविवार के दिन उद्यान विकास योजना अंतर्गत सिल्ली,कोचों एवं लुपुंग पंचायत के लाभुको के बीच अदरक बीज का वितरण किया गया। प्रत्येक लाभुकों के बीच 40 किग्रा अदरक का बीज का वितरण किया गया। वितरण के दौरान उपस्थित लोगों ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से यह एक बेहतर प्रयास है ताकि लाभुकों को खेती के माध्यम से जोड़कर उनकी आय में वृद्धि हो सके।इस मौके पर जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि अखिल महतो,सिल्ली पंचायत के मुखिया भरत मुंडा, अनादि महतो, गुरुपद महली, किसलय, नागेन, कुमुद, रोबेन, चितरंजन महतो, मुल्का कुम्हार, बाघा कुम्हार, डोमन कुम्हार,उम्र अंसारी, राकेश महतो एवं प्रिया कोईरी समेत अन्य कई लोग मौजूद रहे।

# डीपीएस बोकारो में मॉक ड्रिल के जरिए बच्चों ने सीखे आग से बचाव के गुर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** सावधानी ही सबसे बड़ा बचाव है और इसी मंत्र को आत्मसात करते हुए राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत अंतिम दिन सोमवार को डीपीएस बोकारो की प्राइमरी इकाई में एक भव्य मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। झारखंड अग्निशमन सेवा विभाग के नेतृत्व में आयोजित इस विशेष सत्र में विद्यालय के नन्हे विद्यार्थियों, कर्मचारियों और सुरक्षा प्रहरियों को आग जैसी आपातकालीन स्थितियों से निपटने की गहन जानकारी दी गई। कार्यक्रम की कमान संभाल रहे अग्निशमन पदाधिकारी भगवान ओझा ने विद्यार्थियों को आग की प्रकृति समझाते हुए बताया कि किसी भी अनहोनी के समय घबराने के बजाय सही तकनीक का चुनाव करना ही जान-माल की रक्षा का एकमात्र तरीका है। विद्यालय प्रांगण में जब कागज, लकड़ियों और पेट्रोल-डीजल के जरिए कृत्रिम आग पैदा की गई, तो वहां मौजूद छात्र उसे बुझते देखने के लिए रोमांचित हो उठे। फायर टीम ने बड़े ही पेशेवर अंदाज में फोम, पाउडर और ऑक्सीजन की आपूर्ति बाधित करने वाली तकनीकों का प्रदर्शन किया। छात्र-छात्राओं ने न केवल इन विधियों को देखा, बल्कि सुरक्षा घेरे में रहकर खुद अग्निशामक यंत्रों को चलाने का हैंड्स-ऑन अनुभव भी प्राप्त किया। सभी को आग की विभिन्न श्रेणियों - ए, बी, सी और डी- के बारे में विस्तार से बताया गया और यह समझाया गया कि अलग-अलग तरह की आग को बुझाने के लिए विभिन्न प्रकार के उपकरणों की आवश्यकता होती है। इस क्रम में श्री ओझा ने इस वर्ष की अग्निशमन सेवा थीम - सुरक्षित विद्यालय, सुरक्षित अस्पताल, अग्निसुरक्षा के प्रति जागरुक समाज आग की रोकथाम के लिए एक साथ - की महत्ता भी समझाई। साथ ही, विभाग की ओर से जागरुकतापरक पर्चे भी वितरित किए।

**जागरुक बच्चे ही सुरक्षित भविष्य के आधार : प्राचार्य डॉ. गंगवार**

प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने इस आयोजन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ-साथ विद्यार्थियों की सुरक्षा और उन्हें जीवन-रक्षक कौशलों से लैस करना विद्यालय की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आपदा प्रबंधन की शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि ऐसे व्यावहारिक अनुभवों से बच्चों में आत्मविश्वास पैदा होता है, ताकि वे किसी भी संकट से जूझने के लिए तैयार रहें।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, सिमडेगा**

**अति–अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना सं०–04/2026–27 (प्रथम आमंत्रण)**

1. विभाग का नाम :–पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, सिमडेगा।
3. परिमाणविपत्र बिक्री की अंतिमतिथि एवंसमय :–28.04..2026 के अपराहन 3.00 बजेतक (छुट्टी के दिनोंको छोड़कर)
4. निविदाप्राप्ति की अंतिमतिथि एवंसमय :–29.04.2026को 3.00 बजेअपराह्नतक।
5. निविदा खोलने की संभाविततिथि एवंसमय :–29.04.2026 के 4.00 बजेअपराह्न।
6. निविदापरिमाणविपत्र बिक्री का स्थान :–कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, सिमडेगा का कार्यालय।
7. निविदाप्राप्ति का स्थान :–कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, सिमडेगा का कार्यालय।

**कार्य विवरणी :–**

| क्र० | कार्य का नाम | ग्रुप संख्या | नलकूपों की अनुमानित संख्या | प्रा०राशि (रू० में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | परिमाण वि०का मूल्य (रू० में) | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Supplying Labour, Vehicle With Fuel & Lubricants With All Tools & Plants for The Repair & Maintenance of Drilled Tube Wells in the rural areas under Drinking Water and Sanitation Sub Division No. 01, Simdega. | I | Major – 642 Minor- 321 Total- 963 | 749068.00 | 15000.00 | 1250.00 | सितम्बर 2026 तक |
| 2 | Supplying Labour, Vehicle With Fuel & Lubricants With All Tools & Plants for The Repair & Maintenance of Drilled Tube Wells in the rural areas under Drinking Water and Sanitation Sub Division No. 02, Simdega | II | Major – 425 Minor- 213 Total - 638 | 496195.00 | 10000.00 | 750.00 | सितम्बर 2026 तक |
| 3 | Supplying Labour, Vehicle With Fuel & Lubricants With All Tools & Plants for The Repair & Maintenance of Drilled Tube Wells in the rural areas under Drinking Water and Sanitation Sub Division Kolebira. | III | Major – 719 Minor- 360 Total - 1079 | 839226.00 | 17000.00 | 1250.00 | सितम्बर 2026 तक |

नोट :– 1.स्वीकृति की प्रत्याशा मेंउक्त निविदा आमंत्रित की गयीहै।
2. संवेदक को पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड अंतर्गत निबंधन अनिवार्य है।
3. परिमाणविपत्र का मूल्य किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा जारी ड्राफ्ट/बैंक संचेक द्वारा ही स्वीकार किये जायेंगे। ड्राफ्ट कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, सिमडेगा के पदनाम से प्रतिज्ञिप्त होनाचाहिए एवं सिमडेण्गा शाखा में भुगतेय होना अनिवार्य है।
4. नलकूपों के सामान्य मरम्मति के दौरान शिकायत मिलने पर नलकूपों की संख्या घट अथवा बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रण्मडल, सिमडेगा

PR 377884 Simdega(26-27)#D

# सत्ता में महिलाओं की भागीदारी, आठ देश सबसे आगे

संसद में महिलाओं के 33 फीसदी आरक्षण का विधेयक गिरने के साथ ही देश में सत्ता में महिलाओं की भागीदारी को लेकर नई बहस छिड़ गई है। जहां एक और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्र के नाम संदेश के माध्यम से महिलाओं से माफी मांगी है तो दूसरी और विपक्ष ने इसे अपनी बड़ी जीत और सरकार की हार बताई है। हालांकि विपक्ष यह भी कह रहा है कि उनका विरोध सीटों के परिसीमन से अधिक है। खैर, यह अलग बहस का विषय हो सकता है। पर एक बात साफ हो जानी चाहिए कि सत्ता में महिलाओं की हिस्सेदारी के मामले में हम दुनिया के देशों से अभी काफी पीछे चल रहे हैं। दुनिया के 190 देशों के आंकड़ों का विश्लेषण करें तो हमारे देश का स्थान 147 वां आता है। दुनिया के देशों में सत्ता में महिलाओं की भागीदारी की बात करें तो वैश्विक स्तर औसत 27.5 फीसदी है। 30 राष्ट्राध्यक्ष महिलाएं है तो दुनिया के केवल आठ देश ही ऐसे हैं जहां महिलाओं की भागीदारी 50 फीसदी से अधिक है। रवांडा, क्यूबा, निकारागुआ, कोस्टारिका, बोलिविया, मैक्सिको, एंडोरा और संयुक्त अरब अमीरात में 50 प्रतिशत से अधिक भागीदारी है। न्यूजीलैंड, डेनमार्क और आइसलैंड 45 से 50 प्रतिशत महिलाओं का प्रतिनिधित्व है। आज हम महिलाओं की 33 प्रतिशत भागीदारी की बात कर रहे हैं वहीं इस समय दुनिया के 56 देश ऐसे हैं जहां सत्ता में महिलाओं का 33 प्रतिशत प्रतिनिधित्व है। एक मोटे अनुमान के अनुसार हालिया चुनाव में 14 राज्यों में महिलाओं की निर्णायक भूमिका रही है। 2024 के लोकसभा चुनाव में भी 19 राज्यों केन्द्र शासित प्रदेशों में महिलाओं ने निर्णायक भूमिका निभाई। इसके साथ ही पिछले कुछ सालों के चुनाव परिणामों का विश्लेषण करें तो यह भी साफ हो जाता है कि लगभग सभी पार्टियों ने महिलाओं को केन्द्र में रखकर चुनाव घोषणा पत्र बनाये और महिलाओं को किसी भी नाम से योजना रखते हुए एक निश्चित राशि देने की बात प्रमुखता से की। बिहार, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश या अन्य प्रदेशों में लखपति दीदी या इसी तरह के नाम से मिलती जुलती योजनाओं में राशि उपलब्ध कराने की रणनीति महिला वोटों को अपनी और करने की रही है, यह दूसरी बात है कि इसका लाभ किस पार्टी को अधिक मिला। एक बात साफ हो जानी चाहिए राजनीतिक पार्टियां कहने को कुछ भी कहें पर विधानसभा और संसद में महिलाओं की भागीदारी अभी तक बढ़ नहीं पाई है। महिला प्रतिनिधित्व का वैश्विक औसत जहां 27.5 प्रतिशत है वहीं हमारे देश में अभी तक यह 14-15 प्रतिशत तक पहुंच पाया है। रोचक बात यह है कि 2009 की 15 वीं लोकसभा के पहले तक तो हमारे देश में लोकसभा में महिलाओं का प्रतिनिधित्व दहाई की संख्या में भी नहीं पहुंचा था। 15 वीं लोकसभा में पहली बार 10.9 प्रतिशत प्रतिनिधित्व हो सका। हालांकि 1977 में आपातकाल के ठीक बाद की लोकसभा में सबसे कम भागीदारी केवल 3.5 प्रतिशत ही रह गई थी। पर 1977 के हालात अलग थे और उनको अलग करके देखा जाना चाहिए। उस समय आपातकाल के बाद की स्थितियां थीं। 18 वीं लोकसभा में 17 वीं लोकसभा की तुलना में 3 महिला सांसद कम है। इस तरह से 17वीं लोकसभा में महिलाओं की सर्वाधिक 14.4 प्रतिशत भागीदारी रही। जहां तक राजनीतिक दलों की बात है तो भले ही महिला आरक्षण बिल का अपनी राजनीतिक प्रतिबद्धता के कारण कांग्रेस व अन्य विपक्षियों के साथ तृणमूल कांग्रेस ने भी विपक्ष में मतदान किया पर लोकसभा और राज्यसभा में टीएमसी की महिलाओं की हिस्सेदारी अधिक है। जहां तक कांग्रेस का प्रश्न है तो कांग्रेस की भागीदारी 14.3 प्रतिशत और बीजेपी की भागीदारी 12.9 प्रतिशत है। अन्य दलों की भी कमोबेश यही स्थिति है। जहां तक राज्यों का प्रश्न है तो इस समय देश में सर्वाधिक महिला सदस्य छत्तीसगढ़ विधानसभा में है। छत्तीसगढ़ में कुल सदस्यों में 21.1 प्रतिशत महिला सदस्य है। त्रिपुरा में 15 प्रतिशत महिला सदस्य हैं। बाकी देश के अन्य राज्यों में 15 प्रतिशत महिलाएं भी विधानसभा की सदस्य नहीं है। नागालैंड देश का ऐसा प्रदेश है जहां सबसे कम महिला सदस्य हैं। कर्नाटक जैसे राज्य में भी पांच प्रतिशत से कम महिला विधानसभा सदस्य हैं।

## सूडोकु नवताल- 7771

★★★☆☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7770 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

# अपर्णा यादव ने जलाया सपा का झंडा, समाजवादियों ने किया पुलिस केस

**संजय सक्सेना**



उत्तर प्रदेश विधानसभा के सामने समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस के झंडे जलाने वाली घटना ने मुलायम सिंह यादव के परिवार में छिपी रस्साकशी को एक बार फिर सतह पर ला दिया है। राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष और मुलायम के छोटे बेटे प्रतीक यादव की पत्नी अपर्णा यादव ने महिला आरक्षण बिल के संसद में पारित न होने पर यह कड़ा कदम उठाया। इस कृत्य से सपा के नेता भड़क उठे हैं और हजरतगंज कोतवाली में अपर्णा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की तहरीर दे दी गई है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने इसे इमोशन हर्ट करने वाला बताते हुए नरमी बरती, लेकिन परिवार के इस खुल्लमखुल्ला टकराव ने मुलायम खानदान की राजनीतिक एकजुटता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अपर्णा का यह बागी तेवर नया नहीं है; वे पहले भी कई बार सपा के खिलाफ खुलकर मोर्चा खोल चुकी हैं, जो परिवार की आंतरिक जंग को और गहरा बनाता जा रहा है।

महिला आरक्षण बिल का संसद में अटकना विपक्षी दलों के लिए राजनीतिक मुद्दा बन गया था। अपर्णा यादव, जो भाजपा की टिकट पर 2022 के विधानसभा चुनाव में लखनऊ के पुष्पांजलि विधान क्षेत्र से जीतीं, ने इसे महिलाओं के अपमान के रूप में देखा। विधानसभा भवन के सामने धरना देते हुए उन्होंने सपा और कांग्रेस के झंडे जलाए, जिसके वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। अपर्णा ने कहा, "महिलाओं के हक के लिए यह जरूरी था। सपा और कांग्रेस ने बिल पास नहीं होने दिया, इसलिए उनका विरोध जायज है।" यह घटना लखनऊ की सियासी गलियों में आग की तरह फैल गई। सपा नेताओं ने इसे पार्टी के सम्मान पर हमला करार दिया। पूर्व विधायक मनोज कुमार ने तहरीर देते हुए कहा, "यह अराजकता है। अपर्णा को पद से हटाया जाए और कानूनी कार्रवाई हो।"

अखिलेश यादव की प्रतिक्रिया दिलचस्प रही। उन्होंने कहा, "किसी के इमोशन को हर्ट नहीं करना चाहिए।" यह बयान अपर्णा के प्रति अप्रत्यक्ष निंदा तो था, लेकिन परिवार की एकता बचाने की कोशिश भी नजर आई। अखिलेश, जो मुलायम के बड़े बेटे और सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं, लंबे समय से परिवार में प्रभुत्व बनाए हुए हैं। अपर्णा का भाजपा से जुड़ाव और अब खुला विरोध उन्हें चुनौती दे रहा है। मुलायम सिंह यादव का निधन 2022 में होने के बाद परिवार दो धड़ों में बंट चुका था: अखिलेश गुट और प्रतीक-अपर्णा गुट। अपर्णा ने 2024 लोकसभा चुनाव में सपा के खिलाफ भाजपा प्रत्याशी का समर्थन किया था, जो पारिवारिक कलह का प्रतीक था। अब झंडा जलाने की घटना ने इस रस्साकशी को चरम पर पहुंचा दिया। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि अपर्णा का यह कदम भाजपा हाईकमान को संदेश है कि वे सपा के खिलाफ मुखर रहेंगी, जिससे उत्तर प्रदेश की सियासत में नया मोड़ आ सकता है।

अपर्णा का सपा विरोध कोई आज की बात नहीं है। 2022 विधानसभा चुनाव से पहले ही उन्होंने सपा छोड़ दी थी। मुलायम के निधन के बाद परिवार में संपत्ति और राजनीतिक विरासत के बंटवारे को लेकर विवाद हुआ। अपर्णा ने सपा को महिला विरोधी बताते हुए भाजपा जॉइन की। चुनाव में उन्होंने अखिलेश के करीबी को हराया, जो सपा के लिए बड़ा झटका था। उसके बाद 2023 में सपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी से प्रतीक यादव को हटाए जाने पर अपर्णा ने खुलकर अखिलेश की आलोचना की। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा था, "सपा में भाईचारे का नामोनिशान नहीं बचा।" 2024 लोकसभा चुनाव के दौरान अपर्णा ने लखनऊ में सपा प्रत्याशी रवि प्रकाश को निशाना बनाया और भाजपा की राजा भैया का प्रचार किया। एक रैली में उन्होंने सपा पर परिवारवाद का आरोप लगाया, जो अखिलेश के लिए व्यक्तिगत आघात था।

फिर 2025 में उत्तर प्रदेश नगर निगम चुनावों के समय अपर्णा ने सपा के खिलाफ मोर्चा खोला। लखनऊ महानगर में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के लिए उन्होंने सपा उम्मीदवारों पर हमला बोला। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा, "सपा महिलाओं की दुश्मन है, आरक्षण बिल पर उनकी चुप्पी इसका प्रमाण है।" इस दौरान प्रतीक यादव ने भी अपर्णा का साथ दिया, जिससे सपा में हड़कंप मच गया। अपर्णा ने सपा के मुस्लिम तुष्टीकरण पर भी सवाल उठाए, जो पार्टी की कोर स्ट्रैटेजी को चुनौती था। इन घटनाओं ने मुलायम परिवार को दो हिस्सों में बांट दिया: अखिलेश का सैफई गुट बनाम अपर्णा का लखनऊ गुट। प्रतीक यादव, जो कभी सपा सांसद रह चुके हैं, अब भाजपा के करीब दिखते हैं। परिवार के बुजुर्ग नेता शिवपाल सिंह यादव ने बीच-बचाव की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली।

यह आंतरिक कलह सपा की राजनीतिक ताकत को कमजोर कर रही है। 2024 लोकसभा चुनाव में सपा ने 37 सीटें जीतीं, लेकिन अपर्णा जैसे बागियों ने भाजपा को फायदा पहुंचाया। विश्लेषक कहते हैं कि अपर्णा का झंडा जलाना सिर्फ प्रतीकात्मक नहीं, बल्कि सपा के वोट बैंक को भेदने की रणनीति है। भाजपा ने अपर्णा को राज्य महिला आयोग का पद देकर उनका इस्तेमाल किया है। महिला मुद्दों पर उनकी मुखरता भाजपा की नारी शक्ति इमेज को मजबूत करती है। दूसरी ओर, अखिलेश सपा को एकजुट रखने के लिए पारिवारिक कार्ड खेल रहे हैं। उनका इमोशन हर्ट बयान इसी का हिस्सा था। लेकिन अपर्णा पीछे हटने को तैयार नहीं। उन्होंने कहा, "मैं मुलायम जी की बहू हूं, सच्चाई बोलूंगी।" मुलायम परिवार की यह रस्साकशी उत्तर प्रदेश की सियासत को प्रभावित करेगी। 2027 विधानसभा चुनाव नजदीक हैं, जहां सपा-भाजपा की सीधी टक्कर होगी। अपर्णा अगर लखनऊ में फिर सक्रिय हुईं, तो सपा को नुकसान हो सकता है। प्रतीक यादव की चुप्पी भी चिंता का विषय है: क्या वे खुलकर भाजपा में शामिल होंगे? परिवार के अन्य सदस्य जैसे अखिलेश की पत्नी डिंपल यादव ने चुप्पी साधी है, लेकिन आंतरिक असंतोष साफ दिखता है। सपा नेता पंकज सिंह ने कहा, "अपर्णा का यह तमाशा परिवार को बर्बाद करेगा।" वहीं, भाजपा ने इसे महिला सशक्तिकरण का प्रतीक बताया।

इस घटना ने मुलायम की विरासत पर सवाल उठाए हैं। मुलायम ने कभी परिवार को एकजुट रखा, लेकिन उनकी अनुपस्थिति में भाईचारा टूट गया। अपर्णा का सपा विरोध न केवल राजनीतिक, बल्कि व्यक्तिगत भी है। वे कहती हैं, "मैं सपा से कभी नहीं लड़ी, अखिलेश की तानाशाही से लड़ी।" अखिलेश गुट इसे गद्दारी मानता है। पुलिस ने तहरीर पर जांच शुरू कर दी है, लेकिन अपर्णा को गिरफ्तारी की संभावना कम है। यह विवाद सपा को कमजोर कर भाजपा को मजबूत करेगा। उत्तर प्रदेश में यादव वोट बैंक का बंटवारा तय है। अपर्णा की बगावत मुलायम परिवार की कहानी को नया अध्याय दे रही है।

# गर्मी का कहर, पसीने की धारा में डूबा उत्तर प्रदेश

**अजय कुमार**




उत्तर प्रदेश में अप्रैल का अंतिम सप्ताह आग की लपटों भरा साबित हो रहा है। सूरज की तपिश ने आम आदमी को घर की चौखट से बाहर निकलने पर मजबूर कर दिया है, लेकिन बाहर निकलते ही पसीने की धाराएं बहने लगती हैं। इंसान ही नहीं, सड़कों पर भटकते कुत्ते, पेड़ों की डालियों पर तड़पते पक्षी और खेतों में लू के थपेड़ों से परेशान पशु भी इस गर्मी के सितम से जूझ रहे हैं। मौसम विभाग की चेतावनी ने हड़कंप मचा दिया है, दोपहर के समय बेवजह बाहर न निकलें, वरना जान जोखिम में पड़ सकती है। राज्य में पारा 45 डिग्री को छू चुका है और आने वाले दिनों में 47-48 तक पहुंचने की आशंका है। अमीरों के पास एयर कंडीशनर और कूलर हैं, लेकिन गरीब जनमानस, जो झोपड़ियों में रहता है, वह इस भट्टी जैसे मौसम से कैसे जूझ रहा है? सभी जिलों में ऐसे गर्मी से पीड़ित लोगों की दास्तान एक जैसी नजर आ रही है।

लखनऊ की सड़कें दोपहर में वीरान हो जाती हैं। राजधानी का तापमान 44 डिग्री पार कर गया है। यहां के झुग्गी-झोपड़ी इलाकों में रहने वाले मजदूर रामू कहते हैं, साहब, दिन भर ठेला खींचते हैं, लेकिन दोपहर में छाया ढूंढते फिरते हैं। घर में तो पंखा भी गर्म हवा उड़ाता है। रामू जैसे हजारों लोग गर्मी से बचने के लिए पुराने कपड़ों से छत पर छाया बनाते हैं या नदी किनारे सोते हैं। बच्चे स्कूल से लौटते ही मिट्टी के घड़े से पानी पीते हैं। अमीर बस्तियों में कूलर की आवाज गूंजती है, लेकिन गरीबों के लिए एक गीला कपड़ा ही सहारा है। अस्पतालों में हीट स्ट्रोक के मरीज बढ़ रहे हैं। पिछले तीन दिनों में 50 से ज्यादा मामले दर्ज हो चुके हैं। महिलाएं रात को भी पसीने से तरबतर रहती हैं, नींद नहीं आती। वे कहती हैं, बच्चों को गोद में लेकर लेटती हैं, लेकिन गर्मी इतनी कि सांस लेना मुश्किल।

कानपुर में हालात और भयावह हैं। यहां का पारा 45.5 डिग्री तक पहुंच गया। चमड़ा उद्योग के मजदूरों का दर्द सबसे ज्यादा है। फूलपुर की तंग गलियों में रहने वाली शकुंतला बाई बताती हैं, घर में बिजली नहीं आती, पंखा चले तो भी क्या। दिन भर सड़क पर पानी बेचते हैं, लेकिन खुद को पानी नहीं मिलता। वे गर्मी से निपटने के लिए नीम की पत्तियां चबाती हैं और सिर पर गीला तौलिया बांधती हैं। बच्चे दोपहर में खेलना भूल गए हैं, बस घर के अंदर अंधेरे कमरे में दुबके रहते हैं। पशु चिकित्सालयों में गर्मी से मरते जानवरों की संख्या बढ़ रही है। कुत्ते और गायें लू के थपेड़ों से गिर पड़ी हैं। किसान खेतों में फसलें सूखते देख रो रहे हैं, लेकिन खुद भी डिहाइड्रेशन से जूझ रहे हैं। गंगा नदी किनारे लोग नहाने जाते हैं, लेकिन पानी भी गुनगुना हो चुका है।

वाराणसी के घाटों पर गर्मी ने घाटों को सुनसान कर दिया। पारा 46 डिग्री के करीब है। गंगा स्नान करने वाले श्रद्धालु अब सुबह जल्दी उतरते हैं, दोपहर में तो घाट खाली पड़े रहते हैं। काशी की गलियों में रहने वाले रिक्शा चालक रामप्रसाद कहते हैं, पैसेंजर नहीं मिलते, लेकिन भूखे नहीं सो सकते। गर्मी से सिर चकराता है, नमक-पानी का घोल पीते हैं। गरीब परिवारों में महिलाएं चूल्हा जलाना बंद कर देती हैं, बस ठंडे चावल खा लेती हैं। बच्चे स्कूल नहीं जाते, घर में लेटे रहते हैं। बुजुर्गों की हालत सबसे खराब है। वे छत पर सोने की कोशिश करते हैं, लेकिन हवा भी आग की तरह गर्म। गौशालाओं में गायें दम तोड़ रही हैं, चारा सूख चुका है। डॉक्टर सलाह देते हैं, नारियल पानी पिएं, लेकिन गरीबों के लिए वह भी महंगा साबित हो रहा है।

प्रयागराज में संगम का पानी भी गर्म हो गया है। कुंभ क्षेत्र के आसपास रहने वाले मजदूरों का जीवन नर्क बन गया। तापमान 45 डिग्री से ऊपर। झोपड़ियों में रहने वाली विधवा कमला कहती हैं, पति चले गए, अब ये गर्मी ही दुश्मन है। दिन भर पानी के टैंकर के इंतजार में खड़ी रहती हूं। बच्चे डायरिया से पीड़ित हो रहे हैं, अस्पताल भरे पड़े हैं। रात में भी नींद नहीं आती, लोग नदी किनारे इकट्ठा होकर हवा का इंतजार करते हैं। किसानों की फसलें जल रही हैं, आलू और गेहूं बर्बाद हो गए। पशु-पक्षी भी तड़प रहे हैं। स्थानीय लोग पुरानी परंपरा निभा रहे हैं, गर्मी से बचने के लिए गुड़-चने खाते हैं और सिर पर पगड़ी बांधते हैं।

आगरा में ताजमहल की संगमरमर की चादरें भी गर्म हो रही हैं। पारा 44.8 डिग्री। पर्यटन प्रभावित हो गया है, लेकिन गरीब दिहाड़ी मजदूरों का क्या? सिकंदरा की बस्तियों में रहने वाले मोहन लाल कहते हैं, एसी का सपना देखते हैं, लेकिन गीले कपड़े से काम चलाते हैं। शाम को पार्क में सोते हैं। महिलाएं सिर पर भुट्टा भूनकर बेचती हैं, लेकिन खुद भूखी रह जाती हैं। बच्चे दोपहर में छुप जाते हैं, खेलना बंद। अस्पतालों में इलेक्ट्रोलाइट की किल्लत हो गई है। खेतों में किसान मूंगफली की फसल बचाने की जद्दोजहद कर रहे हैं, लेकिन लू ने सब बर्बाद कर दिया। सड़कों पर कुत्ते बेहोश पड़े मिल रहे हैं।

मेरठ में गन्ने के खेत सूख रहे हैं। तापमान 45.2 डिग्री। उद्योग क्षेत्र के मजदूर दोपहर को छुट्टी ले लेते हैं, लेकिन गरीब किसान खेतों में ही डटे रहते हैं। लिसाड़ी गेट की झोपड़ियों में रहने वाली राधा कहती हैं, पंखा नहीं, बिजली बिल भर नहीं पाते। छत पर भूसे का पहाड़ा बनाया है। बच्चे स्कूल जाना छोड़ चुके हैं, घर में दुबके रहते हैं। रात को बिजली कट जाती है, तो गर्मी और बढ़ जाती। पशुओं को पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। डॉक्टरों का कहना है, ज्यादा पानी पिएं, लेकिन गरीबों के पास पीने का ही अभाव है।

झांसी में बुंदेलखंड की धरती तप रही है। पारा 46.5 डिग्री तक। यहां सूखे की मार पहले से थी, अब गर्मी ने काम तमाम कर दिया। महोबा रोड की बस्ती में रहने वाले किसान हरि सिंह बताते हैं, फसल मर गई, मजूरी भी नहीं मिल रही। गर्मी से बचने के लिए कीकर के पेड़ तले सोते हैं। महिलाएं चमेली के फूल तोड़कर बेचती हैं, लेकिन सिर पर गर्मी का बोझ। बच्चे डिहाइड्रेशन से गिर रहे हैं। गौशालाओं में हजारों पशु मर चुके हैं। नर्मदा नदी सूखी पड़ी है। लोग नींबू पानी बनाकर पीते हैं, लेकिन चीनी भी महंगी। गोरखपुर में पूर्वांचल का पारा 44 डिग्री पार। बाढ़ के बाद अब गर्मी की बारी। कुशीनगर रोड पर झोपड़पट्टी में रहने वाली सुनीता कहती हैं, बच्चे रोते रहते हैं, ठंडक नहीं मिलती। नदी में नहाते हैं, लेकिन पानी गर्म। मजदूर ईंट भट्ठों पर काम करते हैं, लेकिन दोपहर बंद। अस्पतालों में सांप के काटने के साथ हीट स्ट्रोक के केस बढ़े। किसान धान की नर्सरी डालने से हिचक रहे हैं। पशु पानी के टैंकरों पर निर्भर।

अलीगढ़ और मुरादाबाद में भी यही हाल। अलीगढ़ में लॉक उद्योग ठप, मजदूर घरों में कैद। मुरादाबाद की गलियों में चमड़े के कामगार पसीने से लथपथ। हर जगह गरीब जनमानस घरेलू नुस्खों पर जी रहा है। गुलकंद खाना, प्याज का रस पीना, सिर पर ठंडा पानी डालना। बच्चे मिट्टी में लोटते हैं, ठंडक के लिए। महिलाएं रात भर जागती हैं, पति को ठंडा पानी पिलाती हैं। बुजुर्ग दुआ मांगते हैं, बारिश की। कुल मिलाकर इस गर्मी ने उत्तर प्रदेश को भट्टी बना दिया है। गरीबों के पास न कूलर, न फ्रिज, बस इरादे की ठंडक। वे गीले कपड़े पहनते हैं, छाया तलाशते हैं, नमक चाटते हैं। लेकिन हद पार हो रही है। सरकार को अब सक्रिय होना चाहिए।

# कचरा प्रबंधन और भारत के प्रयास

**कुलभूषण उपमन्यु**

विश्व की पर्यावरणीय व्यवस्था में विभिन्न प्रकार के कचरे के कारण बड़ी समस्याएं पैदा होती जा रही हैं। न केवल मनुष्य समाज बल्कि समस्त जीव-जगत और वनस्पतियां भी कचरा जनित प्रदूषण का दंश झेलने को अभीशप्त हैं। हवा, पानी और जमीन सब इस प्रदूषण की चपेट में है। इससे वनस्पति और सारा जीव-जगत बीमारियों और जीवन संकट से गुजर रहा है। भारत भी इससे अछूता नहीं है। भारत में विश्व की 18 प्रतिशत जनसंख्या निवास करती है और वैश्विक नागरिक अपशिष्ट में भारत की हिस्सेदारी 12 फीसद है। भारत प्रतिवर्ष 620 लाख टन कचरा पैदा करता है। इसमें से केवल 430 लाख टन ही एकत्रित होता है और 120 लाख टन ही उपचारित होता है। 310 लाख टन लैंड फिल में डाल दिया जाता है। शेष यहां-वहां पड़ा रहता है और जंगलों, ढलानों, खेतों, जल संसाधनों को प्रदूषित करता रहता है। उसमें से कुछ खुले में जलाया जाता है। यहविषैली गैसों को स्थानीय स्तर पर फैला कर गंभीर बीमारियों का कारण बनता है।


हालांकि सरकार इसके लिए समय-समय पर नियम बनाती है। इनके खराब क्रियान्वयन के चलते स्थिति में कोई सुधार आता दिखाई नहीं देता है। गरीब बस्तियों के नजदीक डंपिंग, प्रबंधन और लापरवाही से संबंधी डेटा के अभाव के चलते नीति निर्माण और क्रियान्वयन में बाधा होती है। उच्चतम न्यायालय ने इस स्थिति का संज्ञान लेते हुए निर्देश जारी किए कि ठोस कचरा प्रबंधन नियम 2026 सख्ती से लागू किए जाएं और लापरवाही करने वालों को दंडित करने के भी प्रावधान किए गए। मुख्य निर्देश निम्न हैं- ठोस कचरा चार भागों में अलग करके एकत्र किया जाए। 1. गीला कचरा, जिसमें रसोई अपशिष्ट, भोजन,फल,सब्जियां आदि शामिल हैं। 2. सूखा कचरा, जिसमें प्लास्टिक,कागज, धातु, कांच शामिल हैं। 3. सैनिटरी, नैपकिन, डायपर आदि के अलग अलग निपटारे की व्यवस्था करनी होगी। 4. विशेष, श्रेणी में बल्ब, बैटरी, दवाइयां आदि के लिए विशेष अधिकृत इकाइयों को ही संशोधित करने के लिए देना होगा। गीले कचरे से मीथेन बना कर ईंधन के लिए प्रयोग करना। खास कर 100 किलो दैनिक सूखा अपशिष्ट, 40,000 लीटर दैनिक पानी उपयोग करने वाली और 20,000 वर्ग मीटर में फैली इकाइयां थोक अपशिष्ट उत्पादक घोषित की गई हैं, जिन्हें गीला कचरा अपने परिसर में ही प्रसंस्कृत करना पड़ेगा।

सूखा कचरा रिकवरी फैसिलिटी को पुनः चक्रीकरण के लिए देना होगा। सूखे कचरे में से जिसका पुनः चक्रीकरण संभव नहीं होगा उसके पेलेट्स बना कर सीमेंट प्लांट और उर्जा उत्पादक इकाइयों को ईंधन के रूप में देना होगा, जिसकी मात्रा 5 फीसद से बढ़ा कर 15 फीसद की गई है। किसी भी तरह के पुनः चक्रीकरण या उपयोग के योग्य कचरे को ही लैंड फिल में डालने की अनुमति होगी। आम कचरा वहां डालने पर अतिरिक्त शुल्क देना होगा। पुराने संचित अपशिष्ट को धीरे-धीरे खत्म करने के लिए योजना बनानी होगी। पहाड़ी क्षेत्रों के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। वे स्थानीय निकायों के माध्यम से पर्यटक शुल्क लगा सकते हैं और पर्यटक संख्या नियंत्रित कर सकते हैं। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड नियम बनाएगा और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड व निगरानी समितियों के माध्यम से नियम लागू किए जाएंगे। एक केंद्रीकृत पोर्टल कचरा उत्पादन, संग्रह,और निपटारे की निगरानी करेगा और भौतिक सूचनाओं को डिजिटल ऑडिट में बदलेगा। प्रबंधन के लिए अपशिष्ट से धन और उर्जा के रास्ते पर काम हो रहा है। प्लास्टिक कचरे का अलग से प्रसंस्करण करना और प्रोजेक्ट री प्लान के तहत कैरी बैग निर्माण में 20 फीसद कपास के रेशे मिलाने की योजना है। पैकिंग सामग्री के निमार्ताओं, आयातकों, और खुदरा विक्रेताओं की जिम्मेदारियां निर्धारित की गई हैं। स्थानीय स्वशासन के सभी निकायों नगर निकायों और पंचायतों के सदस्यों, प्रधानों, मेयर और काउंसल विशेष रूप से नियमों को लागू करने और जागरुकता फैलाने के लिए जिम्मेदार ठहराए गए हैं। नियमों को लागू करने में विफलता या ढील के चलते इन चुने हुए स्थानीय स्वशासन के जिम्मेदार लोगों और संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को दंडित करने का प्रावधान किया गया है। कचरा पैदा करने वाले और प्रबंधन की जिम्मेदारी में ढील बरतने वाले, दोनों को ही दंड के दायरे में रखा गया है। यह नियम पहली अप्रैल 2026 से लागू हो गए हैं। किन्तु मुख्य चुनौती तो इन प्रावधानों को सही से लागू करने करवाने की है। कचरा प्रबंधन नियम तो 2016 से ही लागू हो गए हैं। वर्तमान में उनको अधिक सख्त बनाने का निर्णय स्वागत योग्य है। फिर भी जब तक गंभीरता पूर्वक लागू करने की व्यवस्था खड़ी नहीं की जाती, समस्या बनी ही रहेगी। जागरुकता इस प्रक्रिया का सबसे महत्वपूर्ण भाग है। हर नागरिक को लगना चाहिए कि वह इन नियमों का पालन करके अपने और अपने परिवार के स्वास्थ्य की रक्षा कर रहा है। पर्यावरण की रक्षा कोई दया परोपकार का काम नहीं है बल्कि अपने ही वर्तमान और दीर्घकालीन जीवन व्यवस्था को सुरक्षित बनाने का काम है। इसके लिए विकेन्द्रित प्रबन्धन प्रणालियां बना कर पंचायत स्तर तक व्यवस्था खड़ी करनी होगी। विश्वविद्यालयों और स्कूलों में अनुसंधान और व्यवहारिक पुनः चक्रीकरण कार्यक्रमों के द्वारा जागरुकता फैलाई जानी चाहिए होगी। वरना यह कचरा समुद्री जीवों के विनाश से ले कर जमीन की उपजाऊ शक्ति का ह्रास और वायु प्रदूषण और जल प्रदूषण से जीवन को अधिकाधिक कठिन और रोगी बनाता जाएगा। सचेत होने का समय है, क्योंकि औद्योगिक स्वार्थ और हमारी लापरवाही जीव जगत पर भारी पड़ने वाली है।

**(लेखक, हिमालय नीति अभियान के अध्यक्ष और पर्यावरणविद् हैं।)**

## दैनिक पंचांग

**21 अप्रैल 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 06.57 बजे से |
| चंद्र | वृष में | मिथुन | 08.55 बजे से |
| मंगल | मीन में | कर्क | 11.09 बजे से |
| बुध | मीन में | सिंह | 13.25 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कन्या | 15.37 बजे से |
| शुक्र | वृष में | तुला | 17.48 बजे से |
| शनि | मीन में | वृश्चिक | 20.02 ब.से |
| राहु | कुंभ में | धनु | 22.18 बजे से |
| केतु | सिंह में | मकर | 00.23 बजे से |
| राहुकाल 3.00 से 4.30 बजे तक | | कुंभ | 02.10 बजे से |
| | | मीन | 03.43 बजे से |
| | | मेष | 05.13 बजे से |

**मंगलवार** 2026 वर्ष का 111 वा दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948 **मास** वैशाख **पक्ष** शुक्ल **तिथि** पंचमी 01.20 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** मृगशीर्ष 23.59 बजे को समाप्त। **योग** शोभन 12.31 बजे को समाप्त। **करण** बव 14.45 बजे तदनन्तर बालव 01.20 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 3.5 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 11° 47' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872686 **जूलियन दिन** 2461151.5 **कलियुग संवत्** 5128 **कल्पारंभ संवत्** 1972949128 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128 **वीरनिर्वाण संवत्** 2552 **हिजरी सन्** 1447 **महीना** जिल्काद **तारीख** 03 **विशेष** शंकराचार्य, सूरदास व रामानुज जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आने से महिला घायल

**साहिबगंज** : जिला क्षेत्र अंतर्गत मनसिंहा पेट्रोल पंप के पास बीते देर शाम बाइक की चपेट में आने से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। मिली जानकारी के अनुसार राधानगर थाना क्षेत्र के बागपिंजरा निवासी अब्दुल शेख की पत्नी शेफाली बीवी (30) राजमहल-उधवा फोर लेन सड़क मनसिंहा के पास क्रॉस कर रही थी, राजमहल की ओर से जा रही एक बाइक की चपेट में आने से महिला सड़क पर गिर गई, जिसे आसपास एवं परिजनों की मदद से अनुमंडल अस्पताल राजमहल लाया गया। जहां ड्यूटी में तैनात डॉ सादिक अंसारी ने महिला का इलाज किया। घटना की सूचना संबंधित थाना पुलिस को दे दी गई थी।

### दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में तीन घायल

**साहिबगंज**: बरहेट थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग सड़क पर हुए बाईक दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गए हैं। घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट में किया जा रहा है। सोमवार की शाम बरहेट-बरहरवा मुख्य सड़क पर बरमसिया गांव के पास बकरी बचाने के दौरान रांगा थाना क्षेत्र के शिवा पहाड़ निवासी शामाय बेसरा (27) बाइक दुर्घटना में घायल हो गया। जबकि बरहेट-धर्मपुर हाईवे सड़क पर हड़वाडीह गांव के पास एक साइकिल चालक को बचाने के चक्कर में दो लोग घायल हो गए। घायलों में रामपुर निवासी बबलू हांसदा (18) व सकल रजवाड़ (23) घायल हो गए। बताया गया कि दोनों एक ही बाइक से किसी शादी समारोह में जा रहे थे। इधर घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच मामले की छानबीन कर रही है।

### अनशन में शामिल हुए खूंटी के सहायक अध्यापक



**खूंटी** : झारखंड राज्य आकलन प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर 18 अप्रैल से रांची स्थित राजभवन के पास नागाबाबा खटाल के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना और आमरण अनशन जारी है। सोमवार को इस आंदोलन में खूंटी जिले के सैकड़ों सहायक अध्यापक शामिल हुए और राज्य नेतृत्व का समर्थन देकर मांगों को लेकर सरकार से समाधान की अपील की। मोर्चा के राज्य संगठन मंत्री सह खूंटी जिलाध्यक्ष संजय कुमार पाठक ने कहा कि सरकार संवेदनशीलता दिखाते हुए आकलन परीक्षा को टेट के समतुल्य दर्जा दे। उन्होंने बताया कि बिहार में आकलन या दक्षता परीक्षा को टेट के बराबर माना गया है, इसलिए झारखंड सरकार को भी इस दिशा में निर्णय लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि सरकार हर वर्ष टेट परीक्षा आयोजित करती, तो आज शिक्षकों के सामने यह स्थिति उत्पन्न नहीं होती। पाठक ने कहा कि सभी शिक्षक झारखंड के मूल निवासी हैं और पिछले 20 से 22 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में सेवा दे रहे हैं। इसलिए सरकार को शिक्षकों के हित में सकारात्मक निर्णय लेते हुए आकलन को टेट के समतुल्य मान्यता देनी चाहिए। धरना-अनशन के दौरान प्रदेश अध्यक्ष दिलशाद अंसारी की तबीयत बिगड़ने से वे मूर्छित हो गए। वहीं विकास कुमार चौधरी और सुमन सिंह की स्थिति भी चिंताजनक बताई जा रही है। आंदोलनकारी शिक्षकों ने सरकार से जल्द वार्ता कर समस्या का समाधान निकालने की मांग की है।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में समाज कल्याण विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न

# योजनाओं की प्रगति पर असंतोष, दस दिन में कार्य पूरा करने का निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज** : समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त दीपक कुमार दुबे की अध्यक्षता में समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा करना तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करना था।समाज कल्याण विभाग की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण एवं संचालन की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने पोषण ट्रैकर में नियमित एवं शत-प्रतिशत डेटा प्रविष्टि सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही जिन आंगनबाड़ी केंद्रों में बिजली की सुविधा उपलब्ध नहीं है, वहां शीघ्र विद्युतीकरण कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। पीएम जन-मन योजना की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने धरती आबा से संबंधित गतिविधियों के पूर्ण संचालन हेतु विभागीय आवंटन प्राप्त करने के लिए आवश्यक पत्राचार करने का निर्देश दिया। आंगनबाड़ी केंद्रों में सेविका एवं सहायिका के रिक्त पदों के संबंध में उपायुक्त ने शीघ्र सभी पदों को भरने के निर्देश दिए, ताकि योजनाओं का सुचारू संचालन सुनिश्चित किया जा सके। आधार आईडी की प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए उपायुक्त ने सभी पंचायतों में विशेष शिविर आयोजित कर आधार आईडी एवं आधार नामांकन कार्य को गति देने का निर्देश दिया। बैठक में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना सहित आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। उपायुक्त ने सभी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। पोषाहार वितरण की समीक्षा के दौरान उपलब्ध आंकड़ों पर असंतोष जताते हुए उपायुक्त ने अगले दस दिनों के भीतर कार्य पूर्ण करने का सख्त निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा,परियोजना निदेशक आईटीडीए, संजय कुमार दास, सीडीपीओ सहित महिला पर्यवेक्षिका एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## राज्य सरकार के निर्देश के आलोक में पाकुड़ जिला के स्कूलों के समय सारणी में बदलाव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़** : ज़िले के सभी कोटि के सरकारी, गैर सरकारी सहायता प्राप्त/गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) एवं निजी विद्यालयों के समय सारणी में बदलाव किया गया है । गर्मी के बढ़ते प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा स्कूलों के समय सारणी में बदलाव का आदेश दिया गया है। राज्य सरकार के निदेश के आलोक में उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा जिले में संचालित सभी कोटि के सरकारी, गैर-सरकारी सहायता प्राप्त/गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) एवं निजी विद्यालयों में वर्ग KG से कक्षा-8 की कक्षाएं सुबह 7:00 बजे से 11:30 बजे तक एवं वर्ग 09 से वर्ग 12 तक की कक्षाएँ सुबह 07:00 बजे से 12:00 मध्याह्न तक संचालित करने का निदेश दिया गया है। साथ ही सभी कोटि के सरकारी विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मियों को शेष समय (प्रातः 7:00 बजे से अपराह्न 1:00 तक) गैर शैक्षणिक कार्यों का निष्पादन करने का निर्देश दिया गया है। यह आदेश आदेश दिनांक 21.04.2026 के प्रभाव से लागू रहेगा।

## तीनपहाड़ की सब्जी मंडी में लगी भीषण आग, दर्जनों दुकान जल कर राख

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज** : जिला के तीनपहाड़ बाजार स्थित सब्जी मंडी में सोमवार की अहले सुबह करीब 3:30 बजे लगी भीषण आग से लगभग दर्जनों दुकान जल कर राख हो गए। मिली जानकारी के अनुसार, तीनपहाड़ के सब्जी मंडी में अचानक आग लग गई और दुकानों को अपने लपेटे में ले लिया। आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। तीनपहाड़ के स्थानीय लोगों ने अपने अपने घरों से पानी लाकर आग को बुझाने का प्रयास किया गया, लेकिन आग की लपटें इतनी तेज थी कि लोग आग पर काबू नहीं पा सके। आग की सूचना मिलने पर तीनपहाड़ थाना प्रभारी सहित पुलिस बल घटना स्थल पर पहुंच कर जायजा लिया। अग्निशामक को भी सूचना दी गई। सूचना के बाद आग बुझाने का वाहन पहुंचा और आग को बुझाया। भीषण आग को देखते हुए दूसरा वाहन भी पहुंचा। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस घटना में लगभग एक दर्जन दुकान जल कर राख हो गए और काफी नुकसान हुआ। इस घटना के बाद प्रभावित दुकानदारों के सामने दुखो का पहाड़ टूट गया है। हालांकि, आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। अग्निशामक द्वारा पूर्ण रूप से आग बुझा दिया गया है। तीनपहाड़ के सब्जी मंडी में सितंबर 2015 में भी मध्य रात्रि को भीषण आग लगी थी, जिसमें लगभग पूरी मंडी जलकर खाक हो गई थी। 11 साल बाद फिर आग की घटना हुई।

## साहिबगंज स्टेशन पर टिकट जांच 81 यात्रियों से 28,810 जुर्माना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज** : मालदा मंडल में बिना टिकट एवं अनियमित यात्रा पर प्रभावी नियंत्रण हेतु निरंतर सघन टिकट जांच अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में, मंडल रेल प्रबंधक, मालदा, मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में साहिबगंज रेलवे स्टेशन पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, मालदा, कार्तिक सिंह के पर्यवेक्षण में विशेष मजिस्ट्रेट टिकट जांच अभियान संचालित किया गया। यह अभियान रेलवे न्यायिक मजिस्ट्रेट राहुल कुमार की उपस्थिति में संपन्न हुआ, जिसमें वाणिज्य निरीक्षक, टिकट जांच कर्मियों तथा रेलवे सुरक्षा बल के कर्मचारियों ने सक्रिय समन्वय करते हुए रेलवे टिकटिंग नियमों के प्रभावी अनुपालन को सुनिश्चित किया।सघन जांच अभियान के दौरान बिना टिकट यात्रा, बिना बुक सामान तथा गंदगी फैलाने सहित कुल 81 अनियमित यात्रा के मामले पकड़े गए, जिससे 28,810 रुपए का जुर्माना वसूल किया गया। यह पहल मालदा मंडल की रेलवे टिकटिंग नियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करने, रेलवे राजस्व की सुरक्षा करने तथा यात्रियों में जिम्मेदार यात्रा व्यवहार को प्रोत्साहित करने की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाती है। मालदा मंडल सभी यात्रियों से अनुरोध करता है कि वे उचित एवं वैध टिकट के साथ यात्रा करें, ताकि असुविधा एवं दंड से बचा जा सके।

## अमड़ापाड़ा पुलिस की बड़ी कार्रवाई तीन वांछित आरोपी गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**अमड़ापाड़ा** : ज़िले के अमड़ापाड़ा थाना क्षेत्र में दर्ज मामलों में फरार चल रहे तीन आरोपियों जिनके खिलाफ गैर जमानतीय वारंट जारी था उन्हें गिरफ़्तार कर जेल भेजा। पुलिस के अनुसार, निम्न आरोपियों के विरुद्ध न्यायालय से गैर जमानतीय वारंट निर्गत हुआ है: 1. निकुलाल किस्कू, पिता- बसन्त किस्कू, ग्राम- पचुवाड़ा, अमड़ाटोला। इनके खिलाफ मालदीह का केस संख्या 31/23 दर्ज है। 2. बितासी मुर्मू, पिता- साहेबगन मुर्मू, साकिन- पचुवाड़ा रांगा टोला। 3. मरियम मरांडी, पति- साहेबगन मुर्मू, साकिन- पचुवाड़ा रांगा टोला। बितासी मुर्मू और मरियम मरांडी दोनों के खिलाफ कांड संख्या 19/17 दर्ज है, जो दहेज प्रथा प्रतिषेध अधिनियम एवं मारपीट से संबंधित है। वहीं थाना प्रभारी अनूप रोशन भेंगरा ने कहा कि अपराध करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी ताकि लोगों में कानून का डर बना रहे। उन्होंने सभी फरार अभियुक्तों से जल्द से जल्द न्यायालय या थाने में सरेंडर करने को कहा है। चेतावनी दी गई कि सरेंडर न करने पर पुलिस द्वारा कड़ी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने बताया कि पुलिस फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

## साहेबगंज मंडल कारा में मासिक जेल अदालत, स्वास्थ्य शिविर सह विधिक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज** : झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निदेशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज अखिल कुमार के मार्गदर्शन में साहेबगंज मंडल कारा में मासिक जेल अदालत, स्वास्थ्य शिविर सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज के सचिव विश्वनाथ भगत द्वारा उपस्थित बंदियों को उनके विधिक अधिकारों तथा उपलब्ध निःशुल्क विधिक सहायता सेवाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया। उन्होंने विशेष रूप से नालसा की शुरू‍ह योजना, 2025 के अंतर्गत प्रदान की जा रही निःशुल्क विधिक सहायता, कानूनी परामर्श एवं आवश्यक मार्गदर्शन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिन बंदियों के पास अधिवक्ता उपलब्ध नहीं हैं, उन्हें निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही, योजना के तहत बंदियों के पुनर्वास, कौशल विकास एवं रिहाई उपरांत उन्हें रोजगारोन्मुख अवसरों से जोड़ने पर विशेष बल दिया जा रहा है। बंदियों के परिजनों को भी विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित किए जाने की जानकारी दी गई कार्यक्रम के दौरान बंदियों को समाज की मुख्यधारा से पुनः जुड़ने, सकारात्मक जीवनशैली अपनाने एवं अपराध से दूर रहने हेतु प्रेरित किया गया। सचिव ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य केवल विधिक सहायता प्रदान करना ही नहीं, बल्कि बंदियों के सामाजिक पुनर्वास एवं सम्मानजनक जीवन की पुनर्स्थापना सुनिश्चित करना भी है। शिविर के अंतर्गत एक विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें चिकित्सकों द्वारा बंदियों का समुचित स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक चिकित्सीय परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराया गया। मौके पर चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल अरविन्द गोयल एवं उनकी टीम द्वारा ऐसे बंदियों की पहचान की गई, जिनके मामलों में अब तक अधिवक्ता नियुक्त नहीं किए गए हैं। टीम द्वारा ऐसे मामलों में यथाशीघ्र विधिक सहायता उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई की गई।

## संक्षिप्त खबरें

### कांग्रेस ने दोहराई 33% महिला आरक्षण की मांग, भाजपा पर लगाया टालमटोल का आरोप



**पाकुड़** : ज़िले में सोमवार को कांग्रेस कमेटी की संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में पार्टी ने महिला आरक्षण बिल पर अपना रुख साफ किया। जिला अध्यक्ष श्रीकुमार सरकार, मंजुला हसदा और शाहनाज बेगम ने संयुक्त रूप से कहा कि कांग्रेस मौजूदा 543 लोकसभा सीटों पर ही 33 प्रतिशत महिला आरक्षण तत्काल लागू करने के पक्ष में है। नेताओं ने सुझाव दिया कि जनगणना और परिसीमन के बाद लोकसभा की सीटें बढ़ाकर आरक्षण लागू करना ज्यादा प्रभावी कदम होगा, लेकिन तब तक इंतजार करना जरूरी नहीं है। कांग्रेस नेताओं ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण जैसे अहम मुद्दे पर सभी राजनीतिक दलों को राजनीति से ऊपर उठकर गंभीरता दिखानी चाहिए। उन्होंने कहा कि बिल को जनगणना और परिसीमन से जोड़ना इसे टालने की कोशिश है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के अंत में तीनों नेताओं ने कहा कि कांग्रेस शुरू से महिलाओं की समान भागीदारी और सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध रही है और 33 प्रतिशत आरक्षण को जल्द से जल्द लागू कराना पार्टी की प्राथमिकता है।

### अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत सदर अस्पताल में फायर मॉक ड्रिल का हुआ आयोजन



**पाकुड़**: ज़िले में अग्निशमन सेवा सप्ताह के अवसर पर सोमवार को अग्निशमन विभाग, पाकुड़ द्वारा सदर अस्पताल सोनाजोड़ी परिसर में एक जागरूकता एवं सुरक्षा उन्मुख फायर मॉक ड्रिल का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डीएस डॉ. मनीष कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रही। मॉक ड्रिल के दौरान अग्निशमन कर्मियों द्वारा आग लगने के संभावित कारणों, उससे बचाव के उपायों एवं आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई के तरीकों का व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया। साथ ही उपस्थित चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों एवं अन्य कर्मियों को आग बुझाने के विभिन्न उपकरणों के उपयोग की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर यह बताया गया कि सतर्कता, त्वरित सूचना एवं सही तकनीक के प्रयोग से किसी भी अग्नि दुर्घटना को प्रभावी रूप से नियंत्रित किया जा सकता है। मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य आपदा के समय त्वरित एवं समन्वित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना तथा आमजनों में जागरूकता बढ़ाना है।

### साहिबगंज कोर्ट का फैसला, पांच आरोपियों को पांच साल की सजा व जुर्माना

**साहिबगंज** : सोमवार को एस एन लामेय, मुख्य न्यायाधीश दंडाधिकारी साहिबगंज के कोर्ट में हत्या में प्रयुक्त हथियार छुपाने के मामले में अभियुक्त लाल बाबू यादव उर्फ अभिजीत यादव, गदर यादव उर्फ रविंद यादव, अमित कुमार सिंह, सोनू यादव एवं अमित यादव को दोषी पाकर, 5-5 साल का सश्रम कारावास एवं 20-20 हजार रुपए जुर्माना का सजा सुनाई गई। ज्ञात होगी साहिबगंज नगर थाना कांड संख्या 73/2022 में राकेश यादव के हत्या को लेकर प्राथमिक दर्ज हुई थी। उक्त हत्याकांड में प्रयुक्त हथियार उपरांत अभियुक्तों के निशान देही पर सोनू यादव के बथान से पुलिस के द्वारा बरामद किया गया। उक्त मामले को लेकर तत्कालीन नगर थाना प्रभारी धर्मपाल कुमार ने साहिबगंज नगर थाना कांड 81/2022 दर्ज कराया था। विचारण के दौरान दोनों पक्षों के बहस सुनने के उपरांत न्यायालय ने पांचों आरोपी को दोषी पाया। सरकार की ओर से सहायक अभियोजक नीतू सिंह ने सुनवाई में हिस्सा लिया।

### दिन दहाड़े चोर ने सीएसपी संचालक के बाइक के डिक्की से उड़ाया 2 लाख 70 हजार रूपए



**साहिबगंज**: जिले के बरहेट थाना क्षेत्र के बरहेट बाजार स्तिथ साह चौक के मां मेडिको में दवा लेने घुसा सीएसपी संचालक के डिक्की से चोरों ने दो लाखा सत्तर हजार रुपये का सफाई कर लिया।
घटना के सम्बंध में बताया जा रहा है कि झबरी मोड़ में संचालित एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र के नवीन कांत कुमार मंडल अपने स्टाफ को चेक देकर बरहेट बाजार स्थित मुख्य शाखा भेजा था। वहीं मुख्य शाखा से 2 लाख 70 हजार ररुपए की नकद राशि डिक्की मे डाल कर सीएसपी जा रहा था। इस दौरान मां मेडिको में दवा लेने हेतु उतरा और गाड़ी ठीक सामने ही लगाया। इसी दौरान एक व्यक्ति डिक्की से पैसा निकालता है और दूसरा आदमी अपाची बाइक लेकर वहाँ पहुँच जाता है, जब तक नजर पड़ी चोर उस बाइक में चढ़ कर तेज रफ्तार में लिट्टीपाड़ा की और निकल गया। वहीं मामले की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पवन कुमार, इंस्पेक्टर नूनु देव राय दल बल के साथ घटनास्थल पहुंचा और मां मेडिकल का सीसीटीवी खंगाला जिसमें चोरी का वारदातें साफ दिखाई दिया परंतु चोरों का चेहरा स्पष्ट नहीं दिखाई दिया। चोरी करने वाला व्यक्ति चेहरे पर काला गमछा लपेट कर रखा था एवं बाइक चालक हेल्मेट पहना हुआ था। इधर प्रशासन घटना को लेकर अलग अलग एंगल से जांच में जुटा हुआ है।

### जूनियर टी-20 सेमीफाइनल : संत जेवियर ए की शानदार जीत, बी टीम को मिला वॉकओवर

**साहिबगंज** : जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वधान में सिदो कान्हू स्टेडियम में चल रहे डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट लीग जूनियर टी-20 टूर्नामेंट के तहत सोमवार को तीसरे सेमीफाइनल में पहला मैच संत जेवियर्स बी बनाम जवाहर नवोदय विद्यालय के बीच खेला जाना था। लेकिन नवोदय विद्यालय की टीम ग्राउंड में उपस्थित नहीं हो सकी। जिसके चलते संत जेवियर बी की टीम को वाक ओवर दे दिया गया। दूसरा मैच संत जेवियर ए बनाम बोरियो सुपर किंग के बीच खेला गया। इस मैच में बोरिया सुपर किंग ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 14.5 ओवर में 134 रन बना कर ऑल आउट हो गई। आदित्य मंडल ने 58 रन की पारी खेली। संत जेवियर ए के गेंदबाज जुनैद, आकाश व अनुराग ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी संत जेवियर स्कूल ए की टीम ने 16 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 138 रन बना कर 7 विकेट से मैच जीत लिया। आदित्य ज्ञान ने 53 व शांतनु ने 37 रन की पारी खेली। बोरिया सुपर किंग के गेंदबाज कुश कुमार ने 2 विकेट लिए। संत जेवियर स्कूल ए के खिलाड़ी आदित्य ज्ञान को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

## एक नजर

### भीषण गर्मी के मद्देनजर विद्यालयों के समय में परिवर्तन

**खूंटी** : स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से राज्य में बढ़ते तापमान और भीषण गर्मी के प्रभाव को ध्यान में रखते हुए सभी सरकारी, गैर-सरकारी सहायता प्राप्त/अल्पसंख्यक एवं निजी विद्यालयों के संचालन समय में परिवर्तन किया गया है। जारी आदेश के अनुसार कक्षा केजी से कक्षा 08 तक की पढ़ाई प्रातः 07 बजे से सुबह 11.30 बजे तक संचालित की जाएगी, जबकि कक्षा 09 से 12 वीं तक की कक्षाएं प्रातः 07 बजे से दोपहर 12 बजे तक संचालित होंगी। साथ ही, सभी सरकारी विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मी प्रातः 07 बजे से दोपहर 01 बजे तक विद्यालय में उपस्थित रहकर गैर-शैक्षणिक कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित करेंगे। यह व्यवस्था 21 अप्रैल 2026 से अगले आदेश तक प्रभावी रहेगी। जिला प्रशासन की ओर से आमजनों एवं अभिभावकों से अपील की गई है कि वे बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए इस आदेश का पालन सुनिश्चित करें और अत्यधिक गर्मी के दौरान अनावश्यक रूप से बच्चों को धूप में बाहर न भेजें।

### पुस्तकालय को विज्ञान और इंजीनियरिंग की महंगी पुस्तकों का किया दान

**पश्चिमी सिंहभूम** : जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत कमारहातु गांव स्थित मसकल लाइब्रेरी को सोमवार को शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण सहयोग मिला। मेघाहातुबुरु स्थित सेल (स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड) में कार्यरत सामाजिक सरोकार रखने वाले रामकृष्ण सिंकू ने लाइब्रेरी को विज्ञान और इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी पुस्तकों का दान किया। दान की गई पुस्तकों में गणित, भौतिकी और रसायन जैसे विषयों की प्रतिष्ठित प्रकाशन की किताबें शामिल हैं, जिनकी कुल कीमत लाखों रुपये आंकी जा रही है। पुस्तकों को लाइब्रेरी के संरक्षक शिक्षक कृष्णा देवगम को सौंपते हुए रामकृष्ण सिंकू ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा की कमी नहीं है, लेकिन संसाधनों के अभाव में कई होनहार विद्यार्थी आगे नहीं बढ़ पाते। महंगी शैक्षणिक पुस्तकों की कमी उनके लिए सबसे बड़ी बाधा बनती है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस पहल से छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं और उच्च शिक्षा की तैयारी में मदद मिलेगी और वे अपने सपनों को साकार कर सकेंगे। इस अवसर पर उनकी पत्नी शशि सिंकू भी मौजूद रहीं और उन्होंने भी इस पहल को आगे बढ़ाने की बात कही। इस सराहनीय कार्य के लिए क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकताओं ने रामकृष्ण सिंकू के प्रति आभार व्यक्त किया।

### होम गार्ड बहाली प्रक्रिया का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

**चतरा** : जिले के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 01 अप्रैल से 23 अप्रैल तक प्रस्तावित होम गार्ड बहाली प्रक्रिया का उपायुक्त रवि आनंद ने सोमवार को निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बहाली प्रक्रिया के प्रत्येक चरण का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिया। उपायुक्त ने पंजीकरण, शारीरिक दक्षता परीक्षा और दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि पूरी चयन प्रक्रिया पारदर्शी, निष्पक्ष और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न होनी चाहिए, ताकि सभी अभ्यर्थियों को समान अवसर मिल सके। अभ्यर्थियों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए उपायुक्त ने पेयजल, छाया, चिकित्सा सुविधा, शौचालय और विश्राम स्थल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

# मुंडा-मानकी के नेतृत्व में उग्र आंदोलन नौकरी की मांग को लेकर गुवा खदान जाम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पश्चिमी सिंहभूम** : पश्चिमी सिंहभूम जिले के गुवा क्षेत्र में रोजगार की मांग को लेकर ग्रामीणों ने सोमवार तड़के बड़ा आंदोलन शुरू कर दिया। करीब 12 गांवों के मुंडा-मानकी के बैनर तले सैकड़ों ग्रामीण सुबह लगभग 4 बजे से ही सड़कों पर उतर आए और खदान से जुड़े सभी प्रमुख मार्गों को जाम कर दिया। आंदोलनकारियों ने साइज स्क्रीन क्षेत्र, जीरो प्वाइंट और लोडिंग प्वाइंट जाने वाले रास्तों को पूरी तरह बंद कर दिया। इसके कारण खदान क्षेत्र में आवाजाही पूरी तरह रुक गई और पहली पाली में ड्यूटी पर जाने वाले मजदूरों की बसों को भी बीच रास्ते में रोकना पड़ा। दिनभर लौह अयस्क का उत्पादन और परिवहन बाधित रहा, जिससे कंपनी के कामकाज पर सीधा असर पड़ा। मौके पर मौजूद सीआईएसएफ और झारखंड पुलिस के जवानों ने प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण अपनी मांगों को लेकर अडिग रहे। उनका आरोप है कि वर्षों से खदान में काम चल रहा है, लेकिन स्थानीय युवाओं को रोजगार में प्राथमिकता नहीं दी जा रही है, जिससे क्षेत्र में बेरोजगारी और असंतोष बढ़ता जा रहा है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सेल प्रबंधन की टीम मौके पर पहुंची। एचआर महाप्रबंधक प्रवीण कुमार सिंह, डीजीएम (सीएसआर) अनिल कुमार और अधिकारी अमित तिर्की ने आंदोलनकारियों के साथ वार्ता की। प्रबंधन ने प्रस्ताव दिया कि हर महीने मुंडा-मानकी संघ के साथ बैठक कर प्रत्येक गांव से 2-3 लोगों को रोजगार दिया जाएगा, लेकिन ग्रामीणों ने इसे नाकाफी बताते हुए खारिज कर दिया। आंदोलनकारियों की मुख्य मांग है कि कम से कम 500 स्थानीय बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने का लिखित आश्वासन दिया जाए। उनका कहना है कि जब तक यह मांग पूरी नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। इस आंदोलन का नेतृत्व सारंडा पीढ़ के मानकी सुरेश चाम्पिया कर रहे हैं। उनके साथ मुंडा सींगा सुरीन, बिरसा सुरीन, मंगता सुरीन, लालू चाम्पिया, गोमाई चाम्पिया, सोमा चाम्पिया, जेना बाड़ींग, लांगो चाम्पिया, ननिका सुरीन, मसूरी सुरीन और सोमवारी सुरीन सहित कई ग्रामीण सक्रिय रूप से आंदोलन में शामिल हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि उनकी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा और खदान का कामकाज पूरी तरह लंबे समय के लिए ठप कर दिया जाएगा। फिलहाल क्षेत्र में तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है और प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

## विधायक ने किया भोक्ता झूलन खूंटा का उद्घाटन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी** : विधायक राम सूर्या मुंडा ने सोमवार को खूंटी प्रखंड के कुजराम गांव में विधायक मद से निर्मित भोक्ता झूलन खूंटा का उद्घाटन किया। इस अवसर पर पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान नारियल फोड़कर विधिवत शुभारंभ किया गया। विधायक ने कहा कि क्षेत्र के विकास के साथ-साथ सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहरों को सहेजना भी उनकी प्राथमिकता है और आगे भी ऐसे कार्य निरंतर किए जाते रहेंगे। उद्घाटन के बाद श्रद्धालु भक्तों ने झूलन खूंटा में प्रवेश कर पूजा-अर्चना की और अपनी आस्था प्रकट की। कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी, जहां सभी ने इस पहल के लिए विधायक का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि डिक्सन पूर्ति, मुखिया बलकु मुंडा, ग्राम प्रधान, गुलशन सिंह मुंडा (जिला परिषद, खूंटी) सहित कई जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## विपक्ष ने आधी आबादी का हक छीना महिला आरक्षण पर राजनीति भारी : सांसद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**पूर्वी सिंहभूम** : हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि 33 प्रतिशत महिला आरक्षण से जुड़ा संशोधन विधेयक महिलाओं को उनका संवैधानिक अधिकार दिलाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम था, लेकिन विपक्ष ने राजनीतिक स्वार्थ के चलते इसे रोककर देश की आधी आबादी का हक छीन लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन ने जानबूझकर इस महत्वपूर्ण पहल को विफल किया, जिससे महिलाओं को प्रतिनिधित्व देने का अवसर बाधित हुआ। बिष्टुपुर स्थित तुलसी भवन में सोमवार को भाजपा जमशेदपुर महानगर की प्रेस वार्ता में बोलते हुए मनीष जायसवाल ने केंद्र सरकार की ओर से महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए किए गए प्रयासों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि शौचालय निर्माण, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना और मुद्रा योजना के जरिए महिलाओं को मजबूत किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि 2023 में पारित कानून में जनगणना और परिसीमन का प्रावधान पहले से मौजूद है और संशोधन का उद्देश्य प्रक्रिया को तेज कर 2029 तक आरक्षण लागू करना था, लेकिन विपक्ष ने इसमें बाधा डाली। प्रेस वार्ता में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष और पूर्व विधायक भानु प्रताप साही ने भी कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि लंबे समय तक सत्ता में रहने के बावजूद उसने महिलाओं को पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं दिया और अब भी अवरोध पैदा कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस मौके पर भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव सिन्हा, महिला मोर्चा अध्यक्ष नीलु मछुआ, मीरा मुंडा, शुक्ला हलदर और मीडिया प्रभारी प्रेम झा समेत कई नेता मौजूद थे।

## टाटानगर स्टेशन पर मोबाइल चोर गिरफ्तार, सीसीटीवी फुटेज से खुला राज



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जमशेदपुर** : टाटानगर रेलवे स्टेशन परिसर में बढ़ती चोरी की घटनाओं के बीच रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और सरकारी रेल पुलिस (जीआरपी) ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए रविवार की देर रात एक मोबाइल चोर को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मनीष सिंह (23) के रूप में हुई है, जो टाटानगर के समीप कीताडीह स्थित त्रिमूर्ति चौक का निवासी बताया जा रहा है। पुलिस ने उसके पास से चोरी किया गया मोबाइल फोन बरामद किया है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली, जिसके बाद सोमवार को उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, ओडिशा के बारीपदा निवासी भवानी शंकर सिंह रविवार रात टाटानगर रेलवे स्टेशन के टिकट घर में टिकट लेने के लिए मौजूद थे। इसी दौरान भीड़ का फायदा उठाकर एक अज्ञात युवक ने उनका मोबाइल फोन चुरा लिया। मोबाइल गायब होने का अहसास होते ही उन्होंने तुरंत रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 पर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलते ही आरपीएफ पोस्ट कमांडर राकेश मोहन और जीआरपी थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने तेजी से कार्रवाई करते हुए स्टेशन परिसर, टिकट काउंटर और आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज में संदिग्ध युवक की गतिविधियां स्पष्ट रूप से दिखाई दीं, जिसके आधार पर उसकी पहचान की गई। इसके बाद पुलिस ने रणनीति बनाकर स्टेशन परिसर में घेराबंदी की और संदिग्ध को दबोच लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से चोरी किया गया मोबाइल बरामद हुआ, जिसे पीड़ित को वापस कर दिया गया। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि आरोपी किसी बड़े गिरोह से जुड़ा है या पहले भी ऐसी घटनाओं में शामिल रहा है।

## एमएलए महिला कालेज में मना अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**लोहरदगा** : फायर ब्रिगेड लोहरदगा ने अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह के तहत सोमवार को एमएलए महिला कालेज और शहर के प्राइवेट अस्पतालों में फायर सेफ्टी पर मॉक ड्रिल किया। कालेज की छात्राओं को आग लगने की परिस्थितियों, एहतियात, सुरक्षा और आग से निबटने की तरकीबों को प्रदर्शित कर विस्तार से समझाया। फायर आफिसर रामाधार मुंडा और अग्निक गोपी यादव ने छात्राओं को बताया कि 14 अप्रैल, 1944 को मुंबई बंदरगाह पर हुए भयानक अग्निकांड में शहीद हुए फायर ब्रिगेड कर्मियों की याद में इस सप्ताह का आयोजन होता है। इस दौरान मॉक ड्रिल और अन्य कार्यक्रमों के जरिए आग से सुरक्षा उपायों का प्रदर्शन किया जाता है। छात्राओं को बताया कि आग लगने के कारणों और उसे बुझाने के तरीके परिस्थितियों के अनुसार अलग-अलग होते हैं। आग लगने पर घबराने के बजाय संयम और सूझबूझ से काम लेना आवश्यक है। अग्निशामक यंत्र के उपयोग के तरीके बताए गए। आग में फंस जाने पर सुरक्षित निकलने के लिए अफरा-तफरी के बजाय घुटने के बल रेंगकर निकलने से धुएं में दम घुटने, बेहोश होने की संभावना कम रहती है। रसोई में अतिरिक्त भरा हुआ गैस सिलेंडर और बिजली उपकरणों के पास ज्वलनशील पदार्थ नहीं रखने का सुझाव दिया। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि देश में हर साल औसतन डेढ़ लाख से ज्यादा आग लगने की घटनाएं होती हैं और औसतन हर साल 27 हजार लोग इसमें जान गंवाते हैं। इसलिए आग से बचने के लिए सतर्कता, सुरक्षा और जागरूकता जरूरी है। कार्यक्रमों में शिक्षक, छात्राएं, मेडिकल कर्मी शामिल रहे।

# रियान मौत मामले में कार्रवाई नहीं होने पर उपायुक्त कार्यालय के समक्ष धरना, परिजनों ने लगाई न्याय की गुहार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**पूर्वी सिंहभूम** : रियान की संदिग्ध मौत के मामले में अब तक आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं होने से आक्रोशित परिजनों और स्थानीय लोगों ने सोमवार को उपायुक्त कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान पीड़ित पक्ष ने प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताते हुए जल्द न्याय की मांग की। परिजनों का कहना है कि 26 मार्च 2026 को रियान की इलाज के दौरान मृत्यु हुई थी, जिसके बाद 27 मार्च को परसुडीह थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामले में हत्या की गंभीर धारा 103(1) लगाई गई, बावजूद इसके अब तक नामजद आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। पीड़ित पिता महमूद आलम ने बताया कि वे लगातार पुलिस अधीक्षक कार्यालय के चक्कर लगाते रहे, लेकिन कहीं से भी संतोषजनक जवाब या ठोस कार्रवाई नहीं मिली। उन्होंने आरोप लगाया कि मामले में नामजद आरोपित डॉ. बदर और डॉ. अजय प्रसाद खुलेआम घूम रहे हैं, जबकि पुलिस निष्क्रिय बनी हुई है। उन्होंने क्षेत्राधिकार को लेकर भी सवाल उठाते हुए कहा कि घटना और पीड़ित दोनों मानगो थाना क्षेत्र के हैं, फिर भी केस परसुडीह थाना में दर्ज किया गया, जो संदेह पैदा करता है। धरना के दौरान उपायुक्त को सौंपे गए ज्ञापन में निष्पक्ष जांच, आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और मामले की सही थाने में जांच सुनिश्चित करने की मांग की गई। परिजनों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### कृषि के साथ पशुपालन, बागवानी, मत्स्य पालन को जोड़ना जरूरी : अशोक भगत




**गुमला** : कृषि विज्ञान केंद्र गुमला, विकास भारती बिशुनपुर की ओर से संचालित संस्थान में सोमवार को 18वीं कृषि वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक हुई। इस मौके पर मुख्य अतिथि पद्मश्री अशोक भगत ने अपने संबोधन में समेकित खेती प्रणाली पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि केवल एक फसल पर निर्भर रहने के बजाय फसल उत्पादन के साथ पशुपालन, बागवानी, मत्स्य पालन और अन्य गतिविधियों को जोड़ना चाहिए। इससे किसानों की आय बढ़ेगी और जोखिम कम होगा। उन्होंने प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और टिकाऊ खेती अपनाने की जरूरत पर भी जोर दिया। बैठक में जिले में कृषि एवं उससे जुड़े क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा तथा आगामी वर्ष 2026-27 के लिए व्यावहारिक एवं वैज्ञानिक कार्ययोजना को तैयार किया गया। बैठक के प्रथम चरण में वर्ष 2025-26 के दौरान किए गए कार्यों का विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया गया। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्र की स्थिति पर प्रकाश डाला। कृषि विभाग ने उन्नत बीज और उर्वरक की उपलब्धता, पशुपालन विभाग ने दुग्ध उत्पादन वृद्धि एवं पशु स्वास्थ्य प्रबंधन, मत्स्य विभाग ने तालाब आधारित मत्स्य उत्पादन तथा भूमि संरक्षण विभाग ने जल एवं मृदा संरक्षण पर अपने सुझाव प्रस्तुत किए। विशिष्ट अतिथि डॉ अवनी कुमार सिंह ने कहा कि कृषि को लाभकारी बनाने के लिए वैज्ञानिक जानकारी को सीधे किसानों तक पहुंचाना जरूरी है। उन्होंने स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार खेती की तकनीक अपनाने पर बल दिया। डॉ निरंजन लाल ने कहा कि किसानों को समय पर सही जानकारी मिलना ही कृषि विकास की सबसे बड़ी कुंजी है। इंजीनियर एसके पांडेय ने खेती में आधुनिक यंत्रों के उपयोग पर जोर देते हुए कहा कि छोटे किसानों के लिए साझा मशीन उपयोग केंद्र बहुत उपयोगी हो सकते हैं। डॉ संजय पाण्डेय ने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र किसानों के लिए मार्गदर्शक संस्था है और इसे और मजबूत बनाने की जरूरत है। इधर, बैठक के दूसरे चरण में वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई। इसमें सभी विभागों ने अपने सुझाव दिए। योजना में किसानों के लिए अधिक प्रशिक्षण कार्यक्रम, नई फसल किस्मों का प्रदर्शन, जैविक खेती को बढ़ावा, महिला एवं युवा किसानों के लिए विशेष कार्यक्रम तथा जलवायु परिवर्तन से निपटने के उपायों को शामिल किया गया। इसके साथ ही किसानों को अपने उत्पाद का बेहतर मूल्य दिलाने के लिए प्रसंस्करण, भंडारण और बाजार से जोड़ने की व्यवस्था को भी मजबूत करने का प्रस्ताव रखा गया। यह भी निर्णय लिया गया कि गांव स्तर पर नियमित मार्गदर्शन एवं समस्या समाधान की व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जाएगा।

### चिराग श्री फाउंडेशन का पांचवां फ्री ट्यूशन सेंटर शुरू



**पश्चिमी सिंहभूम** : जिले के ग्रामीण क्षेत्र खप्परसाई में सोमवार को शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय पहल देखने को मिली। चिराग श्री फाउंडेशन ने यहां अपने पांचवें निशुल्क ट्यूशन सेंटर की शुरूआत की, जिसका उद्देश्य गांव के बच्चों को बेहतर शिक्षा और मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है। उद्घाटन के मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण और बच्चे मौजूद रहे, जिससे पूरे गांव में उत्साह का माहौल बन गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी रमेश खिरवाल उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथियों में खप्परसाई की मुखिया गीतांजली बोदरा, गुटुसाइ की मुखिया सुमित्रा देवगम और प्रयास एक नई पहल संस्था से जुड़े गुरमुख सिंह खोखर, सीमा तिर्की, मिनाक्षी और रंजन सिंह शामिल हुए। सभी अतिथियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास ग्रामीण बच्चों को आगे बढ़ने का बेहतर अवसर देते हैं। फाउंडेशन की संस्थापक नेहा निषाद ने बताया कि गांव के कई बच्चे जागरूकता और उचित शैक्षणिक माहौल के अभाव में पढ़ाई से दूर हो रहे थे। इसी समस्या को देखते हुए इस ट्यूशन सेंटर की शुरूआत की गई है, ताकि बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़े और उन्हें सही दिशा मिल सके। संस्था के सदस्य अंकित साह ने बताया कि यह फाउंडेशन का पांचवां सेंटर है और यहां पढ़ने वाले बच्चों को समय-समय पर जरूरी शैक्षणिक सामग्री भी उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि संसाधनों की कमी उनकी पढ़ाई में बाधा न बने। उद्घाटन के दौरान बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। फाउंडेशन की ओर से कॉपी, पेन, पेंसिल सेट के साथ-साथ खाद्य सामग्री और अल्पाहार का वितरण किया गया। बच्चों ने नए सेंटर को लेकर खुशी जताई और नियमित रूप से पढ़ाई करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में संस्था के सदस्य आस्था, शीतल, रवि शर्मा, ओम, अजय और चंदा समेत अन्य लोग भी उपस्थित थे।

### पीएम श्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय में सामूहिक जन्मोत्सव ने भरी नई खुशियां



**पश्चिमी सिंहभूम** : जिले के खूंटपानी प्रखंड स्थित पीएम श्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय, भोया में सोमवार को सामूहिक जन्मोत्सव कार्यक्रम बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ आयोजित किया गया। झारखंड सरकार और जिला प्रशासन की संयुक्त पहल से आयोजित इस कार्यक्रम ने विद्यालय परिसर को एक उत्सव स्थल में बदल दिया, जहां बच्चों की हंसी और खुशी ने पूरे माहौल को जीवंत बना दिया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य यमुना तीयू, प्रखंड प्रमुख सिद्धार्थ होनहागा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सुनीला खलखो, प्रखंड विकास पदाधिकारी धनंजय पाठक और अंचल अधिकारी फुलेश्वर साहू सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। सभी अतिथियों ने बच्चों के साथ मिलकर केक काटा, उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए उपहार और शुभ संदेश भी दिए गए। इस अवसर पर विद्यालय में विशेष रूप से पौष्टिक और स्वादिष्ट भोजन की व्यवस्था की गई थी। बच्चों को संतुलित आहार प्रदान करने के साथ-साथ स्वच्छता और पोषण के महत्व की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक गतिविधियों, गीत-संगीत और सामूहिक खेलों का भी आयोजन किया गया, जिससे बच्चों में आपसी भाईचारा और सहयोग की भावना विकसित हो सके।

संक्षिप्त डायरी

## बिहार में रोड एक्सीडेंट में घायलों का होगा मुफ्त इलाज

**पटना (एजेंसी)** बिहार में रोड एक्सीडेंट में घायल व्यक्तियों को डेढ़ लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिलेगा. यह सुविधा राज्य के आपातकालीन ट्रॉमा सेंटरों में उपलब्ध होगी, जिससे दुर्घटना के बाद शुरूआती गोल्डन आवर में समय पर इलाज सुनिश्चित किया जा सके. : बिहार सरकार ने रोड एक्सीडेंट के शिकार लोगों के लिए एक बड़ा सुरक्षा कवच तैयार किया है. अब रोड एक्सीडेंट के बाद शुरूआती कीमती समय यानी गोल्डन आवर में इलाज के लिए आपको अपनी जेब नहीं ढीली करनी होगी. उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने परिवहन विभाग की समीक्षा बैठक में जो बड़े ऐलान किए, वह आम लोगों की जान बचाने में मील का पत्थर साबित होंगे. गोल्डन आवर में जान बचाने की पहल सड़क दुर्घटनाओं में मौत का सबसे बड़ा कारण सही समय पर इलाज न मिलना होता है. इसे देखते हुए बिहार सरकार ने फैसला लिया है कि अब आपातकालीन ट्रॉमा सेंटरों में पीड़ितों का डेढ़ लाख रुपये तक का इलाज बिल्कुल मुफ्त किया जाएगा. उपमुख्यमंत्री ने निर्देश दिया है कि पैसे के अभाव में किसी भी घायल का इलाज नहीं रुकना चाहिए. गोल्डन आवर यानी हादसे के ठीक बाद का पहला घंटा, जिसमें जान बचने की सबसे अधिक संभावना होती है. अब सरकार की इस कैशलेस सुविधा के कारण और भी प्रभावी बनेगा. यह व्यवस्था राज्य के प्रमुख शहरों सहित सभी चिन्हित अस्पतालों में लागू की जाएगी. स्मार्ट ट्रैफिक मैनेजमेंट से दूर होगा जाम का झंझट राजधानी पटना समेत बिहार के बड़े शहरों में ट्रैफिक जाम एक बड़ी समस्या है. सरकार अब इसे पीपीपी मोड पर इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम के जरिए हल करने जा रही है. इस नई व्यवस्था के तहत सड़कों पर स्मार्ट निगरानी रखी जाएगी. हाई-टेक कैमरों की मदद से ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों पर तकनीकी नजर होगी, जिससे सड़क अनुशासन बढ़ेगा और हादसों में कमी आएगी. इसके साथ ही दुर्घटनाओं का माइनर और मेजर श्रेणियों में विश्लेषण किया जाएगा, ताकि उन विशेष कारणों को खत्म किया जा सके जो बार-बार हादसों की वजह बनते हैं.

## पटना के सरकारी अस्पतालों में फायर ऑडिट शुरू

**पटना (एजेंसी)** बढ़ती गर्मी और आगजनी की घटनाओं के मद्देनजर राजधानी के सरकारी अस्पतालों में सुरक्षा को लेकर बड़ा कदम उठाया गया है। मरीजों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में व्यापक फायर ऑडिट कराने का निर्णय लिया है। इस अभियान के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) और अनुमंडलीय अस्पतालों तक सभी इकाइयों को अलर्ट मोड पर रखा गया है। स्वास्थ्य विभाग ने इस संबंध में आधिकारिक पत्र जारी कर दिया है, जिसके बाद सिविल सर्जन कार्यालय के निर्देशन में पूरे जिले में चरणबद्ध तरीके से यह अभियान चलाया जाएगा। सिविल सर्जन डॉ. योगेंद्र कुमार मंडल ने बताया कि, जांच के प्रमुख बिंदुओं में अस्पतालों की बिजली व्यवस्था सबसे अहम है। वायरिंग की गुणवत्ता, उसकी लोड क्षमता और ओवरलोडिंग की स्थिति की विशेष रूप से पड़ताल की जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि कई अस्पतालों में पुराने तार और अस्थाई कनेक्शन आगजनी का बड़ा कारण बनते हैं, जिस पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके अलावा फायर सेफ्टी उपकरणों की उपलब्धता और उनकी कार्यशीलता की भी जांच होगी। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि फायर एक्टिंग्यूशर एक्सपायर न हों और वे सही ढंग से काम कर रहे हों। ऐसे मामलों को गंभीरता से लिया जाएगा, जहां उपकरण मौजूद तो हैं, लेकिन निष्क्रिय हैं। अलार्म सिस्टम, इमरजेंसी रिस्पॉन्स मैकेनिज्म की जांच फायर स्टेशन से संपर्क व्यवस्था, अलार्म सिस्टम, इमरजेंसी रिस्पॉन्स मैकेनिज्म और लिफ्ट की सुरक्षा व्यवस्था भी जांच के दायरे में होगी। अस्पतालों में मौजूद लिफ्टों की संख्या, उनका प्रकार और आपात स्थिति में उनके उपयोग की क्षमता का भी मूल्यांकन किया जाएगा, ताकि मरीजों और स्टाफ की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। मानक पूरे करने पर ही मिलेगा एनओसी, लापरवाही पर कार्रवाई फायर ऑडिट के बाद अस्पतालों को उनकी स्थिति के आधार पर मूल्यांकन किया जाएगा। जो संस्थान सभी मानकों पर खरे उतरेंगे, उन्हें ही नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (एनओसी) जारी किया जाएगा। जिन अस्पतालों में कमियां पाई जाएंगी, उन्हें सुधार के लिए निश्चित समय सीमा दी जाएगी। साथ ही, आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए जाएंगे ताकि वे जल्द से जल्द अपनी व्यवस्थाओं को दुरुस्त कर सकें। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है

## सीमांचल बारिश से भीगा, दक्षिण में लू जैसे हालात

**पटना (एजेंसी)** राज्य में मौसम दो हिस्सों में बंटा नजर आ रहा है। सीमांचल के जिलों में बारिश से राहत मिली, वहीं दक्षिण और पश्चिम बिहार में गर्मी का असर तेज बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 3-4 दिनों तक यही ट्रेंड जारी रहने की संभावना है। पटना में रविवार को अधिकतम तापमान 39.3 डिग्री रहा, जिससे दिनभर गर्मी का असर बना रहा। 43 डिग्री के साथ डेहरी (रोहतास) सबसे गर्म रहा। इसके अलावा कैमूर (भभुआ) में तापमान 42.9, गया में 42.8, बक्सर में 42.7 और औरंगाबाद में 41.8 डिग्री रहा। इन इलाकों में लू जैसे हालात रहे। वहीं, सीमांचल और आसपास के जिलों में अच्छी बारिश हुई। सुपौल के राघोपुर में 25.2 मिमी, कटिहार के बारसोई में 24.6 मिमी, सुपौल के किशनपुर में 22.2 मिमी, सुपौल के प्रतापगंज और मधुबनी के लौकही में 19.4-19.4 मिमी बारिश हुई। मधुबनी, सुपौल, मधेपुरा, किशनगंज, अररिया, पूर्णिया और कटिहार जिलों में हल्की से मध्यम बारिश के कारण मौसम सुहावना बना रहा और तापमान में हल्की गिरावट आई। दक्षिण बिहार में चढ़ा तापमान रोहतास, औरंगाबाद, गया और कैमूर समेत कई जिलों में गर्मी का असर बरकरार है। पटना, छपरा, आरा सहित अन्य जिलों में भी तापमान 39-40 डिग्री के आसपास बना हुआ है। राज्य के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान में 1-3 डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार अगले 3-4 दिनों में तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा। कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद और गया जिलों में सामान्य से अधिक गर्मी महसूस होगी। विशेषज्ञों के अनुसार, बिहार में प्री-मानसून गतिविधियां शुरू हो चुकी हैं, जिससे एक तरफ बारिश और दूसरी ओर गर्मी का असर देखने को मिल रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगों को दोपहर में बाहर निकलने से बचने, पर्याप्त पानी पीने और लू से बचाव के उपाय अपनाने की सलाह दी है।

# सम्राट चौधरी का संकल्प: महिलाओं की सुरक्षा के लिए पाताल से खींच लाएंगे अपराधी

**महिलाओं की सुरक्षा पर सम्राट चौधरी का बड़ा बयान, अपराधियों को दी सीधी चेतावनी**



**पटना (एजेंसी)** पटना में जन आक्रोश महिला पदयात्रा निकाली गई है. इस पदयात्रा में सीएम सम्राट चौधरी शामिल हुए. गांधी मैदान में सम्मेलन के दौरान मंच से सीएम सम्राट चौधरी ने कहा, आपके लिए कोई भी असुरक्षा की स्थिति खड़ा करेगा तो पाताल से खींच लाऊंगा. पटना में महिला आरक्षण विधेयक पारित नहीं होने पर जन आक्रोश महिला पदयात्रा निकाली गई है. इसमें बिहार के अलग-अलग जिलों से महिलाएं पहुंचीं हैं. इसके साथ ही महिलाओं को आज मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का साथ भी मिला. गांधी मैदान में खुले मंच से सीएम सम्राट चौधरी ने कहा, नरेंद्र मोदी की सरकार ने आपके लिए कानून बनाया है और आपको न्याय भी यह सरकार देगी. महिलाओं का किया पूरा सपोर्ट महिलाओं का समर्थन करते हुए मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि एक-एक महिलाओं को बता देना चाहता हूं कि आपका भाई सम्राट चौधरी यहां खड़ा है. आपके लिए कोई भी असुरक्षा की स्थिति खड़ा करेगा तो पाताल से खींच लाऊंगा, उसको छोड़ नहीं सकता. इस तरह से सम्राट चौधरी ने गांधी मैदान में मौजूद महिलाओं का पूरा सपोर्ट किया. राजद-कांग्रेस पर बोला हमला साथ ही उन्होंने कांग्रेस-राजद पर बोला हमला. सीएम सम्राट ने कहा, राहुल गांधी चाहते हैं कि सिर्फ उनकी बहन प्रियंका गांधी सांसद बनकर सदन में जाएं, समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव चाहते हैं कि सिर्फ उनकी पत्नी सांसद बनकर जाएं, डीएम के नेता स्टालिन चाहते हैं कि सिर्फ उनकी बहन सांसद बनकर जाएं. लेकिन मोदी जी चाहते हैं कि इस देश की 272 बहनें लोकसभा में पहुंचे. किसी ने नारी शक्ति का सम्मान बढ़ाने का काम किया है तो वह नरेंद्र मोदी की सरकार ही है. बिहार में व्यवस्थाओं की तारीफ की सम्राट चौधरी ने यह भी कहा कि बिहार में जीविका समूह की बहनों को आगे बढ़ाया गया है. 1 करोड़ 81 लाख बहनों को अभी तक मुख्यधारा में लाया गया. पंचायती राज और नगर निकाय के चुनाव में महिलाओं को आरक्षण दिया जा रहा है. आपके आंदोलन में हमलोग मजबूत से खड़े हैं. जन आक्रोश को ज्वाला बनाकर रखिए. यह ज्वाला तब तक बनाए रखिए जब तक आपको विधानसभा और लोकसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण मिल नहीं जाता है.

## अनंत सिंह, बिजेंद्र यादव, विजय चौधरी समेत ये नेता पहुंचे 1 अणे मार्ग,

**पटना (एजेंसी)** जेडीयू विधायक दल की बैठक होने वाली है, जिसे लेकर 1 अणे मार्ग में विधायकों का जमावड़ा लगना शुरू हो गया है. डिप्टी सीएम विजय चौधरी और बिजेंद्र यादव, अनंत सिंह समेत कई विधायक बैठक में शामिल होने के लिए पहुंचे. नीतीश कुमार भी इस बैठक में शामिल होंगे. जेडीयू विधायक दल का नेता चुना जाना है, इसे लेकर आज बैठक बुलाई गई है. ऐसे में 1 अणे मार्ग में जेडीयू के विधायकों का जमावड़ा लगना शुरू हो गया है. बिहार के दोनों नए उपमुख्यमंत्री विजय चौधरी और बिजेंद्र यादव, विधायक अनंत सिंह, महेश्वर हजारी समेत अन्य नेता पहुंच गए हैं. नीतीश कुमार के इस्तीफे के बाद जेडीयू का चेहरा कौन होगा, इस पर सस्पेंस बरकरार है. बैठक के लिए पहुंचे विधायकों ने क्या कहा? विधायक दल की बैठक में पहुंचे पूर्व मंत्री महेश्वर हजारी ने कहा, जेडीयू विधायक दल की बैठक नहीं हुई थी, इसलिए सभी विधायकों को बुलाया गया है. जो दल के हित में है, दल किस तरह से मजबूत हो इसलिए बैठक बुलाई गई है. इसके साथ ही पूर्व मंत्री मदन सहनी ने कहा, बैठक में तय होगा कि विधायक दल का नेता कौन बनेंगे. यह हमारे नेता नीतीश कुमार तय करेंगे. निशांत कुमार को लेकर कहा, वह पहले से ही नेतृत्व करने के लिए तैयार हैं. साथ ही बैठक के लिए पहुंचे जेडीयू विधायक राम सेवक सिंह ने कहा, सर्वसम्मति से जो होगा वही विधायक दल के नेता बनेंगे. सबकुछ साहब पर निर्भर है. जेडीयू विधायक चेतन आनंद ने कहा, निशांत जी काफी एक्टिव हैं" कि पार्टी को कैसे आगे बढ़ाना चाहिए. इस तरह से जेडीयू के विधायक दल की बैठक में नेता किसे चुना जाता है, यह देखने वाली बात होगी. किसके नाम की हो रही सबसे ज्यादा चर्चा? विधायक दल का नेता को लेकर सबसे आगे डिप्टी सीएम विजय चौधरी का नाम है. वह सम्राट चौधरी सरकार में डिप्टी सीएम हैं और पार्टी में मजबूत पकड़ रखते हैं. इसलिए उन्हें विधायक दल का नेता बनाए जाने की संभावना ज्यादा मानी जा रही है. लेकिन बिजेंद्र प्रसाद यादव भी इस रेस में शामिल हैं. साथ ही निशांत कुमार के नाम की भी चर्चा है.

## दोस्त के तिलक में जिसने की हर्ष फायरिंग उसी को लगी गोली, 27 अप्रैल को होने वाली थी शादी

**पटना (एजेंसी)** बिहार के नालंदा जिले में हर्ष फायरिंग के कारण एक युवक की मौत हो गई. मृतक की पहचान 21 साल के छोटू कुमार के रूप में हुई है. मृतक का आज तिलक आना था और 27 अप्रैल को उसकी शादी होने वाली थी. बताया यह भी जा रहा है कि मृतक का आपराधिक इतिहास रहा है. नालंदा जिला के बिंद थाना इलाके के अमावां गांव में एक शादी की खुशियां अचानक मातम में बदल गई. जिस घर में कुछ ही दिनों बाद शहनाइयां बजनी थीं, वहां अब सन्नाटा और आंसू है. 21 साल के छोटू कुमार की हर्ष फायरिंग के दौरान गोली लगने से मौत हो गई और सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि यह गोली उसी के अपने हथियार से चली. 10 दिन पहले ही लौटा था घर छोटू, जो सरमेरा थाना इलाके के गौसनगर गांव का रहने वाला था, दिल्ली में मजदूरी करता था और अपनी शादी की तैयारी के लिए करीब 10 दिन पहले घर लौटा था. 20 अप्रैल को उसका तिलक आना था और 27 अप्रैल को बारात जानी थी. परिवार खुशियों में डूबा था, लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था. घटना उस समय हुई जब छोटू अपने दोस्त मंटू कुमार के तिलक समारोह में अमावां गांव गया था. समारोह में नाच-गाने का माहौल था. इसी दौरान छोटू छत पर गया और कुछ ही देर बाद गोली चलने की आवाज आई. जब लोग ऊपर पहुंचे तो वह खून से लथपथ जमीन पर पड़ा था. उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत बताया. जांच में क्या हुआ खुलासा? पुलिस जांच में सामने आया कि गोली उसके खुद के देसी कट्टे से चली थी. शुरूआती जांच के अनुसार यह मिसफायर था, जो सीधे उसके पेट में जा लगी. बिंद थाना अध्यक्ष मुरली मनोहर आजाद के मुताबिक, मृतक का पहले से आपराधिक इतिहास भी रहा है और वह हथियार रखने और लूटपाट के मामलों में जेल जा चुका था.

## पटना में जन आक्रोश महिला सम्मेलन, श्रेयसी सिंह का आरोप-विपक्ष महिलाओं की आवाज दबा रहा




**पटना (एजेंसी)** पटना का कारगिल चौक आज सिर्फ एक चौराहा नहीं, बल्कि सियासी संदेश का बड़ा मंच बन गया. बीजेपी महिला मोर्चा के जन आक्रोश महिला सम्मेलन ने बिहार की राजनीति में हलचल तेज कर दी. हाथों में पोस्टर लिए हजारों महिलाओं की मौजूदगी ने यह साफ संकेत दिया कि अब आधी आबादी अपनी राजनीतिक भागीदारी को लेकर मुखर है. पटना का ऐतिहासिक गांधी मैदान आज चिलचिलाती धूप और उमस भरी गर्मी के बीच एक अलग ही दृश्य का गवाह बना. हजारों महिलाओं के कंठ से एक ही स्वर गूंजता रहा- ह्लअपना हक लेकर रहेंगे.ह्व मौका था बीजेपी महिला मोर्चा द्वारा आयोजित जन आक्रोश महिला सम्मेलन का, जिसने बिहार की सियासत को नई ऊर्जा दे दी. भीषण गर्मी के बावजूद बिहार के कोने-कोने से महिलाएं पटना पहुंचीं और अपने अधिकारों की मांग को लेकर मजबूती से आवाज उठाई. आयोजन स्थल पर कारपेट बिछाकर बैठने की व्यवस्था की गई थी, लेकिन गर्मी बढ़ने के कारण महिलाएं खुले मैदान में पेड़ों की छांव में चली गई. लेकिन हौसला कम नहीं हुआ. सिर्फ वोट के लिए आधी आबादी का नाम क्यों सम्मेलन के मंच पर मंत्री श्रेयसी सिंह और लेसी सिंह की मौजूदगी ने कार्यकर्ताओं में नया जोश भरा. पत्रकारों से बात करते हुए मंत्री श्रेयसी सिंह ने विपक्ष पर हमला बोला. उन्होंने कहा कि कांग्रेस, राजद और जेएमएम जैसी पार्टियां केवल मइया योजना और जुमलेबाजी के जरिए महिलाओं को बरगलाती हैं. श्रेयसी सिंह ने आरोप लगाया कि जब सदन में महिलाओं के सम्मान की बात आती है, तो विपक्ष के नेता इसे दबाने का काम करते हैं और मेज थपथपाकर जश्न मनाते हैं. उन्होंने तर्क दिया कि रिसर्च भी मानती है कि महिला नेतृत्व में स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे बुनियादी ढांचों में सुधार होता है, फिर भी इंडिया गठबंधन महिलाओं को चारदीवारी से बाहर राजनीतिक प्रतिनिधित्व देने से हिचकता है. महिलाओं की आवाज दबा रहा विपक्ष मंत्री श्रेयसी सिंह ने विपक्षी गठबंधन पर महिला आरक्षण बिल को लेकर गंभीर आरोप लगाए. उन्होंने कहा कि कांग्रेस, राजद और जेएमएम जैसे दल महिलाओं को राजनीतिक प्रतिनिधित्व से दूर रखना चाहते हैं. उनके मुताबिक, जब भी महिलाएं नेतृत्व में आती हैं, तो स्वास्थ्य, शिक्षा और सफाई जैसे बुनियादी मुद्दों पर बेहतर काम करती हैं, लेकिन विपक्ष उनकी आवाज दबाने का प्रयास कर रहा है. श्रेयसी सिंह ने स्पष्ट किया कि यह केवल बीजेपी या एनडीए का मुद्दा नहीं है, बल्कि भारत की हर उस महिला के स्वाभिमान का सवाल है जिसे सदन में अपमानित होना पड़ा. बीजेपी का कहना है कि जो भागीदारी मतदान केंद्रों पर लंबी कतारों में दिखती है,

## बिहार के गांवों की सोलर एनर्जी से बदलेगी सूरत, हर जिले में डेवलप होगा 'मॉडल सोलर विलेज'



**पटना (एजेंसी)** बिहार के गांवों की सूरत अब सोलर एनर्जी से बदलने वाली है. हर जिले में एक गांव को 'मॉडल सोलर विलेज' के रूप में डेवलप किया जाएगा. जानकारी के मुताबिक, शुरूआत में 11 गांवों को शॉर्टलिस्ट किया गया है. बिहार के हर जिले में एक गांव को ह्यमॉडल सोलर विलेज के रूप में डेवलप किए जाने की प्लानिंग की गई है. अब तक 11 गांवों को शॉर्टलिस्ट किया गया है. पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत लोगों को फायदा मिल सकेगा. जानकारी के मुताबिक, इस योजना को लागू करने के लिए बिहार रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी (ब्रेडा) ने सभी जिलों के डीएम से संभावित गांवों की लिस्ट मांगी है. इस आधार पर मिलेगा मॉडल सोलर विलेजका दर्जा जानकारी के मुताबिक, मॉडल सोलर विलेज दर्जा पाने के लिए कुछ मापदंडों को पूरा करना होगा. इसके लिए पहली शर्त यह होगी कि गांव की आबादी 5 हजार से अधिक होनी चाहिए. दूसरी यह कि जिला स्तर पर एक प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, इस दौरान जिला कमेटी मानकों की जांच करेगी. तीसरी यह होगी कि जिस भी गांव में ग्रामीण सबसे ज्यादा सोलर पैनल लगवाएंगे, जानकारी के मुताबिक, अगर 1 किलोवाट का पैनल लगवाते हैं तो 30 हजार रुपए और 2 किलोवाट का पैनल लगवाने पर लगभग 60 हजार रुपए की सब्सिडी दी जाएगी. इतना ही नहीं, जो लोग आर्थिक रूप से कमजोर हैं, उनकी मदद के लिए बैंक भी सिर्फ 7 प्रतिशत के कम ब्याज दर पर 2 लाख रुपए तक का लोन दे रही है. इसे 7 से 8 सालों में आसान किस्तों में वापस किया जा सकता है. क्या है सरकार का लक्ष्य? नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की ओर से संचालित इस योजना का लक्ष्य साल 2026-27 तक एक करोड़ घरों को सौर ऊर्जा से जोड़ना है. इसके तहत आम नागरिकों को अपने घरों में बिजली उत्पादन के लिए सशक्त बनाया जाएगा. जिला स्तर पर इस योजना को सफल बनाने के लिए मॉडल सोलर गांव का चयन किया जाना है.

## JDU विधायक दल का नेता कौन होगा? जानिए किसका नाम है सबसे आगे



**पटना (एजेंसी)** जेडीयू विधायक दल का नेता कौन होगा, यह आज क्लियर हो जाएगा. आज जेडीयू विधायक दल की बैठक होने वाली है. बिहार में नई सरकार के गठन और नीतीश कुमार के इस्तीफे के बाद जेडीयू का चेहरा कौन होगा, इसकी चर्चा तेज है. पटना में जेडीयू ने आज विधायक दल की बैठक बुलाई है, जो कि बेहद खास मानी जा रही है. इस बैठक में विधायक दल का नेता चुना जाएगा. राजनीतिक गलियारों में चर्चा तेज है कि नीतीश कुमार के इस्तीफा देने और राज्यसभा जाने के बाद जेडीयू का चेहरा कौन हो सकता है. इसे लेकर कुछ नेताओं के नाम पर संभावनाएं जताई जा रही हैं. आज की बैठक में नीतीश कुमार खुद भी मौजूद रहेंगे. इस जेडीयू नेता का नाम सबसे आगे विधायक दल का नेता को लेकर सबसे आगे डिप्टी सीएम विजय चौधरी का नाम है. वह सम्राट चौधरी सरकार में डिप्टी सीएम हैं और पार्टी में मजबूत पकड़ रखते हैं. इसलिए उन्हें विधायक दल का नेता बनाए जाने की संभावना ज्यादा मानी जा रही है. लेकिन बिजेंद्र प्रसाद यादव भी इस रेस में शामिल हैं. जेडीयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने कहा था, बैठक को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है. निशांत कुमार के नाम की भी चर्चा उमेश कुशवाहा ने निशांत कुमार को लेकर भी कहा था कि वे पार्टी से जुड़े कामकाज को देख रहे हैं, जो कि पार्टी के लिए अच्छी बात है. इससे संगठन को मजबूती मिल सकती है. ऐसे में निशांत कुमार को लेकर भी संभावना जताई जा रही है कि उन्हें विधायक दल का नेता चुना जा सकता है. लेकिन नई सरकार बनने से पहले निशांत कुमार के डिप्टी सीएम बनने की चर्चा तेज थी. लेकिन उन्होंने खुद यह संकेत दिया कि वे अभी संगठन को मजबूत करने पर ध्यान देंगे. रविवार को पार्टी नेताओं के साथ बैठकरविवार को निशांत कुमार ने पार्टी के नेताओं संग बैठक की थी. इस दौरान उन्होंने पार्टी नेताओं से कहा था कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार के मार्गदर्शन जदयू संगठन के कार्यों को आगे बढ़ायें. साथ ही गरीब-केंद्रित जनकल्याणकारी योजनाओं की लगातार निगरानी रखें. नीतीश कुमार के ऐतिहासिक विकास कार्यों और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएं.

## पटना में जंजीर बांधकर सड़क पर उतरीं महिलाएं, गुस्से में बोलीं- अपना अधिकार लेकर रहेंगे




**पटना (एजेंसी)** महिला आरक्षण विधेयक पारित नहीं होने पर महिलाओं का गुस्सा फूट पड़ा है. पटना की सड़क पर महिलाएं राजद-कांग्रेस के खिलाफ नारे लगाते हुए उतरीं. इस दौरान एक महिला जंजीर बांधी हुई दिखी. उनका कहना था कि वे अपना अधिकार और सम्मान लेकर ही रहेंगी.ह्यहम भारत की नारी हैं, राजद-कांग्रेस पर भारी हैंह्व, यह पोस्टर लेकर आज पटना की सड़क पर महिलाएं उतरीं हैं. गांधी मैदान में महिलाओं का हुजूम उमड़ पड़ा है. जन आक्रोश महिला पदयात्रा निकाली गई है, जिसमें बिहार के अलग-अलग जिलों से महिलाएं पहुंच रही हैं. इस दौरान एक महिला खुद को जंजीर में बांधी हुई दिखी. जंजीर बांधकर पहुंची महिला ने क्या कहा? पदयात्रा के दौरान जंजीर बांधकर पहुंची महिला ने कहा, हमारे अधिकारों से वंचित करने का प्रयास विपक्ष ने किया है. हम आज जंजीर बांधकर यह बताना चाहते हैं कि हम अपना अधिकार और सम्मान लेकर रहेंगे. 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करना ही होगा. अगर विपक्ष नहीं मानता है तो यह आक्रोश और भी बढ़ेगा. इस दौरान वहां मौजूद अन्य महिलाओं ने कहा, विपक्ष चाहता है कि नारी शक्ति जंजीर में बंध जाए. लेकिन हम 33 प्रतिशत आरक्षण लेकर रहेंगे. मंत्री श्रेयसी सिंह ने क्या कहा? आज की जन आक्रोश महिला पदयात्रा में खेल मंत्री श्रेयसी सिंह भी पहुंचीं. मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा, जब सदन में महिलाओं के सम्मान की बात आती है, तो विपक्ष के नेता इसे दबाने का काम करते हैं और मेज थपथपाकर जश्न मनाते हैं. उन्होंने तर्क दिया कि रिसर्च भी मानती है कि महिला नेतृत्व में स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे बुनियादी ढांचों में सुधार होता है, फिर भी इंडिया गठबंधन महिलाओं को चारदीवारी से बाहर राजनीतिक प्रतिनिधित्व देने से हिचकता है. गांधी मैदान के आस-पास ट्रैफिक व्यवस्था बदला पटना के गांधी मैदान आस-पास पदयात्रा को लेकर ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया गया था. ट्रैफिक एसपी सागर कुमार ने लोगों से ट्रैफिक पुलिस का सहयोग करने की अपील की. इसके तहत गांधी मैदान की चारों तरफ ऑटो और ई-रिक्शा के चलने पर रोक लगा दी गई है. दानापुर से राजापुर पुल के रास्ते आने वाले ऑटो और ई-रिक्शा को पुलिस लाइन से वापस दानापुर की ओर मोड़ दिया जा रहा है. अशोक राजपथ से गायघाट की ओर से आने वाली गाड़ियां कृष्णा घाट के पास कुनकुन सिंह लेन से आगे की ओर जा सकेंगी. एक्जीबिशन रोड में भट्टाचार्या चौराहे से गांधी मैदान ऑटो और ई-रिक्शा को नहीं जाने दिया जा रहा. एसपी वर्मा रोड से आने वाली गाड़ियां स्वामीनंदन तिराहा तक ही आ सकेंगे और वहां से बाटा मोड़ होते हुए लौटा दिया जा रहा.

# खाने के तुरंत बाद भूलकर भी न करें ये गलतियां, सेहत पर पड़ सकता है हानिकारक असर!



पैदल चलना शरीर के लिए लाभदायक है। इससे वजन घटाने और मधुमेह रोगियों को लाभ होता है, लेकिन कुछ लोगों के लिए खाने के बाद टहलना एक चुनौती हो सकती है। जी हां, डॉ. अनुज के अनुसार, खाने के बाद तीन छोटी सैर (प्रत्येक 10 मिनट) रक्त शर्करा को नियंत्रित करने में 30 मिनट की एक लंबी सैर से अधिक प्रभावी हो सकती है। यह बेहतर परिणाम देता है, खासकर अगर इसे खाने के तुरंत बाद किया जाए।

डायबेटोलोजिया पत्रिका में प्रकाशित 2016 के एक अध्ययन के अनुसार, भोजन के बाद 10 मिनट की सैर से टाइप-2 मधुमेह वाले लोगों में रक्त शर्करा नियंत्रण में सुधार होता है। भोजन के बाद टहलने से इंसुलिन संवेदनशीलता बढ़ती है और पाचन के दौरान ग्लूकोज का उपयोग बेहतर होता है, जिससे शर्करा के स्तर में तेजी से होने वाली वृद्धि कम होती है।

### खाने के बाद टहलने के फायदे

1. ब्लड शुगर नियंत्रित करें - खाने के बाद शरीर को अधिक इंसुलिन की जरूरत होती है। पैदल चलने से शरीर की कोशिकाओं को अधिक ऑक्सीजन और ऊर्जा मिलती है, जिससे रक्त शर्करा का शीघ्र उपयोग होता है और स्तर को नियंत्रित करने में मदद मिलती है।

2. हृदय स्वास्थ्य- नियमित रूप से हल्का व्यायाम जैसे टहलना हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है और शरीर में रक्त परिसंचरण में सुधार करता है।

3. वजन प्रबंधन- मधुमेह रोगियों के लिए वजन कम रखना बहुत महत्वपूर्ण है। पैदल चलने से कैलोरी बर्न होती है और वजन नियंत्रण में मदद मिलती है।

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

झारखंड के जन स्वास्थ्य अभियान में कार्यरत डॉक्टर अनुज कुमार कहते हैं कि खाने के बाद टहलना एक अच्छा व्यायाम है, लेकिन कुछ लोगों को खाने के बाद टहलने से बचना चाहिए। विशेषकर किसी भी पेट की सर्जरी के बाद।

### खाने के बाद किसे टहलना नहीं चाहिए?

गैस्ट्रोपेरेसिस से पीड़ित लोगों में - इससे मतली या सूजन हो सकती है।

गंभीर हृदय रोग से पीड़ित लोगों में - खाने के बाद, रक्त प्रवाह पाचन पर केंद्रित होता है और परिश्रम के कारण हृदय पर दबाव पड़ सकता है।

हाइपोग्लाइसीमिया के रोगी - इंसुलिन या कुछ दवाओं का उपयोग करने वाले लोगों को चलते समय निम्न रक्त शर्करा का अनुभव हो सकता है।

आईबीएस ) से पीड़ित लोग - यह एक गंभीर पाचन समस्या है। खाने के बाद टहलने से इसके लक्षण बढ़ सकते हैं।

कुछ लोगों को खाने के बाद चलने से चक्कर आना, सीने में दर्द या अत्यधिक थकान महसूस होती है, इसलिए उन्हें आराम करना चाहिए।

# गर्मी में आग की भट्टी बन जाती है किचन, अपनी रसोई को ठंडा रखने के लिए करें ये 5 काम



कभी-कभी गर्मियों में कूलर या एसी के बिना रहना असंभव लगता है। यह मौसम उन लोगों के लिए विशेष रूप से थकाने वाला होता है जो दिन-रात रसोई में खाना पकाने में बिताते हैं। अधिकतर महिलाओं को लंबे समय तक रसोई में काम करना पड़ता है। उबलते बर्तनों, गर्म ओवन और खराब वेंटिलेशन के कारण रसोईघर अक्सर भट्टी में बदल जाता है, जिससे खाना बनाना मुश्किल हो जाता है। इस तरह आप कुछ आसान टिप्स अपनाकर किचन को ठंडा और आरामदायक बना सकते हैं, जिससे किचन में गर्मी काफी हद तक कम हो सकती है और आप आराम से खाना बना सकते हैं।

### पर्दे और हरियाली का उपयोग करें

यदि आपके रसोईघर में बड़ी खिड़कियां हैं, तो उन्हें दिन के समय बंद रखें, प्रकाश और गर्मी को रोकने के लिए हल्के रंग के सूती पर्दे का उपयोग करें। आप अलमारियों पर इनडोर कूलिंग प्लांट भी लगा सकते हैं। हरियाली आसपास के वातावरण को अधिक ठंडा और आरामदायक बना सकती है। इसके अलावा आप रसोईघर के बाहर भी कुछ पौधे लगा सकते हैं। रसोईघर से गर्मी बाहर निकालने के लिए समय-समय पर खिड़की भी खोलें।

### चिमनी और एग्जॉस्ट पंखों का उपयोग करें

यदि आपके रसोईघर में चिमनी या एग्जॉस्ट फैन है तो गर्मियों में उनका प्रयोग करें। वे धुआं, भाप और नमी को कम करने में मदद करते हैं तथा शरीर को अधिक आरामदायक और सूखा रखते हैं। इससे आपका रसोईघर लंबे समय तक ठंडा रहेगा।

### सुबह खाना पकाएँ

गर्मियों के मौसम में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे के बीच गर्मी बहुत अधिक होती है। इसलिए, गर्मी से बचने के लिए सुबह जल्दी खाना पकाने की कोशिश करें। कई लोग दोपहर का भोजन सुबह 11 बजे से 1 बजे के बीच बनाना शुरू कर देते हैं, जब सूरज चमक रहा होता है। नाश्ता तैयार करने के बाद, अपना दोपहर का भोजन जल्दी से पकाने की कोशिश करें, खासकर उन चीजों को जिन्हें तैयार करने में लंबा समय लगता है।





# अगर घर में नहीं आ रही है पॉजिटिव वाइब्स? तो आज ही ट्राई करें सही कलर, फर्नीचर और डेकोरेशन टिप्स

हर व्यक्ति एक ऐसा घर खरीदने का सपना देखता है जहां उसे शांति, सुखद और सकारात्मक ऊर्जा महसूस हो। इसलिए लोग घर की साज-सज्जा और वास्तु पर तो विशेष ध्यान देते हैं, लेकिन जब बात सजावट और फर्नीचर की आती है तो लोग सस्ते सामानों की ओर भागते हैं। वहीं, अगर आप अपने घर को थोड़ी समझदारी और रचनात्मकता के साथ सजाते हैं, तो घर न सिर्फ खूबसूरत दिखता है, बल्कि उसमें रहने वाले लोग भी खुश रहते हैं। आज इस लेख में हम सराफ फर्नीचर के सीईओ रघुनंदन सराफ से जानेंगे कि कैसे आप कुछ खास टिप्स और आइडियाज से अपने लिविंग रूम को ज्यादा सकारात्मक, आकर्षक और आरामदायक बना सकते हैं।

### सही रंगों का उपयोग

पूरा दिन बाहर बिताने के बाद घर आने पर हर कोई शांति और आराम पाना चाहता है। इसलिए, आपको अपने कमरे की दीवारों पर बेज, हल्का भूरा और टेराकोटा जैसे रंगों पर विचार करना चाहिए। ये रंग आंखों को सुखा देते हैं। इसके अलावा, आपको अपने घर में लकड़ी का फर्नीचर भी रखना चाहिए, जिसमें डाइनिंग टेबल, कॉफी टेबल और बुकशेल्फ़ शामिल हैं। ऐसा करने से आप अपने घर में प्रवेश करते ही सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव करेंगे।

### लाल और सुनहरे रंग में सजावट

रघुनंदन सराफ कहते हैं कि अगर आप अपने घर में सकारात्मक ऊर्जा और चमक लाना चाहते हैं तो आपको लाल और सुनहरे रंग का इस्तेमाल करना चाहिए। लाल रंग जोश और जुनून का प्रतीक है तथा सुनहरा रंग धन, समृद्धि और सौभाग्य का प्रतीक है। आपको घर के लिविंग रूम में लाल कुशन, सुनहरे बॉर्डर वाले दर्पण, लाल कुर्सियां ??और सुनहरे डिजाइन वाले लैंप और फूलदान रखने चाहिए।

### हरे पौधे लगाएँ

घर को ताज़ा रखने के लिए आपको इनडोर पौधे लगाने चाहिए। मनी प्लांट और बांस जैसे पौधे सौभाग्य और समृद्धि के प्रतीक माने जाते हैं। ये न केवल दिखने में सुंदर हैं, बल्कि सकारात्मक ऊर्जा भी लाते हैं।

### बहुउपयोगी फर्नीचर

सराफ का कहना है कि यदि आपका घर छोटा है और आपके पास फर्नीचर के लिए कम जगह है, तो आप सोफा-कम-बेड, स्टोरेज के साथ बेंच, एक्सटेंडेबल डाइनिंग टेबल और मल्टीफंक्शनल ओटोमन जैसे फर्नीचर खरीद सकते हैं और जगह भी बचा सकते हैं।

### कांच या दर्पण वाला फर्नीचर

यदि आप अपने घर को बड़ा दिखाना चाहते हैं, तो आप कांच या कांच का फर्नीचर खरीद सकते हैं। आप कांच के टॉप वाली साइड टेबल या दर्पण वाली डाइनिंग टेबल खरीदकर जगह को बड़ा दिखा सकते हैं। हालाँकि, वास्तु के अनुसार आपको पूर्व या उत्तर दिशा में दर्पण या खिड़की लगानी चाहिए।

### फेंग शुई से संबंधित आसान फर्नीचर सेटिंग टिप्स

अगर आप घर का माहौल शांत और खुशहाल रखना चाहते हैं तो आपको कुछ फेंगशुई टिप्स अपनाने चाहिए। आपको लिविंग रूम का सोफा दरवाजे की ओर रखना चाहिए, ताकि आने-जाने वाले लोगों पर नजर रखी जा सके। घर के फर्नीचर के कोने नुकीले नहीं होने चाहिए और घर में सामान ज्यादा बिखरा हुआ नहीं होना चाहिए। घर में सोफा और कुर्सियां हमेशा गोलाकार में रखनी चाहिए। ऐसा करने से घर में सकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है।



# कपड़े धोने के बाद नहीं होगा प्रेस करने का झंझट, बस अपनाएं ये स्मार्ट हैक्स



कपड़े प्रेस करना हम सभी के लिए निश्चित रूप से उबाऊ होता है। विशेषकर, कोई भी व्यक्ति गर्मी की दोपहर में गर्म लोहे के सामने खड़ा नहीं होना चाहता। ऊपर से गर्मी, उमस और दिनभर भागदौड़ के कारण हम अपने कपड़ों को प्रेस करने में अपना समय और मेहनत दोनों बर्बाद करते हैं। हो सकता है कि आप भी गर्मियों में कपड़ों को प्रेस नहीं करना चाहते हों, तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। जी हां, कुछ सरल उपाय हैं जिनका पालन करके आप अपने कपड़ों को बिना प्रेस किए भी ताजा और सिलवट रहित रख सकते हैं।

कपड़ों को बिना प्रेस किए भी सिलवटों से मुक्त रखना बिल्कुल भी मुश्किल नहीं है। सही कपड़े के चयन से लेकर कपड़े धोने के कुछ टिप्स तक, कई सरल टिप्स हैं जो आपका समय, प्रयास और पसीना बचा सकते हैं। इसलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ सरल हैक्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप बिना इस्त्री किए भी कपड़ों को रिंकल फ्री रख सकते हैं-

### कपड़ों का चयन बुद्धिमानी से करें

जब आप गर्मियों के मौसम में कपड़े खरीद रहे हों तो आपको केवल उसके हल्के वजन पर ही ध्यान नहीं देना चाहिए। यकीनन, इस मौसम के लिए कपास एक अच्छा कपड़ा माना जाता है, लेकिन इसे काफी प्रेस करना पड़ता है। इसलिए, आपको ऐसे कपड़े का चयन करना चाहिए जिसे इस्त्री करने की आवश्यकता न हो। उदाहरण के लिए, आप लिनेन मिश्रण से लेकर रेयान, निट और स्ट्रेच फैब्रिक तक का चुनाव कर सकते हैं। यदि आपको कपड़े के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है, तो कपड़े खरीदते समय टैग पर रिंकल फ्री या नो आयरन की जांच कर लें।

### कपड़ों को समझदारी से धोएं

आप अपने कपड़े कैसे धोते हैं, इससे भी बहुत फर्क पड़ता है। उदाहरण के लिए, मशीन में एक साथ बहुत सारे कपड़े न डालें जिससे उन्हें इधर-उधर घूमने के लिए जगह न मिले। इसके अलावा, कपड़े धोने के चक्र में फैब्रिक सॉफ़्नर या आधा कप सफेद सिरका मिलाएं, जिससे झुर्रियां कम हो जाएंगी। इसके अलावा, धोने के बाद हर कपड़े को अच्छी तरह हिलाएं और फैलाएं। शर्ट को हैंगर पर लटकाएं और उन्हें सही आकार में सुखाएं। इसके अलावा, झुर्रीदार कपड़ों के साथ ड्रायर में 2-3 बर्फ के टुकड़े डालें और 10 मिनट तक चलाएं। भाप से सिलवटें अपने आप हट जाएंगी।

### घर पर बनाएं झुर्रियों से राहत देने वाला स्प्रे

आप कपड़ों पर प्रेस किए बिना ही झुर्रियां हटाने के लिए घर पर ही रिंकल रिलीफ स्प्रे तैयार कर सकते हैं। इसके लिए एक कप डिस्टिल्ड वाटर, एक चम्मच फैब्रिक सॉफ्टनर और एक चम्मच रबिंग अल्कोहल मिलाएं। आवश्यकतानुसार कपड़ों पर हल्का स्प्रे करें, फिर हाथ से सीधा करें। इसे 10 मिनट तक लटका कर सुखाएं।

### स्टीमर के बिना भाप बनाने की तरकीब

यदि आपके पास स्टीमर नहीं है तो भी आप कपड़ों को सिलवट रहित बना सकते हैं। इसके लिए गर्म पानी से नहाते समय कपड़ों को बाथरूम में लटका दें। दरवाजा बंद कर दें और भाप को 10-15 मिनट तक अपना काम करने दें। इसके बाद अपने हाथों की मदद से कपड़ों को सीधा करें। सिलवटें आसानी से हटा दी जाएंगी।

# घरेलू मैदान पर आज दिल्ली कैपिल्स से खेलेगी सनराइजर्स हैदराबाद

**हैदराबाद (एजेंसी)।** सनराइजर्स हैदराबाद की टीम मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपने घरेलू मैदान पर दिल्ली कैपिटल्स का मुकाबला करेगी। इस मैच में सनराइजर्स का पलड़ा भारी नजर आता है क्योंकि उसका अब तक का प्रदर्शन दिल्ली से बेहतर रहा है। अंक तालिका में दोनो ही टीमों के 6-6 अंक हैं पर बेहतर रन औसत के कारण सनराइज चौथे जबकि दिल्ली पांचवे स्थान पर है। ईशान किशन की कप्तानी में अबतक सनराइजर्स का प्रदर्शन बेहतर होता गया है। उसकी गेंदबाजी भी युवाओं को शामिल करने के बाद से ही मजबूत हुई हैं। उसके युवा गेंदबाजों प्रफुल्ल हिंगे और साकिब हुसैन ने अच्छी गेंदबाजी कर विरोधी टीमों पर दबाव बनाया है। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ जीत के बाद से ही टीम का मनोबल बढ़ा हुआ है। हिंगे के अलावा युवा गेंदबाज ईशान मलिंगा ने भी काफी अच्छी गेंदबाजी की है। जहां तक बल्लेबाजी की बात है उसके पास ईशान के अलावा हेनरिक क्लासेन , ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, जैसे आक्रामक बल्लेबाज हैं। उसका कमजोर पक्ष मध्यक्रम के बल्लेबाजों की विफलता है। जिस पर ही दिल्ली कैपिल्स हमला करने का प्रयास करेगी। अक्षर पटेल की कप्तानी में उतर रही

दिल्ली कैपिटल्स की टीम अपने प्रदर्शन में निरंतरता नहीं बना पाई है। अब तक केएल राहुल, पथुम निसांका और ट्रिस्टन स्टब्स जैसे बल्लेबाजों ने ही रन बनाए हैं पर अन्य बल्लेबाज विफल रहे हैं। युवा समीर रिजवी पिछले तीन मैच से रन नहीं बना पा रहे हैं जिससे उसकी परेशानी बढ़ गयी है। दिल्ली की गेंदबाजी हालांकि अच्छी है। उसके पास

तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी के अलावा स्पिनर कुलदीप यादव हैं। कप्तान अक्षर पटेल ने भी अच्छी गेंदबाजी की है इसके अलवा युवा गेंदबाजों मुकेश कुमार व टी नटराजन का प्रदर्शन भी अच्छा रहा है।

अब तक दोनो टीमों के बीच हुए 26 मुकाबलों में से सनराइजर्स ने 13 जबकि दिल्ली कैपिटल्स ने 12 मैच जीते हैं। ऐसे में इस बार भी इनके बीच कड़े मुकाबले की उम्मीदें हैं।




## टीम इस प्रकार है

**सनराइजर्स हैदराबाद** = ईशान किशन (कप्तान और विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, अमित कुमार, सलिल अरोड़ा, ब्रायडन कार्स, हर्ष दुबे, क्रेन्स फुलेट्रा, ट्रैविस हेड, प्रफुल्ल हिंगे, हेनरिक क्लासेन, लियाम लिविंगस्टोन, ईशान मलिंगा, कामिंदु मेंडिस, नीतीश कुमार रेड्डी, हर्षल पटेल, डेविड पायने, साकिब हुसैन, शिवम मावी, शिवांग कुमार, रविचंद्रन स्मरण, ओंकार तरमाले, जयदेव उनादकट, अनिकेत वर्मा, जीशान अंसारी

**दिल्ली कैपिटल्स** = अक्षर पटेल (कप्तान), केएल राहुल, करुण नायर, डेविड मिलर, पथुम निसांका, साहिल पारख, पृथ्वी साव, अभिषेक पोरेल, ट्रिस्टन स्टब्स, समीर रिजवी, आशुतोष शर्मा, विप्रज निगम, अजय मंडल, त्रिपुराना विजय, माधव तिवारी, औकिब डार, नीतीश राणा, मिचेल स्टार्क, टी नटराजन, मुकेश कुमार, दुष्मंथा चमीरा, लुंगी एनगिडी, काइल जैमीसन, कुलदीप यादव

# ऑरेंज कैप के लिए वैभव, पर्पल कैप की रेस में कंबोज शीर्ष पर पहुंचे



**मुम्बई (एजेंसी)।** राजस्थान रॉयल्स के वैभव सूर्यवंशी कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ अपनी 46 रनों की पारी के साथ ही सबसे अधिक रनों के लिए मिलने वाली ऑरेंज कैप की दौड़ मे शीर्ष पांच बल्लेबाजों में शामिल हो गये हैं। वैभव ने इस मैच में 28 गेंदों पर 6 चौके और 2 छक्के लगाये। इस दौरान इस बल्लेबाज का स्ट्राइक रेट 164.29 का था।

वैभव ने अब तक इस आईपीएल सत्र के 6 मैचों में 246 रन बनाये हैं, उन्होंने यह रन 41 की औसत और 236.54 के स्ट्राइक रेट से बनाये हैं। इस प्रकार वह सबसे अधिक रन बनाने वालों की सूची में चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं पहले नंबर पर 283

रनों के साथ ही सनराइजर्स हैदराबाद के हेनरिक क्लासेन हैं जबकि दूसरे पर गुजरात टाइटंस के शुभमन गिल 251 और तीसरे पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विराट कोहली 247 रन हैं। वहीं वैभव सूर्यवंशी 246 रनों के साथ ही चौथे और रजत पाटीदार 230 रनों के साथ ही पांचवे स्थान पर हैं।

वहीं सबसे अधिक विकेटों के लिए मिलने वाली पर्पल कैप की सूची में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज बेहतरीन प्रदर्शन कर पहले नंबर पर हैं उनके 6 मैचों में 13 विकेट हैं और वह पर्पप कैप की दौड़ में नंबर एक पर हैं। लखनऊ सुपर जायंट्स के प्रिंस यादव ने 6 मैचों में 11 विकेट लेकर दूसरा स्थान हासिल किया है। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2/20 और 8.59 का इकॉनमी रेट रहा है।

तीसरे नंबर पर गुजरात टाइटन्स के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा हैं। प्रसिद्ध कृष्णा ने 5 मैचों में 11 विकेट लिए हैं।उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 4/28 रहा है और उनका 9.20 का इकॉनमी रेट रहा है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के भुवनेश्वर कुमार ने 6 मैचों में 10 विकेट लिए हैं। उनका इकॉनमी रेट 8.33 है, जो शीर्ष 5 में सबसे अच्छा है।

राजस्थान रॉयल्स के रवि बिश्नोई पांचवे नंबर पर हैं। बिश्नोई ने 6 मैचों में 10 विकेट लिए हैं और उनका इकॉनमी रेट 9.50 है।

# तीनों ही प्रारुप में हैट्रिक लगाने वाले एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं अभिमन्यु मिथुन

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर अभिमन्यु मिथुन के नाम एक ऐसा रिकार्ड है। जो किसी अन्य के नाम पर नहीं हैं। अभिमन्यु ने अपने करियर में भारतीय टीम के ओर से केवल 9 मैच खेले हैं पर घरेलू क्रिकेटर में इस क्रिकेटर का करियर लंबा चला है। अभिमन्यु भारत के ऐसे पहले क्रिकेटर हैं, जिन्होंने घरेलू क्रिकेट के तीनों प्रारुपों में हैट्रिक लगायी है। उन्होंने रणजी ट्रॉफी में उत्तर प्रदेश के खिलाफ हैट्रिक ली. विजय हजारे ट्रॉफी में तमिलनाडु और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में हरियाणा के खिलाफ हैट्रिक लगायी। ये ऐसा रिकार्ड है जो किसी के भी नाम नहीं है। इस क्रिकेटर को तेज गेंदबाजी और अच्छी लाइन-लेंथ के लिए जाना जाता था। 2010 में श्रीलंका के खिलाफ गाले में उन्होंने अपने पहले ही टेस्ट की पहली पारी में 4 विकेट लिए थे। वहीं इसी साल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अहमदाबाद में एकदिवसीय डेब्यू किया था। मिथुन ने भारत के लिए कुल 4 टेस्ट और 5 एकदिवीसय मैच खेलते हुए कुल 12 विकेट लिए है। मिथुन एक गेंदबाज के अलावा निचले क्रम में उपयोगी बल्लेबाजी भी कर लेते थे। टेस्ट क्रिकेट में उनका औसत 24.00 का रहा. उन्होंने अपना आखिरी टेस्ट जून 2011 में



वेस्टइंडीज के खिलाफ और आखिरी एकदिवसीय दिसंबर 2011 में वेस्टइंडीज के ही खिलाफ खेला था.

इस क्रिकेटर ने 2021 में भारतीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा कर दी थी। भले ही इस क्रिकेटर को भारतीय टीम में अधिक अवसर नहीं मिले, लेकिन कर्नाटक के लिए 300 से ज्यादा फर्स्ट क्लास विकेट और घरेलू क्रिकेट के तीनों प्रारुपों में हैट्रिक की उपलब्धि इस खिलाड़ी के नाम है। इसके अलावा टी20 के अंतिम ओवर में इस क्रिकेटर के नाम एक ओवर में 5 विकेट लेने का रिकार्ड भी है। अभिमन्यु ने साल 2019 में घरेलू क्रिकेट में ये रिकार्ड बनाया। तब कर्नाटक की ओर से खेलते हुए उन्होंने हरियाणा के खिलाफ सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के सेमीफाइनल में पारी के आखिरी ओवर में पांच विकेट लिए थे। ओवर की पहली चार गेंदों पर उन्होंने लगातार 4 विकेट लिए और आखिरी गेंद पर 5वां विकेट लिया।

# पंजाब किंग लगातार छह मैचों में अजेय रहने वाली पहली टीम बनी, मैच में कई रिकार्ड भी बने

**न्यू चंडीगढ़ (एजेंसी)।** प्रियांश आर्या और कूपर कॉनॉली की शानदार बल्लेबाजी से पंजाब किंग्स ने यहां खेले गये आईपीएल मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स को हरा दिया। इस जीत के साथ ही पंजाब की टीम ने एक अहम उपलब्धि अपने नाम की है। पंजाब की टीम आईपीएल में लगातार छह मैच में अजेय रहने वाली पहली टीम बन गयी है। वह लीग की शुरुआत से ही अब तक एक भी मैच नहीं हारी है। इस मैच में पंजाब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 254 रन बनाये जिसके बाद लक्ष का पीछा करते हुए सुपर जायंट्स की टीम 200 रन ही बना पायी।

प्रियांश और कूपर की शानदार बल्लेबाजी से पंजाब ने 7 विकेट के नुकसान पर 254 रन बनाये। ये इस सत्र में किसी भी टीम का सबसे बड़ा स्कोर है। वहीं लक्ष्य का पीछा करते हुए सुपर जायंट्स की टीम की बल्लेबाजी ढ़ह गयी। इस मैच में पंजाब ने शुरुआत में ही सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन का विकेट खो दिया पर इसके बाद भी प्रियांश और कॉनॉली ने दूसरे विकेट के लिए 182 रन की बड़ी साझेदारी कर अपनी टीम को संभाला।

आर्य ने 37 गेंदों में 93 रन बनाये जबकि कॉनॉली ने 46 गेंद में 87 रन बनाए। इस मैच में कई रिकार्ड भी बने। पंजाब किंग्स की टीम किसी भी सत्र में शुरुआती 6 मैच में अपराजेय रहने वाली पहली टीम बन गई है। टीम ने 5 मैच जीते है जबकि एक मुकाबला बारिश के कारण पूरा नहीं हो पाया।

वह इस सत्र में सबसे बड़ा स्कोर बनाने वाली टीम बन गई है। आरसीबी ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ मुकाबले में सबसे अधिक 250 रन बनाये थे।.



पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच खेले गए मैच में 454 रन बने. जिसमें दोनों टीम की तरफ से कुल मिलाकर 32 छक्के लगाये गए। ये इस सत्र में किसी एक मैच में सबसे ज्यादा छक्के का रिकॉर्ड है। लखनऊ सुपर जायंट्स के ऑलराउंडर एडन मार्करम के एक ही ओवर में 32 बने। ये आईपीएल का अब तक का सबसे महंगा ओवर रहा। प्रियांश और कॉनॉली ने दूसरे विकेट के लिए 182 रन बनाये। ये इस सत्र में किसी भी विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है।

# चोटिल जैक ड्रेपर मैड्रिड और इटैलियन ओपन में नहीं खेलेंगे

लंदन । जैक ड्रेपर ने इस हफ़्ते होने वाले मैड्रिड ओपन से अपना नाम वापस ले लिया है और घुटने की नस में चोट लगने के कारण वह अगले महीने होने वाले इटैलियन ओपन में भी नहीं खेल पाएंगे । 24 साल के ड्रेपर ने मोंटे कार्लो मास्टर्स में भी हिस्सा नहीं लिया था और इसी समस्या के चलते बार्सिलोना में इस सीजन के अपने एकमात्र क्ले कोर्ट मैच से उन्हें बीच में ही हटना पड़ा था । यह टूर्नामेंट हड्डी में चोट (बोन ब्रूसिंग) से उबरने के बाद उनकी वापसी का सिर्फ चौथा टूर्नामेंट था ; इस चोट की वजह से यूएस ओपन के एक मैच को छोड़कर वह विंबलडन के बाद से ही टूर से बाहर थे । ड्रेपर ने कहा, 'मेरे घुटने की नस में चोट बढ़ जाने के कारण मैं मैड्रिड और रोम में नहीं खेल पाऊंगा ।' उन्होंने कहा, 'यह निश्चित रूप से निराशाजनक है, लेकिन मैं शुक्रगुज़ार हूं कि यह कोई बहुत गंभीर चोट नहीं है । मेरी रिकवरी अच्छी चल रही है और मुझे पूरा भरोसा है कि मैं रोलैंड गैरोस के लिए पूरी तरह फ़िट हो जाऊंगा । मैं वहां से अपनी लय बनाने का इंतजार कर रहा हूं ।'



# शार्दुल ठाकुर और दीपक चाहर को बाहर करे मुम्बई इंडियंस : श्रीकांत



चेन्नई । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कृष्णमाचारी श्रीकांत ने आईपीएल में खराब प्रदर्शन कर रहे मुम्बई इंडियंस के ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर और दीपक चाहर को आड़े हाथों लिया है । श्रीकांत ने कहा है कि इन दोनो को ही घर वापस भेज देना चाहिये क्योंकि ये दोनो ही अंतिम ग्यारह में रखे जाने के योग्य नहीं दिखते । श्रीकांत ने मुंबई इंडियंस के प्रबंधन से कहा है कि इन दोनो को आगे के मैचों में शामिल न करे । श्रीकांत ने कहा, मुझे नहीं पता कि मुंबई इंडियंस कैसे दीपक चाहर को अंतिम ग्यारह में शामिल किये हुए है । पहले ही ओवर में चाहर ने 21 रन दिए और फिर 22 रन दिए थे । 2.3 ओवर में 45 रन । वहीं शार्दुल ने 3 ओवर में 42 रन दिए । उन्होंने एक साथ 5.3 ओवर किए और 87 रन खर्च किए । उन्होंने साथ ही कहा, इस प्रकार के गेंदबाजों के साथ किया प्रकार से जीता जा सकता है । श्रीकांत इन दोनो से इतने नाराज दिखे की उन्होंने कहा कि इन्हें पैसे देकर आराम से घर बैठने को कहो । जब जरुरत होगी इन्हें बुला लिया जाएगा । । वहीं टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का प्रदर्शन भी अच्छा नहीं रहा है पर टीम के कोच महेला जयवर्धने ने उनका बचाव किया है ।

# भारत में फीफा विश्वकप मैचों के प्रसारण को लेकर संशय बरकरार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** फीफा विश्व कप 2026 का इंतजार पूरे विश्व के साथ-साथ भारत में भी फुटबॉल प्रशंसक कर रहे हैं हालांकि इसके देश में प्रसारण को लेकर संशय छाया हुआ है। इसका कारण ये है कि अभी तक किसी भी भारतीय टेलीविजन या डिजिटल प्लेटफॉर्म ने इस मेगा इवेंट के मीडिया अधिकार नहीं खरीदे हैं, जिससे यह सवाल खड़ा हो गया है कि क्या भारतीय दर्शक इस ऐतिहासिक टूर्नामेंट को देख पाएंगे या नहीं।



विश्व कप संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जाएगा। 11 जून, 2026 से इसकी शुरुआत होगी और यह पहली बार होगा जब 48 टीमें इसमें हिस्सा लेंगी, जिससे प्रतिस्पर्धा और भी रोमांचक होने की उम्मीद है। भारत की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम भले ही इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाई हो, लेकिन देश में फुटबॉल के प्रति जुनून किसी से छिपा नहीं है। लाखों भारतीय प्रशंसक हर चार साल में होने वाले इस आयोजन का बेसब्री से इंतजार करते हैं, अपनी पसंदीदा टीमों और खिलाड़ियों को खेलते देखने के लिए उत्सुक रहते हैं। पिछले विश्व कपों में भी भारत में रिकॉर्ड तोड़ दर्शक संख्या दर्ज की गई थी, जो यहां के फुटबॉल प्रेम की गहराई को दर्शाता है।

लेकिन, इस बार स्थिति काफी अलग और चिंताजनक है। फीफा ने 2025 में ही विश्व कप के मीडिया अधिकारों की बिक्री प्रक्रिया शुरू कर दी थी, ताकि प्रसारणकर्ता को पर्याप्त समय मिल सके। विभिन्न देशों में अधिकार बेचे जा चुके हैं, लेकिन भारत में अभी तक कोई भी आधिकारिक प्रासरणकर्ता सामने नहीं आया है।

प्रसारण अधिकारों की बिक्री में यह गतिरोध मुख्य रूप से वित्तीय पहलुओं से जुड़ा हुआ प्रतीत होता है। फीफा ने शुरुआत में 2026 और 2030 दोनों विश्व कप के संयुक्त मीडिया अधिकारों की कीमत 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 830 करोड़ रुपये) आंकी थी, जो कि भारतीय बाजार के लिए एक बहुत बड़ी राशि मानी जा रही थी। इस भारी कीमत के कारण कोई भी संभावित खरीददार आगे नहीं आया। खरीदार न मिलने के बाद, फीफा ने कीमत में भारी कटौती करते हुए इसे 35 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 290 करोड़ रुपये) कर दिया। इतनी बड़ी कमी के बावजूद, अभी तक कोई भी भारतीय टेलीविजन चैनल या डिजिटल प्लेटफॉर्म इन अधिकारों को खरीदने के लिए तैयार नहीं हुआ है। यह स्पष्ट नहीं है कि ब्रॉडकास्टर्स अभी भी इस कीमत को बहुत अधिक मान रहे हैं या फिर उन्हें इसमें अपेक्षित व्यावसायिक लाभ नहीं दिख रहा है।

यह स्थिति भारत के करोड़ों फुटबॉल प्रशंसकों के लिए एक बड़ा झटका है, जो विश्व कप के रोमांचक मुकाबलों को अपने घरों में बैठकर देखने की उम्मीद लगाए बैठे हैं। अगर जल्द ही कोई समाधान नहीं निकलता है, तो संभव है कि भारतीय दर्शकों को फीफा विश्व कप 2026 के मैचों से वंचित रहना पड़े, जो सबसे निराशाजनक होगा। ऐसे में मैचो के प्रसारण के लिए फीफा और भारतीय प्रसारणकर्ताओं के बीच शीघ्र ही किसी समझौते की जरुर है।

## ऋषभ ने बताया, बडोनी के पारी शुरु करने का कारण

न्यू चंडीगढ़ । लखनऊ सुपर जाएंट्स के कप्तान ऋषभ पंत आईपीए में पंजाब किंग्स के खिलाफ मिली हार से निराश हैं । इस मैच में ऋषभ के कुछ फैसलों को लेकर भी सवाल उठे हैं । इस टूर्नामेंट की शुरुआत में ऋषभ पारी की शुरुआत के लिए आये थे पर इस मैच में उन्होंने आयुष बडोनी को पारी शुरु करने के लिए भेजा था । आयुष ने मिचेल मार्श के साथ पारी शुरु की । बडोनी ने 21 गेंदों पर 35 रन बनाकर टीम को अच्छी शुरुआत दी । ऋषभ ने अब बदोनी से पारी शुरु कराने का कारण बताया है । ऋषभ कहा, हमने मैदान पर जाकर खुलकर खेलने का फैसला लिया था । यह पहले से तय था कि बडोनी पारी शुरु करेंगे पर ये बात हमने सार्वजनिक नहीं की थी । हम शीर्ष ऑर्डर में थोड़ी आजादी चाहते थे और मैं मध्य क्रम में सहायता करना चाहता था ।

# हरभजन ने नेहरा को एक शानदार कोच बताया



मुम्बई । दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह ने आईपीएल टीम गुजरात टाइटंस के मुख्य कोच आशीष नेहरा की जमकर प्रशंसा की है । हरभजन के अनुसार नेहरा बेहद जुनूनी और उत्साही कोच हैं जो टीम को एकजुट बनाये रखते हैं । हरभजन के अनुसार जिस प्रकार नेहरा खिलाड़ियों से लगातार बात करते हैं और उनकी परेशानी दूर करते हैं उसी का कारण है कि टीम भी बेहतर प्रदर्शन कर रही है । उन्होंने कहा कि नेहरा का स्वभाव व तरीका ऐसा है कि वह कहीं भी और किसी भी प्रकार के हालातों में माहौल को सहज बना सकते हैं । वह जहां भी जाते हैं, अपने आसपास सभी लोगों को सरल स्वभाव से सहज बना देते हैं । वह किसी फुटबॉल कोच की तरह नजर आते हैं जो लगातार दौड़ता रहता है । उनकी खेल की समझ काफी अच्छी है जो उन्हें एक बेहतरीन कोच बनाती है । जिस प्रकार उन्होंने गुजरात टाइटंस को तैयार किया है वह तारीफ के काबिल बात है । वहीं पूर्व बल्लेबाज सुरेश रैना ने कहा है कि आईपीएल से पहले कार्तिक त्यागी और अशोक शर्मा ने जो कड़ी मेहनत की थी उसी का फल अब इन दोनो को मिल रहा है जिससे ये काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं । विशेषकर कार्तिक ने जिस प्रकार से चोट से उबरकर वापसी की है उसकी जितनी प्रशंस की जाये वह कम है ।

# आलोचकों के निशाने पर आये पाकिस्तान के रिजवान

लाहौर । पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान मोहम्मद रिजवान पिछले कुद समय से अपने खराब प्रदर्शन के कारण आलोचकों के निशाने पर हैं । इसी कारण वह टीम में भी वापसी नहीं कर पा रहे हैं । यहां तक कि पाक सुपरलीग पीएसएल में भी उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा जिससे उनकी टीम लीग से बहार हो गयी है । टीम के प्लेऑफ से बाहर होने के बाद रिजवान ने भी स्वीकार किया है कि उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है । इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने हालांकि माना है कि अभी उन्हें टी20 टीम में जगह नहीं मिल सकती पर वह इसके बाद भी हार न मानते हुए वापसी के लिए पूरा प्रयास करेंगे । रिजवान ने कहा कि उन्होंने पहले भी स्वीकार किया था कि खराब प्रदर्शन के आधार पर वह टीम में जगह के अधिकारी नहीं हैं । उन्होंने कहा, जब मैं बिग बैश लीग (बीबीएल) खेल रहा था, तब भी मैंने कहा था कि इस प्रदर्शन के आधार पर मैं अभी पाक टीम में जगह हासिल नहीं कर सकता । रिजवान ने ये भी कहा कि अगर प्रशंसक चाहेंगे कि व रिटायर हो जायें तो वह ये भी कर सकते हैं1 इस क्रिकेटर ने कहा, हम सब इंसान हैं । मैंने अपनी गलतियां मानी हैं । अगर आप सोचते हैं कि मुझे इस उम्र में रिटायर हो जाना चाहिए, तो मैं रिटायर हो जाऊंगा । वहीं अगर मैं ऐसा नहीं करता हूं तो खराब फॉर्म के बाद भी वापसी को तैयार हूं क्योंकि क्रिकेट से ही मुझे पहचान मिली है । ऐसे में वापस के लिए मैं पूरी ताकत लगा दूंगा । उन्होंने कहा, क्रिकेट मेरा जुनून है । मैं इससे दूर नहीं जा सकता । अभी मैं फेल हुआ हूं, शायद मेहनत कम थी, लेकिन मैं और मेहनत करके वापसी करूंगा । रिजवान का खराब प्रदर्शन आंकड़ों से साफ दिखता है । पिछले साल 14 पारियों में उन्होंने केवल 242 रन बनाये और उनका औसत 17.28 रहा जबकि पीएसएल मे में इस साल 7 पारियों में वह 107 रन ही बना पाये हैं । ऐसे में फिलहाल उनकी वापसी की संभावना नजर नहीं आती ।



# अब मेरा लक्ष्य भारत के लिए सभी फॉर्मेट में खेलना है, आरसीबी के तेज गेंदबाज रासिख ने बताया आगे का प्लान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) के तेज गेंदबाज रासिख सलाम डार ने कहा कि उनका सबसे बड़ा सपना भारत के लिए सभी फॉर्मेट में खेलना है और वह देश का प्रतिनिधित्व किसी भी फॉर्मेट में करने के लिए तैयार हैं। IPL 2026 में रासिख ने तीन मैचों में 5 विकेट लिए हैं, जिसमें 4/24 का मैच जिताने वाला प्रदर्शन भी शामिल है। रासिख ने फ्रैंचाइजी द्वारा जारी एक बयान में कहा, 'मैंने क्रिकेट खेलना IPL या भारत के बारे में सोचकर शुरू नहीं किया था। मुझे कोई अंदाजा नहीं था कि यह सफर मुझे कहां ले जाएगा। लेकिन अब मेरा लक्ष्य भारत के लिए सभी फॉर्मेट में किसी भी फॉर्मेट में खेलना है।'

उनकी लगन तब साफ दिखी जब उन्होंने इस सीजन में पहली बार वानखेड़े स्टेडियम में मैच खेला; ऐंठन (cramps) से जूझने के बावजूद उन्होंने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 1-23 का शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा, 'जब मैं गेंदबाजी करने आया, तो मुझे ऐंठन होने लगी,



ऐसा कुछ मैंने पहले कभी महसूस नहीं किया था। लगभग हर गेंद के बाद मुझे ऐंठन हो रही थी। गेंद डालते समय मैं गिर रहा था और ठीक से झुक भी नहीं पा रहा था। मेरे मन में बस एक ही बात थी कि मुझे यह ओवर पूरा करना है। अगर मैं ऐसा कर पाता, तो टीम बेहतर स्थिति में होती।'

उनके इन प्रयासों की RCB के सहायक कोच ओंकार साल्वी ने भी तारीफ की। उन्होंने कहा, 'उसमें एक अलग ही जज्बा है। जम्मू-कश्मीर की पहाड़ियों में रहना, वह मुश्किल जिंदगी, क्रिकेट खेलने के लिए घंटों का सफर तय करना, आप देख सकते हैं कि एक खिलाड़ी के तौर पर उसने कितनी तरक्की की है। सबसे पहली चीज जो मैंने उसमें देखी, वह थी उसकी प्रतिस्पर्धी भावना। साथ ही, उसका नजरिया भी काफी रचनात्मक था। गेंद को दोनों तरफ स्विंग कराने के अलावा, उसके पास एक धीमी गेंद (slower one) भी थी, और टी20 क्रिकेट खेलने का उसका नजरिया भी दूसरों से अलग था।'

रासिख ने अपने करियर की शुरुआत में मन में उठने वाले उन शुरुआती सवालों को याद किया, जब तक कि उन्हें अपनी मां से हौसला नहीं मिला। रासिख ने कहा, 'जब मैंने पेशेवर तौर पर क्रिकेट खेलना शुरू किया, तो मेरे परिवार और रिश्तेदारों का कहना था कि कोई भी क्रिकेट को अपना पेशा नहीं बना सकता, क्योंकि हमारे इलाके से बहुत कम लोग ही क्रिकेट खेलते थे। लेकिन मेरी मां को हमेशा मुझ पर भरोसा था। बचपन से ही वह कहती थीं कि मेरा बेटा एक दिन क्रिकेटर जरूर बनेगा।'

उनकी इस यात्रा में ट्रायल में शामिल होने के लिए लंबी यात्राएं, इरफान पठान से मार्गदर्शन और बाद में कोलकाता नाइट राइडर्स द्वारा चुने जाने के बाद चोटों के कारण मिली रुकावटें शामिल थीं; इस दौरान उन्हें खेल से दो साल का ब्रेक भी लेना पड़ा। उन्होंने कहा, 'जब मैं पहली बार अंडर-19 ट्रायल के लिए गया, तो मुझे इसकी प्रक्रिया भी ठीक से पता नहीं थी। उस साल मेरा चयन नहीं हुआ। अगले साल, जब मैं दोबारा गया, तो वहां इरफान पठान मौजूद थे। मुझे कुछ गेंदें फेंकते देखने के बाद उन्होंने मुझे रोका और मेरा मार्गदर्शन करना शुरू कर दिया। तभी मुझे लगा कि शायद उन्हें मुझमें कुछ खास नजर आया है। दो मैच खेलने के बाद मुझे पीठ में चोट लग गई। फिर ठीक होने की प्रक्रिया के दौरान मुझे दोबारा चोट लग गई। उस समय मुझे एहसास हुआ कि मुझे जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए। मुझे पूरी प्रक्रिया का पालन करना था, चाहे इसमें कितना भी समय क्यों न लगे।'

RCB ने मेगा ऑक्शन में उन पर भरोसा दिखाया और उन्हें 6 करोड़ रुपए में अपनी टीम में शामिल कर लिया। हालांकि 2025 के खिताब जीतने वाले सीजन में उन्हें ज्यादा मैच खेलने का मौका नहीं मिला, फिर भी रासिख RCB के सीनियर गेंदबाजों से सीखने के इस मौके का पूरा आनंद ले रहे हैं। उन्होंने कहा, 'भुवनेश्वर कुमार जैसे खिलाड़ियों के साथ काम करते हुए, मैं उनसे बहुत सारे सवाल पूछता था कि उन्होंने किसी खास समय पर कोई खास गेंद क्यों फेंकी। मैं बस सीखना चाहता था।'

पर्दे के पीछे की उनकी मेहनत साल्वी को साफ नजर आती थी। उन्होंने कहा, 'वह हमेशा अपने लिए कड़ी मेहनत करते रहते थे। वह हमेशा हर उस मैच से कुछ न कुछ सीखने की कोशिश करते थे जिसे वह बाहर बैठकर देख रहे होते थे। और फिर उनकी अपनी राय भी होती थी, जिस पर हम मैच के बाद अभ्यास के दौरान चर्चा करते थे। रासिख में गेंद को दोनों तरफ घुमाने की काबिलियत है।'

## एक नजर

### गौरीकुंड पहुंची बाबा केदार की चल विग्रह उत्सव डोली

**गुप्त काशी :** बाबा केदारनाथ की चल विग्रह उत्सव डोली गौरीकुंड पहुंच गई है। यहां रात्रि विश्राम के बाद मंगलवार 21 अप्रैल को केदारनाथ पहुंचेगी। बुधवार सुबह 8 बजे पूरे विधिविधान और परंपराओं के साथ धाम के कपाट खोले जाएंगे। सोमवार को बाबा की डोली पूजा के बाद अपने द्वितीय रात्रि पड़ाव गौरी माई मंदिर गौरीकुंड के लिए रवाना हुई। विभिन्न पड़ावों, बड़ासू, शेरसी, रामपुर, सीतापुर और सोनप्रयाग होते हुए करीब चार बजे सायं गौरीकुंड पहुंची। यहां तीर्थयात्रियों और श्रद्धालुओं ने फूल मालाओं और वेदोक्त मंत्रों से डोली का स्वागत किया। इस मौके पर मुख्य पुजारी टी गंगाधर लिंग, डोली प्रभारी किशन द्विवेदी, श्रीकेदारसभा के अध्यक्ष राजकुमार तिवारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। डोली यहां आज रात्रि विश्राम करेगी और कल सुबह बाबा की डोली प्रस्थान करेगी और दोपहर तक केदारधाम पहुंच जाएगी। 22 अप्रैल को बाबा केदारनाथ मंदिर के कपाट विधि विधान से प्रातः 8 बजे श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए जायेंगे। उल्लेखनीय है कि रविवार को ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ में प्रातः वैदिक मंत्रोच्चार पूजा अर्चना के बाद आर्मी बैंड की धुन के बीच बाबा की पंचमुखी उत्सव डोली धाम के लिए रवाना हुई थी। ऊखीमठ से रवाना होकर विभिन्न पड़ावों को पार करते हुए डोली गुप्तकाशी विश्वनाथ मंदिर पहुंची थी। यहां कुछ देर विश्राम के बाद बाबा की डोली फाटा की ओर रवाना हुई थी। रास्तेभर श्रद्धालुओं ने डोली का स्वागत किया।

### अमेरिकी सहायक विदेश मंत्री नेपाल के तीन दिन के दौरे पर काठमांडू पहुंचे

**काठमांडू :** अमेरिकी विदेश मंत्रालय में दक्षिण एवं मध्य एशिया मामलों के सहायक विदेशमंत्री समीर पॉल कपूर तीन दिनों के नेपाल दौरे पर सोमवार को काठमांडू पहुंचे। काठमांडू स्थित अमेरिकी दूतावास के अनुसार, वे आज सुबह त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरे। हवाईअड्डे पर उनका स्वागत नेपाल के विदेश मंत्रालय के अधिकारी और अमेरिकी दूतावास के कार्यवाहक राजदूत ने किया। भारतीय मूल के समीर पॉल कपूर, नेपाल के बालेन्द्र शाह के नेतृत्व वाली नई सरकार के साथ संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से काठमांडू पहुंचे हैं। नेपाल में नई सरकार बनने के बाद विदेशों से आने वाले कपूर सबसे बड़े अधिकारी है। काठमांडू में कपूर उच्चस्तरीय बैठकों में सहभागी होंगे और सरकार के कुछ मंत्रियों से भी मुलाकात करेंगे। पिछले वर्ष अक्टूबर में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दक्षिण एशियाई सुरक्षा विशेषज्ञ कपूर को दक्षिण एशिया मामलों के सहायक विदेश मंत्री के रूप में नियुक्त किया था।

### अनुसूचित जाति कर्मचारियों को पदोन्नति में आरक्षण

**चंडीगढ़ :** हरियाणा सरकार ने अपनी योग्यता के आधार पर पदोन्नत होने वाले अनुसूचित जाति के कर्मचारियों के लिए पदोन्नति में आरक्षण संबंधी मौजूदा निर्देशों में संशोधन किया है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा सोमवार को जारी निर्देशों के अनुसार, यदि किसी प्रमोशनल कैडर में अनुसूचित जाति वर्ग का वास्तविक प्रतिनिधित्व 20 प्रतिशत से कम है, तो ऐसी स्थिति में पदोन्नति कोटे के रिक्त पदों पर सबसे पहले फीडर पद पर कार्यरत पात्र अनुसूचित जाति के कर्मचारियों के नामों पर विचार किया जाएगा। यह प्रक्रिया तब तक अपनाई जाएगी जब तक कि रिक्त पदों के माध्यम से प्रतिनिधित्व में आई कमी को पूरा नहीं कर लिया जाता।

# अच्छी सड़क और बेहतर रेल बनेगी विकसित भारत का आधार : राष्ट्रपति

एजेंसी



**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का कहना है कि रेल व सड़कें केवल परिवहन के साधन ही नहीं हैं बल्कि आर्थिक राष्ट्रों की नींव हैं। बुनियादी ढांचे का विकास आर्थिक विस्तार, सामाजिक समावेशन और राष्ट्रीय एकता के लिए महत्वपूर्ण उपकरण हैं। राष्ट्रपति भवन में भारतीय रेल के प्रोबेशनरी अधिकारियों तथा केंद्रीय इंजीनियरिंग सेवा के सहायक कार्यपालक अभियंताओं से भेंट के दौरान यह बात कही। राष्ट्रपति से मिलने के लिए भारतीय रेल के 2022 और 2023 के अधिकारी जबकि केन्द्रीय इंजीनियरिंग सेवा के 2021, 2022, 2023 और 2024 बैच के सहायक कार्यपालक अभियंता निमंत्रित किए गए थे। राष्ट्रपति ने इन अधिकारियों से कहा कि वे ऐसे समय में सार्वजनिक सेवा में आए हैं जब देश 'विकसित भारत' के संकल्प के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारतीय रेलवे और केंद्रीय इंजीनियरिंग सेवा के युवा अधिकारियों के रूप में उनके निर्णय और कार्य सीधे तौर पर करोड़ों नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित करेंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि बुनियादी ढांचा वह नींव है, जिस पर आधुनिक राष्ट्रों का निर्माण होता है। रेलवे और राजमार्ग केवल परिवहन के साधन मात्र नहीं हैं; वे आर्थिक विस्तार, सामाजिक समावेशन और राष्ट्रीय एकीकरण के माध्यम हैं। जब कोई रेलगाड़ी दूरदराज के गांव तक पहुंचती है या कोई राजमार्ग किसी क्षेत्र को जोड़ता है, तो वह वहां के सामाजिक-आर्थिक विकास के नए अवसर खोलता है। मजबूत इन्फ्रास्ट्रक्चर से लॉजिस्टिक्स लागत घटती है, व्यापार को बढ़ावा मिलता है और निवेश आकर्षित होता है। राष्ट्रपति ने कहा कि मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर लॉजिस्टिक्स की लागत को कम करता है, व्यापार को बढ़ावा देता है, निवेश आकर्षित करता है और उत्पादकता बढ़ाता है। यह अलग-अलग क्षेत्रों और लोगों को एक-दूसरे के करीब लाकर राष्ट्रीय एकता को मजबूत करता है। उन्होंने अधिकारियों को सलाह दी कि वे यह याद रखें कि सिर्फ. आंकड़े ही सफलता को परिभाषित नहीं करते। उनके काम की असली कसौटी यह है कि वह लोगों के जीवन को किस तरह बेहतर बनाता है। उन्होंने अधिकारियों से ईमानदारी, जवाबदेही और उत्कृष्टता के मूल्यों को अपनाने का आग्रह किया। साथ ही कहा कि चुनौतियों और कठिन निर्णयों के समय उनके मूल्य ही उनका मार्गदर्शन करेंगे। उन्होंने अधिकारियों को निरंतर सीखने, जिज्ञासु बने रहने और नवाचार को बढ़ावा देने की भी सलाह दी। राष्ट्रपति ने कहा कि वे केवल प्रशासक नहीं, बल्कि प्रगति के वाहक और जनविश्वास के संरक्षक हैं, और उनके फैसले देश के भविष्य पर दीर्घकालिक प्रभाव डालेंगे।

## आयुष्मान की कॉमेडी ड्रामा 'पति पत्नी और वो दो' में हंसी, उलझन और ट्विस्ट

एजेंसी

**मुंबई :** 'पति पत्नी और वो दो' के मेकर्स टी-सीरीज और बी आर स्टूडियोज ने अपनी बहुप्रतीक्षित कॉमेडी ड्रामा का टीजर जारी कर दिया है। टीजर में हंसी, कन्फ्यूजन और भरपूर हंगामे की झलक साफ नजर आती है। 'पति-पत्नी-और-वो'की क्लासिक कहानी को एक नए अंदाज में पेश करते हुए, 'पति पत्नी और वो दो' का टीजर दर्शकों को 'पतियों' की दुनिया यानि 'पतिवर्स' में फिर से ले जाता है। इस बार कहानी में नया ट्विस्ट जोड़ा गया है। आयुष्मान खुराना, प्रजापति पांडे के किरदार में नजर आ रहे हैं, जो अपनी जिंदगी में मची उथल-पुथल से जूझते दिखते हैं। हालात तब और बिगड़ जाते हैं, जब वे एक नहीं, दो नहीं बल्कि तीन महिलाओं के बीच फंस जाते हैं। इन महिलाओं के किरदार में सारा अली खान, वामिका गब्बी और रकुल प्रीत सिंह नजर आएंगी। बढ़ती गलतफहमियों के बीच जब मामला पूरी तरह उलझ जाता है, तब विजय राज एक पुलिस अधिकारी के रूप में एंट्री लेते हैं और कहानी में और भी मजेदार मोड़ आ जाता है। गुलशन कुमार, बी आर चोपड़ा और टी-सीरीज प्रस्तुत, टी-सीरीज फिल्म्स और बी आर स्टूडियोज के बैनर तले बनी 'पति पत्नी और वो दो' का निर्देशन मुदस्सर अजीज ने किया है। फिल्म को भूषण कुमार, रेनू रवि चोपड़ा और कृष्ण कुमार ने निर्मित किया है, जबकि इसके क्रिएटिव प्रोड्यूसर जूनो चोपड़ा हैं। यह फिल्म 15 मई, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है।

## रिलायंस डिजिटल के 'डिजिटल डिस्काउंट डेज': गैजेट्स और होम अप्लायंसेज पर भारी छूट और कैशबैक

एजेंसी



**मुंबई :** रिलायंस डिजिटल, यह इंडिया का सबसे बड़ा कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेलर है, जिसने अपने लंबे समय से इंतजार की जा रही 'डिजिटल डिस्काउंट डेज' कैम्पेन के फिर से आने की घोषणा की है। इससे लेटेस्ट टेक्नोलॉजी में अपग्रेड करना अब पहले से कहीं ज्यादा आसान ही नहीं बल्कि फायदेमंद भी हो जाएगा। इस कैम्पेन के अंतर्गत, ग्राहक लीडिंग बैंक के कार्ड्स पर 26,000 तक इंस्टंट डिस्काउंट का फायदा उठा सकते हैं या पेपर फाइनान्स पर 30,000 तक कैशबैक का विकल्प चुन सकते हैं। इसके अलावा, रिलायंस डिजिटल सेकंड प्रोडक्ट पर दे रहा है फ्लैट 50% की छूट, जिससे ऑडियो डिवाइस, वेयरेबल्स, मोबाइल और लैपटॉप एक्सेसरीज, चुनिंदा होम एंटरटेनमेंट और छोटे अप्लायंसेज जैसी कैटेगरी में कई चीजें खरीदने को बढ़ावा मिलेगा। इसमें हिस्सा लेने वाले ब्रांड्स में मार्शल, जेबीएल, बोट और वनप्लस शामिल हैं, जो लोकप्रिय कंज्यूमर टेक इकोसिस्टम पर कंपनी के मजबूत फोकस को दर्शाता है। सांकेतिक कीमतें इस ऑफर को और भी आकर्षक बनाती हैं। ब्लूटूथ स्पीकर, नेकबैंड और वायरलेस हेडफोन जैसे प्रोडक्ट्स अपनी लिस्टेड कीमत से लगभग आधी कीमत पर उपलब्ध हैं: उदाहरण के लिए, लगभग 1,699 की कीमत वाले चुनिंदा स्पीकर लगभग 850 में मिल जाएंगे, जबकि 9,999 की रेंज वाले प्रीमियम हेडफोन, सेकंड-आइटम लाभ के अंतर्गत लगभग 5,000 में मिल सकते हैं। रोजमर्रा के जीवन में इस्तेमाल होने वाली जरूरी चीजें जैसे वायरलेस माउस, लैपटॉप एक्सेसरीज, पावर बैंक और सैंडविच मेकर जैसे छोटे किचन अप्लायंसेज भी इस स्कीम का हिस्सा हैं, जो आपको 300 से 750 की रेंज में आसानी से उपलब्ध हो जाएंगे। इस ऑफर के जरिए बहुत कुछ आपकी सोच से परे देने की उम्मीद से, इस कैम्पेन को #CrazyUnbelievableDeals के विचार के साथ लॉन्च किया गया है। खरीदारी के अनुभव को और भी बेहतर बनाने के लिए, रिलायंस डिजिटल ने अपनी सर्विस आर्म रिलायंस रेस्क्यू के जरिए आपको वर्ल्ड-क्लास आफ्टर-सेल्स सर्विस देना जारी रखा है।

## डाक विभाग की वार्षिक समीक्षा बैठक में 16 प्रतिशत राजस्व वृद्धि दर्ज, राजस्थान सर्किल रहा अव्वल

एजेंसी





**नयी दिल्ली :** केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की अध्यक्षता में आयोजित डाक विभाग की वार्षिक समीक्षा बैठक में वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान 15,296 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित होने तथा 16 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज किए जाने की जानकारी दी गई। बैठक में बताया गया कि विभाग पारंपरिक ढांचे से आगे बढ़कर एक सशक्त, राजस्व आधारित और लॉजिस्टिक्स केंद्रित सेवा तंत्र के रूप में तेजी से उभर रहा है। बैठक में विभाग के छह प्रमुख क्षेत्रों पार्सल, डाक सेवा, अंतरराष्ट्रीय डाक, डाकघर बचत बैंक, डाक जीवन बीमा तथा नागरिक केंद्रित सेवाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। इस साल पार्सल क्षेत्र में 69 प्रतिशत वृद्धि के साथ राजस्व 669 करोड़ रुपये से बढ़कर 1,133 करोड़ रुपये हो गया। डाक सेवाओं में 34 प्रतिशत वृद्धि दर्ज करते हुए राजस्व 2,396 करोड़ रुपये से बढ़कर 3,202 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। इस साल नागरिक केंद्रित सेवाओं में 70 प्रतिशत वृद्धि के साथ राजस्व 508 करोड़ रुपये से बढ़कर 864 करोड़ रुपये हो गया। डाकघर बचत बैंक का राजस्व 6,888 करोड़ रुपये से बढ़कर 7,756 करोड़ रुपये हो गया, जबकि डाक जीवन बीमा में 25 प्रतिशत वृद्धि के साथ 1,458 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। सर्किल स्तर पर प्रदर्शन की समीक्षा में राजस्थान सर्किल ने 102 प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि असम ने 95 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बिहार और छत्तीसगढ़ सर्किल ने 94 प्रतिशत के साथ संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। कुल 23 सर्किलों में से 8 सर्किलों ने 90 प्रतिशत से अधिक और 14 सर्किलों ने 80 से 90 प्रतिशत के बीच प्रदर्शन किया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले सर्किलों को पुरस्कृत भी किया गया। बैठक में ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि नागरिक केंद्रित सेवाएं, डाक जीवन बीमा और डाकघर बचत बैंक वित्तीय समावेशन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विभाग की भविष्य की वृद्धि का मुख्य आधार उसकी लॉजिस्टिक्स क्षमता होगी, जिसके लिए पार्सल सेवाओं के विस्तार और डाक सेवाओं के सुदृढ़ीकरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

## नवाबहाट के नर्सिंग होम में आग लगने से मचा हड़कंप

**आसनसोल :** बर्दवान के नवाबहाट इलाके में स्थित अन्नपूर्णा नर्सिंग होम में सोमवार दोपहर अचानक भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। यह नर्सिंग होम 19 नंबर हाईवे के किनारे स्थित है, जहां आग लगते ही पूरे परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। फिलहाल किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। घटना के समय नर्सिंग होम के अंदर धुएं का घना गुबार भर गया, जिससे राहत और बचाव कार्य में काफी मुश्किलें आईं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए दमकलकर्मी ऑक्सीजन मास्क पहनकर अंदर दाखिल हुए और यह सुनिश्चित करने में जुट गए कि कोई मरीज अंदर फंसा न रह जाए।

# भारत की परम्परा को समझने के लिए संस्कृत जानना अनिवार्य : डॉ. मोहन भागवत

एजेंसी



**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने संस्कृत वाणी को मनुष्य का कभी क्षय न होने वाला आभूषण बताया। उन्होंने कहा कि संस्कृत केवल एक भाषा नहीं, बल्कि भारत की प्राचीन परंपरा, ज्ञान और जीवनदृष्टि की आधारशिला है। संस्कृत के माध्यम से ही भारत की सांस्कृतिक धरोहर को सही रूप में समझा और आगे बढ़ाया जा सकता है। संघ प्रमुख ने सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय मार्ग स्थित संस्कृत भारती के केन्द्रीय कार्यालय 'प्रणव' का उदघाटन करते हुए यह विचार व्यक्त किए। अक्षय तृतीया के प्रातःकाल शुभ मुहूर्त में विधिविधान पूर्वक कार्यालय के उद्घाटन के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए संघ के सरसंघचालक डॉ. भागवत ने इसे अत्यंत शुभ और प्रेरणादायक क्षण बताया। उन्होंने कहा कि इस दिन प्रारंभ होने वाले कार्य अक्षय रहते हैं, इसलिए यह कार्यालय संस्कृत के प्रसार में दीर्घकालीन भूमिका निभाएगा। उल्लेखनीय है कि 'प्रणव' नाम सृष्टि के मूल नाद का प्रतीक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भवन और संसाधन कार्य के कारण बनते हैं, न कि कार्य इनसे चलता है। कार्यकताओं की निष्ठा और समर्पण ही किसी संगठन की वास्तविक शक्ति है। कार्यालय का निर्माण कार्य की प्रगति का संकेत है, लेकिन इसे उद्देश्य नहीं बल्कि साधन के रूप में देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत केवल एक भौगोलिक इकाई नहीं, बल्कि एक जीवंत परंपरा है। इस परंपरा को समझने और आगे बढ़ाने के लिए संस्कृत का ज्ञान अनिवार्य है। संस्कृत भारती का कार्य केवल भाषा सिखाना नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और मूल्यों को समाज में स्थापित करना है। संघ प्रमुख ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि संस्कृत को कठिन मानना एक भ्रम है। भाषा सीखने का सबसे सहज तरीका संभाषण है। संस्कृत भारती द्वारा चलाए जा रहे संभाषण शिविरों ने अल्प समय में लोगों में संस्कृत के प्रति रुचि जागृत की है और यह कार्य आगे भी बढ़ाया जाना चाहिए। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि संस्कृत भारत की सभी भाषाओं को जोड़ने वाली कड़ी है। हर भारतीय भाषा में संस्कृत के शब्द विद्यमान हैं, जिससे यह भाषा एकता और समन्वय का आधार बनती है।

## संक्षिप्त खबरें

### उपराष्ट्रपति ने श्रीलंका में 'भारतीय आवास परियोजना' का लिया जायजा



**नयी दिल्ली :** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन अपनी श्रीलंका यात्रा के दौरान सोमवार को नुवारा एलिया पहुंचे। यहां उन्होंने भारतीय मूल के तमिल समुदाय के लिए संचालित 'भारतीय आवास परियोजना' के स्थलों का निरीक्षण किया। यह योजना भारत सरकार के वित्त पोषण से संचालित की जा रही है। उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन रविवार से दो दिवसीय श्रीलंका की आधिकारिक यात्रा पर है। यह उनकी श्रीलंका की पहली द्विपक्षीय यात्रा है। विदेश मंत्रालय के अनुसार श्रीलंका की पहली राजकीय यात्रा पर गए उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने आज श्रीलंका के नुवारा एलिया स्थित रगाला के लिडल्सडेल एस्टेट में, भारत सरकार की सहायता से 'भारतीय आवास परियोजना' के तहत निर्मित घरों का दौरा किया और लाभार्थियों से बातचीत की। उन्होंने भारतीय मूल के तमिल समुदाय से मिलकर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि भारत सरकार तथा भारत के लोग श्रीलंका में रहने वाले तमिल लोगों के कल्याण के प्रति गहरी प्रतिबद्धता रखते हैं। भारत सरकार ने अब तक श्रीलंका के उत्तरी और पूर्वी प्रांतों में रहने वाले तमिल परिवारों के साथ-साथ बागान क्षेत्रों में रहने वाले भारतीय मूल के तमिल परिवारों के लिए 50 हजार घरों का निर्माण करवाया है। 'भारतीय आवास परियोजना' के चौथे चरण के अंतर्गत 10 हजार अतिरिक्त घर उपलब्ध कराए जाएंगे।

### विधानसभा चुनाव और उपचुनावों के लिए 'ड्राई-डे' घोषित




**नयी दिल्ली :** निर्वाचन आयोग ने निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित कराने के लिए मतदान और मतगणना के दिनों में 'ड्राई-डे' के संबंध में सख्त निर्देश जारी किए हैं। तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में चुनाव के मद्देनजर दोबारा से यह निर्देश जारी किए गए हैं। निर्वाचन आयोग के अनुसार 15 मार्च 2026 को असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव तथा 6 राज्यों में उपचुनावों की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई थी। तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल राज्यों में मतदान 23 अप्रैल को निर्धारित है जबकि बंगाल के दूसरे चरण के लिए मतदान 29 अप्रैल को होगा। इसके अलावा, सभी मतदान करने वाले राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के वोटों की गिनती 4 मई को होगी। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135सी का हवाला देते हुए आयोग ने स्पष्ट किया है कि मतदान समाप्त होने के निर्धारित समय से 48 घंटे पहले संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में शराब की बिक्री और वितरण पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। यह प्रतिबंध होटल, भोजनालयों, मधुशालाओं, दुकानों और किसी भी सार्वजनिक या निजी स्थानों पर लागू होगा। मतगणना के दिन यानी 4 मई को भी पूरे राज्य और केंद्र शासित प्रदेश में 'ड्राई-डे' घोषित किया गया है। इसमें यदि कोई पुनर्मतदान होता है, तो उसकी तारीख भी शामिल होगी। आयोग ने निर्देश दिया है कि केवल शराब की दुकानें ही नहीं, बल्कि स्टार होटल, क्लब और रेस्तरां भी इन दिनों शराब नहीं परोस सकेंगे। इस दौरान व्यक्तियों द्वारा शराब के भंडारण को सीमित किया जाएगा और बिना लाइसेंस वाले परिसरों में शराब के भंडारण पर आबकारी कानून में दिए गए प्रतिबंधों को सख्ती से लागू किया जाएगा।

### सीबीआई ने साइबर धोखाधड़ी नेटवर्क के प्रमुख साजिशकर्ता उबैद उल्लाह को गुवाहाटी से किया गिरफ्तार

**गुवाहाटी :** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने साइबर धोखाधड़ी नेटवर्क के एक प्रमुख साजिशकर्ता उबैद उल्लाह को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई ऑपरेशन चक्र के तहत की गई, जिसका उद्देश्य संगठित साइबर अपराध को खत्म करना है। सीबीआई ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी उबैद गुवाहाटी में अवैध रूप से जारी किए गए सिम कार्डों का संगठक था और अगस्त 2025 से फरार चल रहा था। उसे रविवार सुबह गिरफ्तार किया गया। जांच में सामने आया है कि आरोपी ने लगभग 67 लाख रुपये विभिन्न बैंक खातों के माध्यम से पीओएस एजेंटों को स्थानांतरित किए थे, जिसके जरिए करीब 10,000 अवैध सिम कार्ड हासिल किए गए। इसके अलावा, इन सिम कार्डों को प्राप्त करने के लिए कुरियर लेन-देन के सबूत भी मिले हैं। सीबीआई ने बताया कि अब तक आठ राज्यों में लगभग 45 स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया गया है और 10 पीओएस एजेंटों को गिरफ्तार किया गया है, जो अवैध सिम कार्ड जारी करने में शामिल थे। इन सिम कार्डों का इस्तेमाल साइबर अपराधियों द्वारा फर्जी डिजिटल गिरफ्तारी, ऋण धोखाधड़ी और निवेश घोटालों जैसी गतिविधियों में किया जा रहा था। एजेंसी ने बताया कि अन्य साजिशकताओं की खोजबीन जारी है।

### कोलकाता पुलिस के उपायुक्त शांतनु सिन्हा विश्वास और उनके दो पुत्रों को ईडी का समन

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में प्रवर्तन निदेशालय ने कोलकाता पुलिस के उपायुक्त शांतनु सिन्हा विश्वास के घर तलाशी अभियान चलाने के बाद अब उन्हें सीजीओ परिसर स्थित कार्यालय में तलब किया है। जांच एजेंसी ने पुलिस अधिकारी के दोनों पुत्रों को भी पूछताछ के लिए बुलाया है। इन्हें मंगलवार तक हाजिर होने को कहा गया है। सूत्रों के अनुसार, दक्षिण कोलकाता निवासी सोना पप्पू और बेहाला के प्रवर्तक जय कामदार के साथ कालीघाट थाने के पूर्व थाना प्रभारी शांतनु के कथित संबंधों के संकेत मिले हैं। शांतनु के दोनों पुत्र शैक्षणिक संस्थानों से जुड़े बताए जा रहे हैं और उनकी भी जय कामदार से पहचान होने की बात सामने आई है। जांच एजेंसी यह पता लगाना चाहती है कि गिरफ्तार प्रवर्तक जय कामदार के साथ पुलिस अधिकारी या उनके पुत्रों का कोई आर्थिक लेनदेन हुआ था या नहीं। इसी कारण पिता और पुत्रों को समन भेजा गया है। दूसरी ओर, जांचकर्ताओं को सोना पप्पू और जय कामदार के बीच आर्थिक लेनदेन के प्रमाण भी मिले हैं। रविवार को लंबी पूछताछ के बाद जय कामदार को गिरफ्तार किया गया था। हालांकि, तबीयत बिगड़ने के कारण उन्हें आर जी कर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सोमवार को उन्हें अदालत में पेश किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि, कुछ दिन पहले बालीगंज में हुए एक उपद्रव मामले के मुख्य आरोपित सोना पप्पू को पुलिस अब तक गिरफ्तार नहीं कर सकी है। इस मामले में पहले भी एक भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी से पूछताछ की गई थी। रविवार को जांच एजेंसी ने शांतनु विश्वास के फर्न रोड स्थित आवास पर तलाशी अभियान चलाया था। जांच एजेंसी का दावा है कि उस समय शांतनु घर पर मौजूद नहीं थे, जबकि उनके एक पुत्र ने मीडिया से कहा था कि अधिकारियों ने उनके पिता से पूछताछ की थी।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह ( *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह. 9334331934, 9570107019, RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902